सुप्रभात
रांची, गुरुवार
03.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

www.dailykhabarmantra.com कार्तिक, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 110

12 अनोखा निकाह : ढाई फीट के अजीम की हुई 3 फीट की बुशरा




## न्यूज डायरी

### घाटी में लश्कर कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराया। मारे गये आतंकियों में एक विदेशी और एक लश्कर का स्थानीय कमांडर मुख्तार भट है। वह सीआरपीएफ व आरपीएफ के तीन जवानों हत्या समेत कई आतंकी वारदातों में शामिल था। तीसरे की पहचान की जा रही है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आ कर युवक की मौत

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र के मदनगुंडी पंचायत के करौजिया में बुधवार देर शाम ट्रैक्टर के हल में फंसने से संजीत यादव (16) पिता दशरथ यादव की मौत हो गयी। युवक गांव के ब्रह्मदेव यादव के ट्रैक्टर से अपने आलू खेत में हल चला रहा था। हल का नट ढीला था। उसे टाइट कर ट्रैक्टर पर चढ़ने की कोशिश में वह फंस गया। अंधेरा होने के कारण चालक को दिखा और उसकी मौत हो गयी।

### सब्जी विक्रेता की गला रेत कर हत्या

**जामताड़ा।** सब्जी बेच कर वापस घर लौट रहे एक व्यक्ति की गला रेत कर हत्या कर दी गयी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी है। वारदात मिहिजाम थाना क्षेत्र के बड़वा डंगाल की है। आसपास के लोगों ने सब्जी विक्रेता की पहचान की। बाद में परिजनों और पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### भाजपा ने कहा- जैसी करनी वैसी ही भरनी

**रांची।** सीएमको इडी समन भेजे जाने के बाद राज्य में राजनीति गरमा गयी है। भाजपा ने इसे जैसी करनी वैसी भरनी करार दिया है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा है कि इसके पीछे भाजपा का कोई भी हाथ नहीं है। जिन –जिन राज्यों में कांग्रेस और कांग्रेस के सहयोग से सरकार चल रही है उस राज्य का यही हाल होता है। इससे पहले मधु कोड़ा के शासनकाल में भी कुछ इसी तरह से हुआ था और आज झारखंड उसी चौराहे पर खड़ा है।

### कांग्रेस डूबता जहाज, अब कोई भविष्य नहीं : शाह

हमीरपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस एक डूबता जहाज है ,जिसका राजनीतिक रूप से कोई भविष्य नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस भारतीय राजनीति से बाहर हो जायेगी।

### संयुक्त सैन्य अभ्यास से बौखलाये किम जोंग

**प्योंगयांग।** कोरिया प्रायद्वीप पर तनाव अचानक बढ़ गया है। एक ओर दक्षिण कोरिया और अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर उत्तर कोरिया लगातार मिसाइलें दाग रहा है। दक्षिण कोरिया का कहना है कि उत्तर कोरिया ने बुधवार को सात घंटों के भीतर कम से कम 23 बैलिस्टिक और दूसरी मिसाइलें दागी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 47,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 60,000 रु./प्रति किलो |

# इडी से डर नहीं, लड़ेंगे और जीतेंगे: हेमंत

## विपक्ष के अनुरोध पर चल रही इडी कार्रवाई, जनता देगी माकूल जवाब

## राज्यपाल पर निशाना, कहा-दबा के बैठे हैं एटम बम का लिफाफा

## आज छत्तीसगढ़ जायेंगे मुख्यमंत्री हेमंत, 15 तक का कार्यक्रम जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग और अवैध खनन मामले में ईडी द्वारा समन जारी करके पूछताछ के लिए बुलाने पर सीएम हेमंत सोरेन ने साहिबगंज में बुधवार को अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा, हमें इडी ने बुधवार को बुलाया है, लेकिन हम घबराते नहीं हैं। पूर्वजों ने हमें लड़ना सिखाया है और जंग जीतेंगे भी। विपक्ष के अनुरोध पर इडी की कार्रवाई चल रही है। जब राजनीतिक रूप से ये नहीं सके, तो संवैधानिक हथियार से परेशान करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा साहिबगंज में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उन्होंने विपक्ष पर षड्यंत्र का आरोप लगाया। सीएम श्री सोरेन ने कहा कि दरअसल वे लोग दिखाना चाहते हैं कि इडी कितनी ताकतवर है। वो सोनिया गांधी, राहुल गांधी को बुला सकती है, तो एक आदिवासी मुख्यमंत्री को भी पूछताछ के लिए तलब कर सकती है। कोई बात नहीं। इसका जवाब भी यहां के नौजवान-किसान-महिलाएं देंगे। ये सब मिलीभगत है। सब षड्यंत्र रच रहा है। उन्हें राज्य की एक-एक जनता जवाब देगी। इडी ने सीएम हेमंत सोरेन को समन जारी करके 3 नवंबर को रांची स्थित जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। पंकज मिश्र और प्रेमप्रकाश से जुड़े कई मामले में इडी उनसे पूछताछ करना चाहती है। हालांकि श्री सोरेन तीन को छत्तीसगढ़ विश्व आदिवासी सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं।

### राज्यपाल पर की कड़ी टिप्पणी

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल रमेश बैस के एटम बम वाले बयान पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल बीते 2-3 महीने से एटम बम का लिफाफा लेकर घूम रहे हैं। लिफाफा तो उनसे खुल नहीं रहा है। अलबत्ता मुंह से बम फोड़ रहे हैं। विपक्ष के लोग सोचते हैं कि हमारी पहचान और छवि को धूमिल कर देंगे। विपक्ष के कहने से हमारी छवि धूमिल हो गयी, तो फिर हो गया। कहानी खत्म। ये सब मिलीभगत है। सब षड्यंत्र रच रहा है। इन षड्यंत्रकारियों का जवाब राज्य की एक-एक जनता देगी। राज्य की जनता सब देख रही है। षडयंत्रकारियों के मंसूबे क भी सफल नहीं होंगे।

(शेष पेज 11 पर)



**साहिबगंज में सीएम ने दी करोड़ों की सौगात**

सीएम हेमंत सोरेन साहिबगंज में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 104 करोड़ 81 लाख की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित भी किया। (विस्तार से पेज 2 पर)

### 10 को कैबिनेट, 11 को विस का विशेष सत्र

**समन** के बीच सियासी हलचल के बीच सरकार ने बड़ी घोषणा की है। सीएम सचिवालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक 11 को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जायेगा। इस विशेष सत्र में 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति लागू करने संबंधी विधेयक को पारित किया जायेगा। ओबीसी आरक्षण संबंधी विधेयक भी पारित किया जा सकता है। 10 को कैबिनेट की बैठक भी होगी। मालूम हो कि 14 सितंबर को हेमंत कैबिनेट ने 1932 के खतियान पर स्थानीयता निर्धारित करने का प्रस्ताव पास किया था। सरकार का प्रयास होगा कि झारखंड में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण वृद्धि तथा 1932 अथवा उसके पूर्व के सर्वे खतियान के आधार पर स्थानीयता विधेयक विधानसभा के विशेष सत्र में पारित हो। मालूम हो कि हेमंत कैबिनेट ने हाल में ही स्थानीय नीति संबंधित विधेयक को पारित किया था इसी बैठक में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का भी निर्णय लिया था।

### इडी दफ्तर की सुरक्षा में सीआरपीएफ तैनात

#### दिल्ली से रांची पहुंचे इडी के संयुक्त निदेशक कपिल राज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** समन के बाद सीएम से पूछताछ के लिए दिल्ली से इडी के संयुक्त निदेशक कपिल राज बुधवार को रांची पहुंचे। एजेंसी ने विशेष संदेशवाहक के जरिए समन भेजा है। संभावना है समन के विरुद्ध सीएम कोर्ट जा सकते हैं। विधि विशेषज्ञों की सलाह ले रहे हैं इडी ने पुलिस मुख्यालय को भी पत्र लिखकर ईडी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय की सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया है। इसकी प्रतिलिपि सीआरपीएफ मुख्यालय को भी भेजी गयी। एजेंसी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय की सुरक्षा में सीआरपीएफ के जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया है। इडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगर पहले समन पर सीएम उपस्थित नहीं होंगे तो उन्हें फिर समन करेगी। तीन समन के बाद भी उपस्थित नहीं होने पर कानून सम्मत कार्रवाई संभव है। अवैध खनन मामले से जुड़े कुछ और नौकरशाहों की मुश्किलें बढ़ने की आशंका है। कई नौकरशाहों को भी पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

### सीएम आज अदिवासी नृत्य महोत्सव में भाग लेने रायपुर जायेंगे

ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को तीन नवंबर को खनन मामले में पूछताछ के लिए अपने कार्यालय आने का समन जारी किया है। इसके बाद कई तरह के राजनीतिक कयास लगाये जाने लगे। सीएम हेमंत सोरेन के मीडिया सेल की तरफ से उनका 15 नवंबर तक का शिड्यूल जारी किया गया है। शिड्यूल में इस बात का उल्लेख है कि तीन नवंबर इडी ने जिस दिन उन्हें बुलाया है, उस दिन छत्तीसगढ़ के प्रवास पर हैं। वहां आदिवासी नृत्य महोत्सव में उपस्थित होकर आदिवासी परंपराओं को प्रोत्साहित करेंगे। आगे के 12 दिनों की भी शिड्यूल जारी की गयी है। चार से सात तक क्रमशः पलामू, रामगढ़ और जमशेदपुर में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेंगे। 8 नवंबर को बोकारो के लुगुबुरू घंटाबाड़ी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सरना महासम्मेलन में शामिल होंगे। 9 को पाकुड़ में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान दुमका की मसलिया सिंचाई परियोजना का शिलान्यास करेंगे। 10 को कैबिनेट की बैठक में रहेंगे। 11 को विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेंगे। 12 को सरायकेला खरसावां में कार्यक्रम में भाग लेंगे। 14 नवंबर को स्थापना दिवस समारोह की समीक्षा करेंगे और 15 को राज्य स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित रहेंगे।

## राज्य स्थापना दिवस की मुख्य अतिथि होंगी राष्ट्रपति मुर्मू

### निमंत्रण स्वीकार करने पर सीएम ने जताया आभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। झारखंड सरकार के भेजे निमंत्रण को उन्होंने स्वीकार कर लिया है। सोशल मीडिया ट्विटर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर बताया है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर आयोजित स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रपति मुख्य अतिथि होंगी। उन्होंने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इसके लिए उनका अनेकानेक धन्यवाद। मुख्यमंत्री ने वीर शहीदों की धरती पर राष्ट्रपति के आगमन का स्वागत किया है। राष्ट्रपति रांची में झारखंड



स्थापना दिवस मुख्य कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। **उलिहातू भी जा सकती हैं :** राष्ट्रपति के खूंटी में धरती आबा की जन्मस्थली उलिहातु जाने की भी संभावना है। (शेष पेज 11 पर)

### केंद्र सरकार ने उर्वरकों के लिए 51875 करोड़ रुपये की दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वर्ष 2022–23 के रबी सीजन के लिए पोषक तत्व आधारित उर्वरकों के लिए 51875 करोड़ रुपये के सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बुधवार को यहां हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में नाईट्रोजन , फास्फोरस , पोटाश और सल्फर उर्वरकों के लिए सब्सिडी की स्वीकृति दी गयी। उर्वरक मंत्रालय ने इस आशय का प्रस्ताव किया था। सरकार के इस निर्णय से किसानों को आसानी से उचित कीमत पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा जिससे कृषि क्षेत्र को फायदा होगा ।

## समन के खिलाफ पांच को यूपीए का राज्यभर में प्रदर्शन

### सीएम आवास पर बैठक में बनी रणनीति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय( इडी) के एक्शन से राजनीति में गहमागहमी हो गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी समन के बाद मुख्यमंत्री आवास में यूपीए की बैठक में भी रणनीति तय की गयी। घंटों चली बैठक में यहा फैसला लिया गया कि 5 नवंबर को सभी जिला मुख्यालय पर यूपीए का धरना प्रदर्शन होगा। बैठक में विधायक सीता सोरेन, मथुरा महतो, उमाशंकर अकेला, रामदास सोरेन, सविता महतो, अनूप सिंह, शिल्पी



नेहा तिर्की, बैद्यनाथ राम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, परिवहन मंत्री चंपई सोरेन, खेलमंत्री हफीजुल, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य, मनोज पांडे और विनोद पांडे समेत कई मंत्री विधायक शामिल थे। बैठक समाप्त होने के बाद सीएम आवास से बाहर निकले विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि 11 नवंबर को विधानसभा के विशेष सत्र में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी को 27% आरक्षण का बिल पास करायेगी। वहीं मंत्री मिथलेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा साजिश के तहत राज्य सरकार को परेशान कर रही है। बैठक में जाते समय पाटी नेता विनोद पांडे ने कहा कि यह सुनने में आ रही है कि लोगों में जो आक्रोश है और पार्टी की कार्यकर्ताओं की जो भावना है वह स्वतः राजधानी पहुंच रहे हैं। यह सूचना हमें है, हम देखते हैं कि आगे क्या किया जाना चाहिए।

(शेष पेज 11 पर)

## टी-20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में भारत की जगह पक्की

### बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में 5 रन से हराया

**एजेंसी**

**एडिलेड।** टी-20 वर्ल्ड कप में बुधवार को एक सांस रोक देने वाले अहम मुकाबले में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 5 रन से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया सेमीफाइनल के बिल्कुल करीब पहुंच गयी है। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब उल हसन ने टॉस जीता और टीम इंडिया को पहले बैटिंग का न्योता दिया। लोकेश राहुल, विराट कोहली की हाफ सेंचुरी और सूर्या के कैमियो की मदद से भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 184 रन बनाये। जवाब में बांग्लादेश के ओपनर लिटन दास ने जबरदस्त शुरूआत की। बारिश शुरू होने के पहले बांग्लादेश ने 7 ओवर में 66 रन बनाये थे और उसका कोई विकेट नहीं गिरा था। बहरहाल, बारिश



रुकने के बाद बांग्लादेश को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 16 ओवर में 151 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। यहीं से रोहित की टीम ने खेल पलट दिया और बांग्लादेश हार गयी। बांग्लागेशी टीम 16 ओवर में 146 रन ही बना सकी। (शेष पेज 11 पर)

### आखिरी दो ओवरों का रोमांच

बांग्लादेश को आखिरी 12 गेंदों में 31 रन की जरूरत थी। 15वें ओवर में तस्कीन अहमद ने हार्दिक को चौका और छक्का लगाते हुए मैच में रोमांच ला दिया। लेकिन जीत दिलाने में नाकाम रहे। उसे आखिरी 6 गेंदों में 20 रन बनाने थे, जबकि अर्शदीप सिंह के हाथों में गेंद थी। नुरुल हसन ने दूसरी गेंद पर छक्का लगाया तो मैच का रोमांचक चरम पर चला गया। 5वीं गेंद पर फिर चौका जड़ा तो जीत का अंतर 7 रन रह गया। अब उसे आखिरी गेंद पर जीत के लिए 7 रन चाहिए थे। अर्शदीप सिंह ने जबरदस्त बॉल की और नुरुल छक्का नहीं लगा सके। भारत के लिए हार्दिक पंड्या और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट झटके, जबकि एक विकेट मोहम्मद शमी के नाम रहा।

## चुनाव आयोग ने देवघर डीसी को हटाने का दिया निर्देश

### राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चुनाव आयोग ने देवघर के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को फिर हटाने के निर्देश दिया है। इसका आदेश जारी कर दिया गया है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग की अवर सचिव दीपमाला ने आदेश जारी करते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को चिट्ठी भेजी है। वहीं, दूसरी ओर गोड्डा के भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दूबे ने भी इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से साझा किया है। उन्होंने लिखा है, देवघर जिला में वोटर लिस्ट के रिवीजन में वर्तमान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को हटाने का आदेश। उपायुक्त के खिलाफा देवघर जिले की मतदाता सूची को अद्यनत करने की प्रक्रिया को लेकर शिकायत की गई थी। इसके मद्देनजर चुनाव आयोग ने यह निर्देश दिया है। मालूम हो कि इससे पहले भी मधुपुर उप चुनाव में मतपत्रों की गिनती को लेकर चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को हटाने का निर्देश दिया है। इसके बाद सरकार ने नैंसी सहाय को उपायुक्त बनाया था। (शेष पेज 11 पर)

## खबर एक नजर में

### आज राज्यपाल से मिलेंगे सुदेश कुमार महतो

रांची। झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो गुरुवार को राज्यपाल से मिलकर नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर अपनी बात रखेंगे। राज्यपाल से गुरुवार को दोपहर 2:00 बजे मिलने का समय तय है। यह जानकारी आजसू पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने दी।

### कॉमर्शियल माइनिंग के लिए कोयला खदानों की नीलामी आज से

रांची। कोयला मंत्रालय गुरुवार को कोयले की बिक्री के लिए कोयला खदानों की नीलामी के छठे चरण की शुरुआत करेगा। लिग्नाइट खदानों सहित कोयला खदानें सीएमएसपी और एमएमडीआर, पूरी तरह से खोजी गई और आंशिक रूप से खोजी गई कोकिंग, गैर–कोकिंग आदि का मिश्रण हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन मुख्य अतिथि होंगी। वह नीलामी के अगले चरण की शुरुआत करेंगी। केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और कोयला, खान और रेल राज्य मंत्री श्री रावसाहेब पाटिल दानवे इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। निविदा दस्तावेज की बिक्री 3 नवंबर, 2022 से शुरू होगी। खदानों, नीलामी की शर्तों, समय–सीमा आदि का विवरण एमएसटीसी ऑक्शन प्लेटफार्म पर देखा जा सकता है। यह नीलामी प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी के आधार पर दो चरणों की एक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

### रिम्स डेंटल इंस्टीट्यूट में ट्यूटर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर दायर याचिका पर हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

रांची। रिम्स के डेंटल इंस्टीट्यूट में होने वाली ट्यूटर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. रविरंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने की। कोर्ट ने कहा कि रिम्स डेंटल इंस्टीट्यूट में ट्यूटर की तीन वर्षों की नियुक्ति को लेकर जो भी आदेश पारित होगा, वह झारखंड हाइकोर्ट के आदेश से प्रभावित होगी। प्रार्थी डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिन्हा की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन ने बताया कि डेंटल इंस्टीट्यूट में ट्यूटर के पद पर सिर्फ तीन वर्ष के लिए नियुक्ति किया जाना डेंटल काउंसिल के प्रावधानों का उल्लंघन है। इसलिए रिम्स के इस नियमावली को रद्द कर देना चाहिए। मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 नवंबर की तिथि मुकर्रर की गई है। इस दिन प्रार्थी और रिम्स के अधिवक्ता अपना–अपना पक्ष कोर्ट के समक्ष रखेंगे।

## मुख्यमंत्री ने साहिबगंज में 23 योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

# बरहेट थाना को नये भवन की सौगात, 30 लाख किसानों को प्रति किसान ₹3500 सहायता राशि

**किसानों और श्रमिकों के निबंधन के लिए लगेगा विशेष शिविर**

**पोर्टल के माध्यम से कार्यक्रम की प्रतिदिन हो रही मॉनिटरिंग**

### सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में प्राप्त 2 लाख आवेदनों में से 1 लाख 25 हजार आवेदन स्वीकृत




खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/साहिबगंज। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का लक्ष्य जनहित की योजनाओं को जनता दरवाजे तक पहुंचाना है। श्री सोरेन बुधवार को पुलिस लाइन मैदान में सभा को संबोधित कर रहे थे। इसे मिशन मोड में चलाया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक लोगों को त्वरित रूप से लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि आप सभी से आग्रह है कि जहां भी शिविर लगे, वहां अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित अवश्य करें। जिससे ससमय आपको योजनाओं से लाभान्वित कराया जा सके।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 35 लाख आवेदनों में 99 प्रतिशत लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ। वहीं इस बार 15 दिन में 21 लाख से ज्यादा आवेदन सरकार को प्राप्त हो चुके हैं। जिनका संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण किया जा रहा है। सुदूरवर्ती इलाकों तक इस योजना को पहुंचाने के लिए सरकार के पदाधिकारी आपके पास पहुंच कर आपको योजनाओं से लाभान्वित कराने का कार्य कर रहे हैं। जिन समस्याओं का समाधान यहां नहीं हो पाता, उसे मुख्यालय भेजा जा रहा है। जिस पर वरीय पादधिकारी विचार कर निष्पादित करने का कार्य कर रहे हैं। वहीं पोर्टल के माध्यम से इस कार्यक्रम की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है।

#### सुखाड़ की समस्या से लड़ने के लिए सरकार आपके साथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सुखाड़ घोषित कर दिया गया है। इसके तहत 30 लाख किसानों को सरकार 3500 रुपये के हिसाब से प्रति किसान सहायता राशि देने के लिए योजना बना कर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आपकी सहायता के लिए संकल्पित है। किसानों के लिए विभाग द्वारा पहचान पत्र बनवाये जा रहें हैं। जल्द ही इसके लिए विशेष शिविर लगाकर किसानों को निबंधित करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी योजना है कि हर खेत में 12 महीने पानी उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से 9 लाख बच्चियों को लाभान्वित करने की योजना है। इसमें लगभग 2 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1लाख 25 हजार आवेदन स्वीकृत भी कर लिये गए हैं। इन बच्चियों को योजना का लाभ भी मिलना आरंभ हो जायेगा। सरकार बुजुर्गों, विधवा, दिव्यांग एवं एकल महिला को सर्वजन पेंशन से जोड़ ही रही है। आदिवासी, पिछड़े आदि के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें सरकारी खर्चे पर विदेश पढ़ने के लिए भेजा जा रहा है। झारखंड के बेहतर भविष्य के निर्माण हेतु मॉर्डन स्कूल बनाये जा रहे हैं। कल्याण विभाग द्वारा बनाये गए आदिवासी छात्रावास का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 23 विभिन्न योजनाओं का उदघाटन-शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास, विशेष प्रमंडल के तहत पुल निर्माण, श्रम विभाग के तहत 2 मेकर लैब निर्माण, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभागए कार्य प्रमण्डल एवं कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग के तहत विभिन्न पथों का सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्य तथा झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा निर्मित बरहेट थाना के नए भवन का उदघाटन किया। उन्होंने 14 योजनाओं की आधारशिला भी रखी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 23 लाभुकों के बीच नियुक्ति पत्र एवं परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक लोबिन हेम्ब्रम, विधायक अनंत ओझा, जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू, सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे, संथाल परगना के डीआईजी सुदर्शन कुमार मंडल, डीसी रामनिवास यादव और एसपी अनुरंजन किस्पोट्आ समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

DAV ALOK PUBLIC SCHOOL
Pundag, Ranchi-04
Affiliated to CBSE +2, New Delhi
Email : infodavalok@gmail.com
7033073440, 7782075070
WALK-IN-INTERVIEW
on date 06.11.2022 (Sunday)
(08:00am onward)
PGT : Math, Eng., Chem. & Computer
E.Q. : P.G. with B.Ed
Head Mistress / Master (For Branch School) : E.Q. : Experienced Graduate / Post Graduate.
PRT (For Branch School Also) : English, (Hin. + Sans.), Sc., Computer & Music Teacher. E.Q. : Graduate in Relevant Subject
Accountant cum Clerk : E.Q. : Good in Computer.
Driver for School Bus.
For Outsiders, Accommodation can be Provided.

### मनरेगा घोटाले पर इडी ने मांगी रिपोर्ट

रांची। प्रवर्तन निदेशालय ने मनरेगा में ₹100 करोड़ से अधिक के घोटाले पर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव से रिपोर्ट मांगी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आयी है कि सामग्री की खरीदारी में बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है। इसे लेकर ईडी को शिकायत मिली थी। ईडी ने कहा है कि इस मामले में कोई और व्यक्ति, जिनकी भूमिका बड़ी है तो उनके बारे में पूरी जानकारी दी जाये।

### रघुवर सरकार में हुए भ्रष्टाचार की भी इडी जांच करे : सरयू

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी से समन भेजे जाने के बाद विधायक सरयू राय ने एक बार फिर पूर्व सीएम रघुवर दास से भी पूछताछ करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि ज्यादा रघुवर सरकार के समय में भ्रष्टाचार हुआ था। ईडी ने झारखंड के भ्रष्टाचार के मामले में दो चार्जशीट कोर्ट में दाखिल किया है। दोनों चार्जशीट बताते हैं कि भ्रष्टाचार और अवैध कमाई 2020-2022 से ज्यादा 2015-2019 के बीच हुई। उस समय रघुवर दास की सरकार थी। उन्होंने कहा कि पूजा सिंघल मामले में तो पूरी काली कमाई 2013-19 के बीच हुई है। जबकि पंकज मिश्रा मामले में पीरपैंती से बिना चालान रेलवे रैक से दो तिहाई काली कमाई 2015-19 के बीच हुई है। ईडी थ्री आर, रघुवर, राजबाला और राकेश चौधरी से पूछताछ भी करे।

### सीएम के खिलाफ जारी समन सिर्फ एक साजिश : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झामुमो ने सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ जारी ईडी के समन को विपक्ष की साजिश बताया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अवैध खनन मामले में साजिश के तहत हेमंत सरकार को अस्थिर किया जा रहा है। माइनिंग लीज मामले में भारत निर्वाचन आयोग के भेजे मंतव्य को पहले तो राज्यपाल तीन माह तक सार्वजनिक नहीं करते, फिर कहते हैं कि वे आयोग से सेकेंड ओपिनियन मांग रहे हैं। साफ है कि आयोग स्वायत नहीं रह गया है। अगर रहता तो आज यह स्थिति नहीं बनती। उन्होंने कहा कि झामुमो कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। बहुत जल्द साजिश करने वाले उसी तेवर को देखेंगे, जो चार दशक तक झारखंड आंदोलन को लेकर देखने को मिला था। कार्यकर्ता अब सड़क से सदन तक नजर आएंगे। हम इतनी जल्दी हार मानने वालों में से नहीं हैं। हम बताएंगे कि उन्होंने गलत नंबर डायल किया है। उन्होंने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। जब सुप्रियो से पूछा गया कि पंकज मिश्रा, दाहु यादव, प्रेम प्रकाश के साथ क्या मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कोई संबंध है।

इसपर उन्होने कहा कि पंकज मिश्रा को छोड़कर हम किसी को नहीं जानते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को नहीं अपने कार्यकारी अध्यक्ष और सरकार को डिफेंड कर रहा हूं। क्योंकि चुनाव में जनादेश झामुमो को मिला है।

**सभी जानते हैं कि सेकेंड ओपिनियन किसके इशारे पर लिया गया** : राज्यपाल पर निशाना साधते हुए झामुमो नेता ने कहा कि वे चुनाव आयोग के मंतव्य को सार्वजनिक तो नहीं किये। हां, रांची से दूर और नागपुर के पास रायपुर में जाकर बोलते हैं कि वे चुनाव आयोग से सेंकेंड ओपिनियन ले रहे हैं। सभी जानते हैं कि सेंकेड ओपनियन किसके इशारे पर लिया गया है।

कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी

अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु विभागीय राज्यादेश संख्या–10, दिनांक 21.06.2022 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकाश एवं जीर्णोधार योजना अंतर्गत खूँटी जिला के जलाशयों में अधिष्ठापित केजो एवं पुराने RFF में उपयुक्त मत्स्य बीजों के संचयन का लक्ष्य खूँटी जिला को प्राप्त है। जिसके आलोक में पंगेशियस/GIFT तिलापिया/अन्य उपयुक्त बीज जैसे अमूर कार्प, पेंगवा इत्यादि के अंगुलिकाओं के कय एवं आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकात्ताओं से इच्छा की अभिव्यक्ति दिनांक 12.11.2022 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता को अपने निजी खर्च पर स्वस्थ्य एवं जीवित अवस्था में अच्छे गुणवता वाले पंगाशियस GIFT तिलापिया/अन्य उपयुक्त बीज जैसे अमूर कार्प, पेंगवा आदि का संचयन स्थल तक पहुँचाकर करना होगा। MST/GIFT तिलापिया मत्स्य बीज हेतु certified मत्स्य बीज आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी एवं कम से कम 15 दिनों की उत्तरजीवित्ता जाँच कर संतुष्ट होने के उपरांत ही भुगतान की जाएगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
खूँटी।

PR 281191 Fish(22-23)#D

STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND
Government of Jharkhand

e-procurement Notice inviting BID

Ref No: SHAJ/PROC/CW/Kariyatpur-Tilaiya/2022 Date:01.11.2022

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites BID for **"Reconstruction of Kariyatpur Harizan School to Bhojedih 4 lane road via Vijya Tilaiya Dam (Total Length-27.150 km.)."** The approximate cost of the work is Rs. 94.16 crore (Approx).
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Bid document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **03.11.2022 (15:00 hrs) to 30.11.2022 (15:00 hrs).** The complete BID Application shall be submitted online by **30.11.2022 (upto 15:00 hrs)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in. All the details regarding this BID will be available on the above mentioned website.
3. The contractors are required to submit non-refundable document fee of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) in the form of Demand Draft in favour of "State Highways Authority of Jharkhand Fund" payable at Ranchi & **Bid Security** of Rs.94.16 lacs (Rs. Ninety four lakh sixteen thousand) only in the form of Bank Guarantee from a Schedule Commercial Bank as per prescribed format. The document fee & Bid Security should be submitted to the office of undersigned latest by **01.12.2022 (upto 15:00 hrs).**
4. ***No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.***

Sd/-
Member (Technical)
State Highways Authority of Jharkhand
Ranchi
Deen Dayal Nagar
(Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)
Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,
E-mail: membertechnical.shaj2@gmail.com

PR 281146 (State Highway Authority of Jharkhand) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार कारा निरीक्षणालय
बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची
ई0–निविदा सूचना

1. कारा का नाम :– बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची।
2. विषय :– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलु, हरी सब्जी, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के निमित्त ई–निविदा का आमंत्रण।
(प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.01.2023 से 31.03.2023 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य–(Non Refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक, बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है :–
(i) रू0 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
(ii) रू0 10.00 लाख से 50 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित निविदा हेतु – रू0 5,000.00 (पाँचहजार रूपये) मात्र।
(iii) रू0 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4. Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि–15-11-2022 को पूर्वाह 10:00 बजे से 21-11-2022 के अपराह 5:00 बजे तक।
5. Online निविदा जमा करने की तिथि–15-11-2022 को पूर्वाह 10:00 बजे से 21-11-2022 के अपराह 5:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6. Tender Fee, EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) (प्रत्येक सामग्रियों का कम से कम 500 ग्राम) दिनांक–22-11-2022 को पूर्वाह 10:00 बजे से अपराह 5:00 बजे तक कार्यावधि में कारा कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान–**24-11-2022** को पूर्वाह्न **12:00** बजे, अधीक्षक, बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची के कार्यालय में, अपर समाहर्ता (विधि–व्यवस्था) की उपस्थिति में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा Website-jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त Website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9546188599 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची।

PR 281197 Prison(22-23)D

### पीएम आवास योजना ग्रामीण के आवास प्लस में निबंधित परिवारों को मिले लाभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस में निबंधित परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री के पत्र के माध्यम से कहा है कि आवास प्लस अन्तर्गत झारखण्ड के लिए सूचीब 10,35,895 परिवारों में से वित्त वर्ष 2021-22 में मात्र 4,03,504 इकाई का भौतिक लक्ष्य दिया गया था। अभी भी 6,32,391 योग्य परिवारों को आवास का लाभ नहीं मिल सका है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा भी आवास प्लस में निबंधित परिवारों में से 2,03,061 परिवारों को सूची से हटाया गया है। इनमें से अधिकतम परिवार ऐसे हैं जो आवास की पात्रता रखते हैं। पूर्व की सरकार में त्रुटिपूर्ण इंट्री करने के कारण इन परिवारों को आवास से वंचित होना पड़ा। मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया कि आवास प्लस योजना के अन्तर्गत झारखंड राज्य के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में 6,32,391 का भौतिक लक्ष्य आवंटित किया जाय। वहीं आवास प्लस से हटाये गये 2,03,061 परिवारों को जांच के बाद सत्यापन करने की सुविधा दी जाये।

**मुख्यमंत्री ने आभार भी जताया** : मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना 2011 के आंकड़ों के आधार पर तैयार प्राथमिकता सूची में छूटे हुए योग्य लाभुकों को जोड़ने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आवास प्लस एप्प विकसित किया गया था। इस एप्प में निबंधित परिवारों में से निर्धारित समयावधि में जियो टैग नहीं होने के कारण आवास से वंचित 1.53,814 परिवारों का जियो टैग करने की सुविधा देने के लिए राज्यवासियों की ओर से आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं। आवास प्लस में डुप्लीकेट जॉब कार्ड इन्ट्री से संबंधित 41,461 परिवारों के जॉब कार्ड में सुधार का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए भी आभार।

### नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें मुख्यमंत्री : संजय सेठ

रांची। भाजपा सांसद संजय सेठ ने कहा है कि भारतीय राजनैतिक इतिहास में संभवत यह पहली घटना है, जब किसी मुख्यमंत्री को किसी एजेंसी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। उन्होंने कहा कि नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री को अविलंब इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि मुख्यमंत्री के आसपास के लोग भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं। मतलब साफ है कि राज्य में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। मधु कोड़ा के शासनकाल से भी बड़ा घोटाला और भ्रष्टाचार झामुमो के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में हुआ है। मुख्यमंत्री ने निष्ठा, सुचिता और नैतिकता के साथ जिस संविधान की शपथ ली है। यह उस संविधान का अपमान है।

### राज्य में लूट खसोट जारी, इस्तीफा दें सीएम : रघुवर दास

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने खनन घोटाले मामले में ईडी ने सीएम हेमन्त सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाने पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि जल, जंगल, जमीन के नाम पर सत्ता पानेवाली हेमंत सरकार ने इनका ही सौदा करना शुरू कर दिया। जब भी हेमंत सरकार सत्ता में आयी है, अखबार बालू-पत्थर की लूट, ट्रांसफर-पोस्टिंग में वसूली जैसी खबरों से भरे रहते हैं। फरवरी में उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस कर इन मुद्दों को पुख्ता सबूत के साथ सामने रखा था। अब जांच में भी सारे तथ्य सामने आ रहे हैं। आज राज्य की परिस्थिति के लिए सीएम जिम्मेवार हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन को इडी का समन जारी होते ही राजनीतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप तेज

# राजनीतिक भंवर में धंसती झारखंड की 'पॉलिटिक्स'

उदय चौहान

रांची। झारखंड में अब फिर से राजनीतिक भंवर सक्रिय हो गया है। इस राजनीतिक भंवर में सीएम हेमंत सोरेन व उनकी सरकार के धंसने का अंदेशा है। वहीं, झामुमो के आक्रामक तेवर से पूरे राज्य में विपक्षी दलों से टकराव की आशंकायें भी बढ़ गयी हैं। सीएम ने भी ईडी के समन पर उसके कार्यालय में नहीं जाने की बात कह कर राजनीतिक हवा को गर्म कर दिया है। मामले को लेकर झारखंड की राजनीति तेज है। सीएम आवास में यूपीए की बैठक बुलायी गयी तो दूसरी तरफ राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गयी।

#### सोशल मीडिया पर जमकर हो रहे हैं ट्वीटवार



भाजपा अपने शीर्ष नेताओं से राज्य की ताजा स्थिति पर विमर्श कर आगे की रणनीति बनाने में जुट गयी है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने भी इस मामले पर एक के बाद एक कई ट्वीट किये हैं। उन्होंने कहा कि सीएम को समझना होगा कि जनादेश लूट का लाइसेंस नहीं होता। लूट के पाप को वोट से कवर नहीं किया जा सकता है। बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट किया है कि झारखंड कीर्तिमान बनाने वालों का प्रदेश है। हेमंत सोरेन देश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री बनेंगे जो घपले–घोटाले और लूट के आरोप में मुख्यमंत्री पद पर रहते ईडी के यहां पूछताछ के लिए पेश होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह नया भारत है। इस भारत में भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं होगा। जांच कर रही एजेंसियों के काम करने का अपना तरीका होता है। आप कितने भी ऊपर क्यों ना हों कानून के हाथ लंबे हैं। वो आपको नहीं छोड़ेंगे। जांच एजेंसियों को सीएम के खिलाफ कई साक्ष्य मिले हैं।



वहीं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने ट्वीट कर कहा कि सच कभी छिपता नहीं है। जल, जंगल, जमीन के नाम पर सत्ता पानेवाली हेमंत सरकार ने इनका ही सौदा करना शुरू कर दिया। महागठबंधन में प्राकृतिक संसाधनों की लूट मची हुई है। राज्य में अस्थिरता की स्थिति बन गयी है। चारों ओर अराजक माहौल उत्पन्न हो गया है।

*अब चाहे जो हो, पिछले दो माह से ऑफिस ऑफ प्रोफिट मामले में सीएम के खिलाफ ईसी के अनुशंसा पर राजभवन की चुप्पी से तुफान वाली खामोशी छायी हुई थी। अब, ईडी के समन से सत्ताधारी दलों के तेवर में एकबारगी उछाल आ गया है। झामुमो तो स्पष्ट रूप से प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा को पूरे प्रकरण के लिये साजिशकर्ता बता रही है। साथ ही, भाजपा के खिलाफ पुरजोर आंदोलन छेड़ने का दावा भी किया जा रहा है। इससे पूरे राज्य में टकराव और भीतरी–बाहरी की अफवाहजनित राजनीति को बढ़ावा मिल सकता है। देखना दिलचस्प होगा कि आगे राज्य की राजनीति किस करवट लेती है।*

### केंद्र सरकार गैर-भाजपा राज्यों में सरकार अस्थिर करने का कर रही साजिश : राजेश ठाकुर



सत्ताधारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार गैर-भाजपा राज्यों में सरकारों को अस्थिर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को अस्थिर करने की सारी योजना बनाई गई है, हेमंत सोरेन को बुलाना असामान्य नहीं है। ईडी को पहले मोरबी जाना चाहिये था।



झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लोकतांत्रिक राज्य सरकार को जनादेश को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। ईडी का नया स्वरूप सामने आया है। किस तरह अस्थिर किया जाये, इसकी परिकल्पना 2020 में रची गयी। यह कोरोना संक्रमण का साल था। केंद्र सरकार ने रोजगार छिना अब जब फुरसत मिल गयी है तो राज्य सरकार को अस्थिर करने में लगे हैं। झामुमो पुराने तेवर में पूरे राज्य में आंदोलन करेंगा।

इसके अलावा विभिन्न दलों के नेताओं ने सोशल मीडिया में सीएम को ईडी के समन किये जाने के मसले पर प्रतिक्रिया दी है। इसमें कई तो सीएम के साथ खड़े दिखते हैं। वहीं, भाजपा व आजसू के नेता इसे भ्रष्टाचार रूपी पाप का घड़ा फुटने की बात कह रहे हैं।

# रोड प्रोजेक्ट अरुणांक के लिए 1,200 टन स्टील स्लैग की आपूर्ति करेगी टाटा स्टील

■ टाटा एग्रीटो और टाटा निर्माण की पहली खेप बीआरओ को रेलवे से भेजी

■ सड़कों के निर्माण के लिए नेचुरल एग्रीगेट्स के एवज में किया जाता है इस्तेमाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के स्लैग से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) अरुणांक प्रोजेक्ट के तहत अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा से सटी सड़क का निर्माण करेगी। टाटा स्टील की ओर से 1200 टन की पहली खेप टाटानगर रेलवे स्टेशन से रवाना की। 21 कोच वाली पहली रैक अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर जाएगी। इस अवसर पर टाटानगर रेलवे स्टेशन पर एक समारोह का आयोजन किया गया था।

टाटा एग्रीटो (ब्रांडेड स्टील स्लैग एग्रीगेट्स) के पहले रेक को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह द्वारा और भौतिक रूप से श्री उत्तम सिंह, वाइस प्रेसिडेंट आयरन मेकिंग, टाटा स्टील, श्री मनोरंजन परिदा, डायरेक्टर सीएसआईआर-सीआरआरआई, श्री राजेश कुमार, ईआईसी आईबीएमडी टाटा स्टील और सतीश पांडे, प्रिंसिपल साइंटिस्ट, सीआरआरआई, कर्नल नवीन कुमार साह, डायरेक्टर वर्क्स प्लानिंग, प्रोजेक्ट अरुणांक द्वारा, बीआरओ, टाटा स्टील, केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई), इस्पात मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारीयों की उपस्थिति में टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 से व्यक्तिगत रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डॉ वी के सारस्वत, सदस्य, नीति आयोग, डॉ. एन कलईसेल्वी, डायरेक्टर जनरल, सीएसआईआर, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी, महानिदेशक, बीआरओ भी समारोह के दौरान वर्चुअलरूपसे जुड़े हुए थे।



रेलवे रैक को झंडी दिखा कर रवाना करते अधिकारीगण।

उत्तम सिंह, वाइस प्रेसिडेंट आयरन मेकिंग, टाटा स्टील ने कहा, अब हम अरुणाचल प्रदेश में सड़कों के निर्माण के लिए बीआरओ को जो स्लैग भेज रहे हैं, वह इस बात का एक बेहतरीन उदाहरण है कि टाटा स्टील में सर्कुलर इकोनॉमी कैसे काम करती है। हम नई तकनीकों को अपनाकर और नए उत्पादों और एप्लीकेशंस को विकसित करके न्यूनतम इकोलॉजिकल फुटप्रिंट वाले सस्टेनेबल उत्पाद देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें यह जानकर खुशी हो रही है कि सीआरआरआई के सहयोग से अरुणांक डिवीजन के तहत सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) अरुणाचल प्रदेश में सड़कों का निर्माण करेगा और हमें राष्ट्र निर्माण के लिए इस अग्रणी पहल में भागीदार होने पर गर्व है।

## झारखंड और ओडिशा में एनएच निर्माण में टाटा एग्रीटो का हो चुका है इस्तेमाल

टाटा एग्रीटो का झारखंड और ओडिशा में राष्ट्रीय राजमार्गों, स्टेट हाईवेज, शहर और ग्रामीण सड़कों के निर्माण में व्यापक रूप से उपयोग किया गया है। एनएच 33 संसाधित स्टील स्लैग का उपयोग करके बना भारत का पहला राष्ट्रीय राजमार्ग है जहां एनएच 33 के लगभग 40 किमी से अधिक सेगमेंट का निर्माण एक मिलियन टन टाटा एग्रीटो का उपयोग करके किया गया है। सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों की मान्यता में, टाटा स्टील ने कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए हैं जिनमे विशेष रूप से 2020 और 2021 में सीआईआई 3फअवार्ड, फिक्की इंडियन सर्कुलर इकोनॉमी अवार्ड 2021, सीआईआई में मोस्ट इनोवेटिव प्रोजेक्ट अवार्ड, पर्यावरणीय सर्वोत्तम अभ्यासों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2022 उल्लेखनीय है। टाटा स्टील का इंडस्ट्रियल बाय-प्रोडक्ट्स मैनेजमेंट डिवीजन अरुणाचल प्रदेश में बीआरओ प्रोजेक्ट को 1200 टन प्रोसेस्ड स्टील स्लैग एग्रीगेट्स की आपूर्ति

### 2030 तक देश में होगा 60 मिलियन टन स्लैग का उत्पादन

देश की स्टील कंपनियां वर्तमान में प्रतिवर्ष 19.5 मिलियन टन स्लैग का उत्पादन करती है। 2030 तक यह आंकड़ा 60 मिलियन टन तक होगी। इसका निस्तारण भी पर्यावरण के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में केंद्र सरकार ने देश में ह्यवेस्ट टू वेल्थह्न योजना की शुरूआत की है। साइंस एंड टेक्नोलाजी एंड अर्थ सर्विसेज मंत्रालय की पहल पर काउंसिल आफ साइंटिफिक इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआइआर) व सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआइ) ने एक नई टेक्नोलाजी तैयार की है, जो स्लैग का इस्तेमाल सड़क निर्माण में गिट्टी के स्थान पर करेगी।

## स्पीड न्यूज

### अक्षय नवमी पर की गयी आंवला के पेड़ की पूजा

**जमशेदपुर।** शहर में टेल्को राम मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर आंवला पेड़ के नीचे पूजा करने के लिए भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु का प्रतीक आंवला पेड़ की पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने आंवला वृक्ष की पूजा की। आंवला पेड़ के पर जल चढ़ाये। फूल, हल्दी-चावल, कुमकुम, सिदूर और मौसमी फल चढ़ा कर पूजा कर भगवान से मन्नत मांगी। पूजा के बाद पेड़ की सात बार परिक्रमा की।

### चांडिल विस्थापित मुक्ति वाहिनी ने की बैठक

**चांडिल।** विस्थापित मुक्ति वाहिनी एवं बेरोजगार युवा विस्थापित संगठन ने अपनी मांगों को लेकर चांडिल डैम स्थित नौका विहार में बैठक की। इस बैठक में चांडिल डैम के विस्थापितों के रोजगार के संबंध में विचार विमर्श किया गया। विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त किया गया। श्यामल मार्डी ने कहा विस्थापित पुनर्वास नीति 2003 में बनाये गये प्रावधानों को आज तक लागू नहीं किया। मौके पर बेरोजगार युवा विस्थापित संगठन से विनय मुर्मू, मंगल माझी, शक्तिपद महतो, संतोष मांझी, वासुदेव आदित्य देव, श्यामल मार्डी, किरण वीर, भजन गोप, नारायण गोप, सनातन मांझी भी थे।

### बागजाता यूरेनियम की सड़क आठ घंटे जाम

**जादूगोड़ा।** यूसील की बागजाता यूरेनियम प्रोजेक्ट जाने वाली मुख्य सड़क बाकड़ा गांव के समक्ष आठ घंटे जाम रही। बाद में इसकी सूचना मुसाबनी थाना की भेजी गई। जिसके बाद दोपहर दो बजे जाम हटा व बी शिफ्ट पाली से मजदूर काम पर लौटे। बताया जाता है कि यूसील की ठेका कंपनी एके इंटर प्राइजेज का ठेका कर्मी भोगन कैवर्त की बीते 31 अक्टूबर को 60 साल पूरा होने पर सेवानिवृत्त कर दिया गया। जिसे लेकर बवाल बच गया। पीड़ित भोगेन कैवर्त का आरोप है कि ठेका कंपनी ए के इंटरप्राइजेज ने फर्जी तरीके से बी रजिस्टर में उम्र ज्यादा अंकित है जबकि आधार कार्ड में उम्र कम है। ऐसे में काम से बैठाना गलत है या उसकी जगह पर उसे पुत्र को नियोजित किया जाय। अंत में बिना फैसला के ही प्रशासन ने जाम हटाने में सफलता पाई। जाम हटने के बाद दोपहर दो बजे से मजदूर काम पर लौटे।

### क्षेत्रीय संगठन मंत्री से मिले सतीश सिंह



**जमशेदपुर।** मंगलवार को भाजयुमो जमशेदपुर के पूर्व महानगर अध्यक्ष सतीश सिंह ने रांची में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी से आत्मीय मुलाकात की। बातचीत के दौरान सतीश सिंह ने उनके समक्ष पूर्व एवं वर्तमान विषयों को अवगत कराते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु आग्रह किया। नागेंद्र जी ने सतीश सिंह की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कहा कि मैं जमशेदपुर जल्द आऊंगा और संगठन को सुदृढ़ और मजबूत बनाने हेतु हर मार्गदर्शन दूंगा।

### चांडिल श्री श्याम मंदिर में कल श्री श्याम जन्मोत्सव

**चांडिल।** चांडिल बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में श्री श्याम कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा श्री श्याम कला भवन चांडिल के द्वारा तीन नवम्बर गुरुवार को विशाल निशान सह सोभा यात्रा निकलेगी जो पुरे चांडिल नगर का भ्रमण करेगी जिसमें भाजपा नेता अभय सिंह अतिथि के रूप में शामिल होंगे। चार नवंबर को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, भाजपा सांसद संजय सेठ एवं विधायक सविता महतो के द्वारा श्री श्याम जन्मोत्सव का उदघाटन किया जायेगा। बाबा श्याम को 51 पुष्प से शृंगार किया जाएगा। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें बीकानेर, राजस्थान के प्रसिद्ध गायक प्रवेश शर्मा एवं मुंबई के इशरत जहां केडिया भजन प्रस्तुत करेंगे।

# टाटा स्टील में काम करने के कल्चर में बदलाव डॉ ईरानी की देन : टीवी नरेंद्रन

➲ सेंटर फॉर एक्सीलेंस में डॉ जेजे ईरानी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रुसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस परिसर में बुधवार की दोपहर टाटा स्टील के पूर्व एमडी डॉ जेजे ईरानी की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में टाटा स्टील के वर्तमान एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन ने कहा कि डॉ ईरानी एमडी से सेवानिवृत्त होने के बाद आम शहरी की तरह अपना जीवन जमशेदपुर में रहकर ही व्यतीत करने लगे। टाटा स्टील का कल्चर को उन्होंने चेंज किया और काम करने का कल्चर डेवलप किया। इसके बाद कंपनी ने दूसरों की सहायता के लिए हाथ बढ़ाया और शहर के विकास में ज्यादा ध्यान केंद्रित किया।





डॉ ईरानी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन। श्रद्धांजलि समारोह में उपस्थित श्रीमती रूचि नरेंद्रन, टाटा स्टील के सीइओ व एमडी टीवी नरेंद्रन, पूर्व एमडी बी मुत्थुरमण, श्रीमती मुत्थुरमण व अन्य।

श्रद्धांजलि सभा में टाटा स्टील के पदाधिकारी, जुस्को के पदाधिकारी, डॉ ईरानी के साथ काम करने वाले तथा उन्हें अच्छी तरह से पहचानने वाले लोगों ने शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौके पर गणमान्य लोगों ने उनके साथ बिताये गये पलों एवं उनके व्यवहार को याद किया।

अपने अनुभव को बांटते हुए टाटा स्टील के पूर्व एमडी बी मुथुरमण ने कहा कि उनका व्यवहार सभी के प्रति संतुलित था। उन्होंने कहा कि वे क्रिकेट प्रेमी थे तथा क्रिकेट खेलते भी थे। टाटा स्टील के फीडबैक बुक के बारे में कहा कि डॉ ईरानी अपने कर्मचारियों व पदाधिकारियों के व्यवहार व प्रमोशन को लेकर फीडबैक इसी बुक में मात्र दो चार शब्दों में लिखते थे। उन्होंने कहा कि जब वे स्वयं गुस्सा गए तो डॉ ईरानी को एक दस पन्ने का पत्र लिखा था। इस पत्र में उन्होंने पूरी भड़ास निकाली।

पत्र को पढ़ने के बाद डॉ ईरानी ने मुझे अपने घर में बुलाया तथा कहा कि गुस्सा काम को खराब करता है। इस पर नियंत्रण रखों तथा शांत मन से काम करो। इस श्रद्धांजलि सभा का संचालन टाटा स्टील कोरपोरेट सर्विसेज के वीपी चाणक्य चौधरी ने किया। कार्यक्रम में रुपा महंती, विजय मेहता, एके श्रीवास्तव, बीएन दीक्षित, रौशन दस्तूर, फिरदौस वांड्रेवाला, चैम्बर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका व ललिता सरीन ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## मानगो में दो दिवसीय 23वां श्याम जन्मोत्सव चार-पांच को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल मानगो द्वारा दो दिवसीय 23वां श्री श्री श्याम जन्मोत्सव 2022 का आयोजन 04-05 नवम्बर (शुक्रवार एवं शनिवार) को धुमधाम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम मानगो न्यू पुरूलिया रोड़ स्थित श्याम भवन में होगा। कोलकाता के विशेष कारीगरों द्वारा बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां जोर-शोर से अंतिम चरण पर चल रही हैं। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल, संयोजक सीमांत अग्रवाल, सचिव विजय खेमका ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रथम दिन शुक्रवार को देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर सुबह 09.15 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ और शाम को 04.15 बजे से श्री श्याम पाठ का सागार होगा। ज्योत प्रज्जवलन शाम को 08.15 बजे होने के बाद कोलकाता के विजय सोनी एण्ड टीम द्वारा रात्रि 09.15 बजे से भजनों की अमृत वर्षा की जायेगी। श्याम बाबा की इच्छा तक देर रात तक कार्यक्रम चलेगा। श्याम अखंड पाठ में लगभग 500 महिलाएं शामिल होगी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार दूसरे दिन शनिवार की सुबह 04.15 बजे मंगला आरती होगी। बारस का पूजन एवं भोग सुबह 11.15 बजे लगेगा। महाप्रसाद दोपहर 01.15 (सवा एक बजे) से शुभारंभ होगा।

## बैंककर्मियों को हर समय कार्य स्थल पर सतर्क रहने की जरूरत : एसएसपी

■ बैंक ऑफ इंडिया, जमशेदपुर अंचल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बैंक ऑफ इंडिया, जमशेदपुर अंचल की सभी 101 शाखाओं में भ्ष्टाचार के विरुद्ध सतकर्ता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक किया जा रहा हैं। इसी क्रम में बुधवार को आंचलिक कार्यालय जमशेदपुर में सतर्कता जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी प्रभात कुमार ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि सह एसएसपी ने बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल पर सतर्कता के साथ कार्य करने पर जोर दिया एवं सतर्कता सिर्फ एक सप्ताह नहीं बल्कि 365 दिनों हमें सतर्क रहने की जरूरत है।



समारोह में अपने विचार व्यक्त करते बायें से अंचल प्रबंधक अनुज अग्रवाल, बीच में बैठे हैं एसएसपी प्रभात कुमार और उप-अंचल प्रबंधक अनवर जमाल।

इसी क्रम में आंचलिक कार्यलय एवं विभिन्न शाखाओं के अधिकारी, कर्मचरियों ने बिष्टुपुर मे मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया तथा अंचल के समस्त स्टाफ सदस्यों ने ई- अखंडता प्रतिज्ञा भी ली। यह कार्यक्रम आंचलिक प्रबंधक अनुज अग्रवाल एवं उप आंचलिक प्रबंधक मो अनवर जमाल के नेतृत्व में किया गया।

## सात से प्रखंड कार्यालयों का घेराव कर राज्य सरकार का विरोध करेगी भाजपा

■ झारखंड में चारों तरफ निराशा और अराजकता का माहौल : रघुवर दास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश ने हेमंत सोरेन सरकार पर कथित भ्रष्टाचार, अराजकता, तुष्टिकरण, महिला उत्पीड़न, ध्वस्त विधि व्यवस्था, वादा खिलाफी एवं अन्य मुद्दों पर 7 नवंबर से राज्यभर में आंदोलन की घोषणा की है। बुधवार को प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आंदोलन की सफलता को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर की बैठक बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन सभागार में हुई। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सह बैठक प्रभारी जेबी तुबिद, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में जमशेदपुर महानगर के चारों प्रखंड मुख्यालयों पर आक्रोश रैली की सफलता के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। महानगर अध्यक्ष गूंजन ने बताया कि कार्यकर्ता जमशेदपुर के सभी प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।





तुलसी भवन में आयोजित बैठक में मौजूद पूर्व सीएम रघुवर दास, जेबी तुबिद, सांसद विद्युतवरण महतो, मेनका सरदार और रीता मिश्रा।

### टाटा मोटर्स के टेंपरोरी मजदूरों की तरह जमशेदपुर प्लांट में भी सुविधा की मांग

**जमशेदपुर।** अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने टाटा मोटर्स लिमिटेड और जिला श्रम आयुक्त को टाटा मोटर्स पुणे के करीब 52 अस्थायी कर्मियों द्वारा दायर रिट पिटिशन 5588/ 2017 (शंकर भीमराव कदम और अन्य बनाम टाटा मोटर्स और अन्य) तथा अन्य 51 पिटिशनों की सुनवाई के बाद मुंबई उच्च न्यायालय से टाटा मोटर्स को मिले निर्देशों को टाटा मोटर्स जानबूझकर कर टाटा मोटर्स के जमशेदपुर प्लांट के अस्थायी कर्मचारियों के लिए अब तक लागू नहीं करने के लिए और जिला श्रम आयुक्त की टाटा मोटर्स के मैनेजमेंट के साथ संलिप्तता की वजह से उनके द्वारा उक्त आदेश को लागू कराने में विफलता के खिलाफ टाटा मोटर्स के एक अस्थायी कर्मचारी अफसर जावेद की तरफ से एक कानूनी नोटिस दिया है। ज्ञात हो कि टाटा मोटर्स अपने ट्रेड यूनियन के नेताओं की मदद से करीब तीन दशकों से टाटा मोटर्स के पूर्व कर्मियों के पुत्रों और पुत्रियों से स्थायी स्वरूप के कार्य में अस्थायी कर्मचारियों के रूप में काम करवाती आ रही है।

## री इंवेंशन, टैलेंट, सस्टेनेबल बिजनेस और समय के साथ टेक्नोलॉजी में बदलाव है आवश्यक : श्रीधर राजगोपालन

■ गएक्सएलआरआइ पीजीडीएम (जीएम) में एक्सेंचर के साथ सीएक्सओ सीरीज इंटरेक्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (जीएम) के विद्यार्थियों की ओर से एक्सेंचर के साथ सीएक्सओ सीरीज इंटरेक्शन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एक्सेंचर के एमडी श्रीधर राजगोपालन के साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में एक्सेंचर के भर्ती विश्लेषक राजीव जार्ज उपस्थित थे। एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के छात्र जैस्मीन जॉय के साथ अश्विन मोहन ने गुलदस्ता भेंट कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान एक्सेंचर के एमडी श्रीधर राजगोपालन ने सभी को संबोधित करते हुए एक्सेंचर के अब तक के सफर के साथ ही सफलता की कहानियां साझा की और कहा कि विविधता और समावेश में दृढ़ विश्वास होने के कारण वे ग्राहकों, कर्मचारियों और समुदाय के लिए मूल्य बनाने को एटीसीआई (एडवांस्ड टेक्नोलॉजी सेंटर-इंडिया) के लिए स्थिर व ठोस एजेंडा तैयार करते हैं। कहा कि उन्होंने वंचित महिलाओं को सूक्ष्म व्यवसाय करने और उनके सतत विकास के लिए टेक्नोलॉजी में होने वाले परिवर्तन पर भी काम किया है। श्रीधर ने आज के दौर में तेजी से बदल रहे उद्योग और बाजार के रुझानों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे एक्सेंचर अपनी 360-डिग्री वैल्यू स्ट्रैटेजी के माध्यम से एक सफल कंप्रेस्ड डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन स्ट्रैटेजी प्रदान कर रहा है और अनुभव पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने अपने 5 बलों के माध्यम से ग्राहकों के लिए एक नेतृत्व भविष्य बनाने के बारे में भी बात की जिसमें मुख्य रूप से कुल उद्यम पुनर्निवेश, प्रतिभा, स्थायी व्यवसाय, मेटावर्स सातत्य, और प्रौद्योगिकी क्रांति पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने कई दिलचस्प ग्राहक अनुभव और उदाहरण साझा किए जो इन ग्राहकों के लिए अनुकूलन, गति, विकास और प्रासंगिकता को सक्षम करते हुए संकुचित परिवर्तन को बढ़ावा देते हैं।



छात्र-छात्राओं को संबोधित करते श्रीधर राजगोपालन।

## एक नजर में

### आरवीएस अकादमी में मनाया गया युवा महोत्सव





**जमशेदपुर।** आरवीएस अकादमी परिसर में यूथ फेस्टिवल की मेजबानी करते हुए मस्ती भरी गतिविधियों की भरमार हो गई। विद्यालय ने 2 नवंबर, 2022 को बड़े जोश और उमंग के साथ इंटर हाउस युवा महोत्सव 'यंगिस्तान' मनाया। माननीय विद्यालय चेयरमैन, बिंदा सिंह, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, कार्यकारी समिति के सदस्य शक्ति सिंह, सौरभ सिंह, प्रधानाचार्य वीशा मोहिंद्रा, वाइस प्रिंसिपल श्रीमती अनीता तिवारी ने औपचारिक दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात मैनेजमेंट मेंबर्स एवं अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई, जिसके बाद ऑन-स्टेज कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया, जैसे कि कोरल रेसिटेशन (जूनियर और सीनियर), एक्सटेम्पोर, वेस्टर्न सोलो सॉन्ग, लोक नृत्य आदि। ऑफ-स्टेज इवेंट्स में रंगोली बनाना (जूनियर और सीनियर), बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट (जूनियर और सीनियर) और पोस्टर मेकिंग (सीनियर) शामिल हैं। इस महोत्सव ने छात्रों को अपनी कलात्मक और साहित्यिक प्रतिभा को व्यक्त करने का अवसर दिया। चेयरमैन श्री बिंदा सिंह ने शानदार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों की प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी और उनमें बाहरी दुनिया का सामना करने का आत्मविश्वास मिलेगा। कार्यक्रम का समापन स्कूल गीत और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### बिडरा पंचायत में विधायक ने बांटी परिसंपत्ति



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के पटमदा प्रखंड के बिड़रा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक माननीय मंगल कालिंदी ने झारखंड सरकार की परिसंपत्ति का वितरण किया। राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक माननीय मंगल कालिंदी ने कहा कि यह आपकी सरकार, समाज के अंतिम छोर तक सरकारी लाभों को पहुंचाने के लिए वचनबद्ध है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, पटमदा प्रमुख बालिका सोरेन, बीडीओ चंचला कुमारी, सीओ चंद्रशेखर तिवारी, सीडीपीओ नीतू कुमारी, बीईईओ प्रभाकर कुमार, उपप्रमुख श्रीदेवी मांझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, मुखिया काजल सिंह, तिलोत्तमा कालिंदी, सुभाष कर्मकार, दयाल महतो, यामिनी प्रामाणिक आदि मौजूद थे।

### हल्दीपोखर में विधायक संजीव ने बांटी परिसंपत्ति



**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के हल्दी पोखर पूर्वी व हेंसड़ा पंचायतों में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। इसके तहत प्रखंड के 18 विभाग के स्टॉल लगे थे, जहां हल्दीपोखर में 1143 आवेदन आये, इनमें 548 का निष्पादन हुआ तथा हेंसड़ा पंचायत में 2095 आवेदनों में 1023 का निष्पादन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य सूरज मंडल, जिला 20 सूत्री सदस्य चंद्रावती महतो, मुखिया देवी कुमारी भूमिज एवं चंद्र भूषण सरदार थे। मौके पर विधायक ने कहा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों को त्वरित लाभ मिल रहा है। बेरोजगार युवक ऋण लेकर रोजगार से जुड़ रहे हैं। जरूरतमंदो को ठंड से पहले ही कंबल दिया जा रहा है। सरकार वर्ष में दो बार गरीबों को दस रुपए में धोती साड़ी लुंगी दे रही है। सभी ग्रामीण कार्यक्रम का लाभ लें। मौके पर बीडीओ निखिल कच्छप, सीओ इम्तियाज अहमद, सीडीपीओ विभा सिन्हा, पंसस सजन रजक, पूर्णिमा सरदार, सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, बीपीआरओ अख्तर हुसैन, बीपीएम मंटू, पंस महाबीर महतो व भास्कर महतो थे।

### गौ-पूजन के साथ दो दिवसीय गोपाष्टमी संपन्न



**जमशेदपुर।** बुधवार को श्री टाटानगर गौशाला का दो दिवसीय 103वां गोपाष्टमी समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। दूसरे दिन बुधवार को घझाछीह जेल के पीछे कलियाडीह स्थित गौसदन में सुबह 10:30 बजरंगबली का पूजन-अर्चन की गयी। इसके बाद गौनूजन हुआ। साथ ही भजन समारोह हुआ। शहर के उभरते कलाकार सोनु शर्मा एंड टीम और हरजीत सिंह हीरा ने भजनों की अमृत वर्षा की। भजनों के दौरान नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देकर कलाकारों ने खूब तालियां बटोरी। कलाकारों ने कलयुग में एक बार कन्हैया ग्वाल बन कर आओ रे..., छोटी सी कानी उंगली में गिरवर पर्वत उठा लियो..., इस पापी युग में गौ माता का कोई-कोई रखवाला..., सलासार के मंदिर में हनुमान बिराजे रे..., सिंदूर चढ़ाने से हर काम होता है हनुमान को खुश करना आसान होता हैं.... आदि भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। संचालन सह सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक राजेश हरनाथका ने किया। बुधवार दोपहर सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर अशोक भालाटिया, निर्मल काबरा, रतनलाल मेंगोतिया, राजकुमार जैन आदि मौजूद थे। मालूम हो कि श्री टाटानगर गौशाला कमिटी के अध्यक्ष कैलाश सरायवाला और महासचिव महेश गोयल, कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल हैं। श्री टाटानगर गौशाला कमेटी जुगसलाई और कलियाडीह दोनों गौशाला की देखरेख करती हैं।

### महासर माता का प्रथम मासिक कीर्तन उत्सव मना



**जमशेदपुर।** कुलदेवी महासर माता का प्रथम मासिक कीर्तन उत्सव सह दीपावली मिलन का आयोजन साकची ठाकुरबाड़ी रोड़ स्थित महालक्ष्मी दादी मंदिर के प्रथम तल्ला पर शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री महासर माता परिवार जमशेदपुर (कोल्हान) द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इसका आयोजन गजानंद भालोटिया परिवार द्वारा किया गया था। माता का भव्य दरबार सजाया गया था। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष गोपाष्टमी/दुर्गाष्टमी के शुभ अवसर पर आयोजित किये गये।

## स्पीड न्यूज

### जन उम्मीदों पर खरा उतरना प्राथमिकता



**मनातू पलामू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को आत्मसात कर पांकी विस क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रहा हूं। इसी क्रम में मनातू प्रखंड के ग्राम अब्दुलडीह में कब्रिस्तान के चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास कार्य किया गया। उक्त बातें पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कही। कहा कि विस क्षेत्र की जनता से किये वादे को हर संभव निभाने का प्रयास कर रहा हूं। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने को संकल्पित हूं। कब्रिस्तान की चहारदीवारी से लोगों को गंदगी व पशुओं के अन्यत्र विचरण से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में आम आवाम की भागीदारी और सभी लोग लाभान्वित हो इस दिशा में काम किया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में समाजसेवी रामदास साहू, संजय चंद्रवंशी, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता के मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, कमेंश यादव, नौशाद खान वीरेंद्र कुमार, रामराज सिंह चेरो, समाजसेवी वीरेंद्र मेहता, पचु राम, कार्तिक सिंह, गुड्डू खलीफा एवं सैंकडों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### मौलाना गुलजार जाफरी आज जपला में




**हुसैनाबाद, पलामू।** सामाजिक कार्यकर्ता सैयद फिरोज हुसैन की मां के चालीसवे कि मजलिस 3 नवंबर को है। ज्ञात हो कि 2 अक्टूबर को उनकी मां का निधन हो गया था। उनके ईसअले सवाब का मुख्य कार्यक्रम मजलिस सदर इमाम बारगाह जपला में रात्रि 8 बजे से होगा। जिसमें मशहूर सोजखान जनाब अली हसन साहब मुजफ्फरनगर यूपी सोजखावानी करेंगे। मौलाना सैयद गुलजार हुसैन जाफरी साहब अजमेर खिताब फरमायेंगे। उन्होंने लोगों से मजलिस में शिरकत की गुजारिश की है।

### जमुआ में खुला लिटिल फ्लावर स्कूल



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र के विशुनपुर पंचायत के जमुआ में लिटिल फ्लावर स्कूल का उद्घाटन मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ने फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में एक अच्छी शिक्षा संस्थान की अतिजरूरत थी ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। मौके पर पंसस विजय कुमार सिंह, सेवानिवृत शिक्षक जगलाल चौधरी, स्कूल के निदेशक अरबिंद चौधरी, प्राचार्य प्रफुल कुमार, नीरज पाठक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विहिप-बजरंग दल ने लगाया रक्तदान शिविर



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पलामू ने 1990 को अयोध्या में शहीद कार सेवकों की याद में दो नवंबर को सांकेतिक रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। शिविर में विहिप के सह मंत्री अमित तिवारी, सम्मानित सदस्य विकाश कश्यप, सुभाय राज, आशीष मिश्र, धीरज गुप्ता ने पांच यूनिट रक्तदान किया। मौके पर विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप दास, नगर बजरंग दल संयोजक विवेक चौबे, कार्यकर्ता मनीष वर्मन, शक्ति सिंह, संतु कुमार, राजकुमार गुप्ता (ट्विंकल) थे।

### भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक 13 को

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक 13 को आहूत किया गया है। यह जानकारी महासभा के अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने दी। श्री तिवारी ने बताया कि जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के रांची रोड रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी के समीप महासभा के कार्यालय में बैठक होगी। सुबह 11 बजे से बैठक की कार्यवाही शुरू होगी। जिसमें महासभा की गतिविधियों को तेज करने, सांगठनिक मजबूती, सदस्यता अभियान की समीक्षा की जायेगी। इसके अलावा जिले के जिस गांव में ब्राह्मण परिवार के लोग रहते हैं वहां महासभा भ्रमण कर विचार विमर्श करेगी। बैठक में महासभा के जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों, जिला कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य लोग निश्चित रूप से भाग लेंगे।

### मानव को कर्तव्यबोध कराती है रामकथा



**पंडवा (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के कोकरसा में नौ दिवसीय रामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ जारी है। बुधवार को यज्ञ समिति ने राम विवाह की झांकी निकाली। यूपी के कानपुर से आये मानस मर्मज्ञ आलोक मिश्रा ने श्रद्धालुओं को राम कथा का रसपान कराया। कहा कि श्रीराम कथा विश्व कल्याणदायनी है, लोक मंगलकारी है। प्रभु श्रीराम का आचरण एवं व्यवहार अपनाने से जीवन आनंदमय हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदासजी महाराज ने श्रीराम कथा के माध्यम से मानव जीवन संबंधों की महत्ता स्थापित की है। कहा कि यही वजह है कि श्रीरामचरित मानस में गुरु, माता-पिता, पुत्र-पुत्री, भाई, मित्र, पति-पत्नी आदि का कर्तव्य बोध एवं सदाचरण की सीख हमें सर्वत्र मिलती है। कहा कि भक्ति मार्ग में सुख शांति का प्रभा है, जहां आनंद की शीतल छाया मिलती है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में श्रद्धा को भवानी और विश्वास को शंकर का प्रतिरूप मानते हुए दोनों की समवेत वंदना की है। कहा कि परमात्मा से जुड़ने के लिए श्रद्धा और विश्वास ही तो साधन बनता है। कथा की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब इसे हम दैनिक जीवन के व्यवहार में शामिल करते हैं। राम कथा सुनने से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और मन में शांति व मुक्ति मिलती है। भगवान राम का प्रिय भक्त बनना है तो हनुमान के चरित्र से सीख लेनी होगी। मौके पर पंडित प्रभुनाथ पाठक, संजय कुमार पांडेय, योगेंद्र तिवारी, राजेंद्र पांडेय, जयवंश पांडेय सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# पांकी विस क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा विकास योजनाओं का लाभ

- पांकी विधायक डॉ मेहता ने मनातू प्रखंड के पदमा में रखी कब्रिस्तान की चहारदीवारी की आधरशिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चहारदीवारी निर्माण के शिलान्यास के मौके पर उपस्थित पांकी विधायक।

**मनातू पलामू।** देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को आत्मसात कर पांकी विधानसभा क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रहा हूं। उक्त बातें पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कही। वे बुधवार को मनातू प्रखंड के ग्राम पदमा में कब्रिस्तान के चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

विधायक डॉ मेहता ने कहा कि कब्रिस्तान के चारों ओर चहारदीवारी के निर्माण हो जाने से लोगों को गंदगी व पशुओं के अन्यत्र विचरण से मुक्ति मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में समाजसेवी रामदास साहू, संजय चंद्रवंशी, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता के मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, कमेंश यादव, नौशाद खान वीरेंद्र कुमार, रामराज सिंह चेरो, समाजसेवी वीरेंद्र मेहता, पचु राम, कार्तिक सिंह, गुड्डू खलीफा एवं सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## नयी शिक्षा नीति पर जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन संपन्न

# नयी शिक्षा नीति लागू होने से होंगे बेहतर बदलाव : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड शिक्षा परियोजना के योजनानुसार नयी शिक्षा नीति-2020 को लागू करने को लेकर दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन मेदिनीनगर में बुधवार को जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने किया। अध्यक्षता व विषय प्रवेश डीईओ अनिल चौधरी ने किया। जबकि संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। सम्मेलन में उपस्थित 225 मुखिया को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि नयी शिक्षा नीति लागू होने से समाज में बेहतर बदलाव होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि आप सब भेदभाव व जातपात के बिना पंचायत में सरकारी योजनाओं को लागू करें। सुनिश्चित करें कोई बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे। गरीबी से लड़ने में शिक्षा ही कारगर हथियार है।



**ये रहे मौजूद :** सम्मेलन को सफल बनाने में सहायक अभियंता दिलीप सिंह, सहायक राजीव चौबे, विकास दुबे, सुधीर कुमार, प्रेमचंद कुमार, अनिल ठाकुर, विनोद तिवारी, विजय शुक्ला, जावेद अख्तर, वीरेंद्र तिवारी व रामसरेख पाण्डेय ने सक्रिय भूमिका निभायी।

## कर्पूरी मैदान में विधायक कमलेश सिंह ने किया खेल अभियान का उद्घाटन

# टीम सूर्या से जुड़ें, हुसैनाबाद को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलायें

- खिलाड़ियों की प्रतिभा को राज्य व देश स्तर पर पहचान दिलाना लक्ष्य : सूर्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विजेता टीम को ट्राफी देते हुए।

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद के कर्पूरी मैदान में टीम सूर्या के बैनर तले बुधवार को पंचायत स्तरीय खेल अभियान का उद्घाटन मुख्य अतिथि हुसैनाबाद विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने किया। विधायक ने कहा कि टीम सूर्या हुसैनाबाद के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से उन्हे आगे लाने का प्रयास कर रही है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा व खेल के माध्यम से युवाओं का भविष्य संवारने की यह मुहिम है। उन्होंने कहा कि अवसर नहीं मिलने की वजह से हुसैनाबाद-हरिहरगंज के युवाओं की प्रतिभा में निखार नहीं आ पता है। पहले चरण में टीम सूर्या के बैनर तले विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए उन्हे मार्गदर्शन देने के लिए जाने माने कोचिंग संस्थान गोल के माध्यम से उन्हे मार्गदर्शन दिया गया। वह जारी है।

**खास बातें :** दूसरे चरण में खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पहचान दिलाने की मुहिम है। पंचायत स्तरीय खेल अभियान के आयोजक सह एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि उनकी सोच हुसैनाबाद को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की है। इसके तहत प्रतियोगी परीक्षाओं में युवा को आईएस आईपीएस की पैक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन की व्यवस्था, खेल के माध्यम युवाओं को जिला राज्य व देश स्तर पर पहुंचने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि उन्हे क्षेत्र के युवाओं का भरपूर सहयोग भी मिल रहा है।आने वाला समय हुसैनाबाद के युवाओं का होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तरीय खेल अभियान की शुरूआत हुसैनाबाद से की गई है।

# पलामू सांसद ने कार्यकर्ताओं संग बनायी आक्रोश रैली की रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बुधवार को भाजपा के जिला कार्यालय में एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजयनंद पाठक तथा मंच संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। विषय प्रवेश कराते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि 7 से 13 नवंबर तक प्रखंड में आक्रोश रैली करनी है। जिसमें जनता से जुड़े क्षेत्रीय मुद्दे उठाने हैं। साथ ही जन जन तक आवाज को बुलंद करते हुए यह बताना है कि झारखंड की वर्तमान सरकार कितनी निकम्मी, निरंकुश और तानाशाही रवैये से कार्य कर रही है। इसी वजह से इस रैली का नाम आक्रोश रैली भी है। इसे सफल बनाने में सभी कार्यकर्ता जी जान से जुड़ जाएं, कोई कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए।



कार्य को इस तरीके से करना है कि आने वाले समय में जनप्रतिनिधियों को तो लाभ हो ही, साथ ही कार्यकर्ताओं को भी लाभ हो। क्योंकि आंदोलन जब होगा उसी का प्रतिफल चुनाव में जनप्रतिनिधि के रूप में मिलेगा। - **विष्णु दयाल राम, पलामू सांसद**

- छोटा राज्य बनाने का उद्देश्य वाजपेई का सपना था कि सुखमय राज्य बने। जिसमें सभी सुख-सुविधा की आपूर्ति कम समय में हो। लेकिन झारखंड की दिशा और दशा को देख ऐसा प्रतीत नहीं होता। यहां की सरकार निरंकुश है। - **श्याम नारायण दुबे**
- हमें आंदोलन का केवल नेतृत्व करने की जरूरत है। क्योंकि जनता खुद आंदोलन के लिए तैयार है। सरकार की गलत नीतियों के विरोध को लेकर जनता अब जागरूक हो गयी है। सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। - **कर्नल संजय सिंह**

**कार्यक्रम में ये भी थे उपस्थित :** बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा, प्रेम सिंह, विनोद सिंह, कर्नल संजय सिंह, नरेंद्र पांडे, अमित तिवारी, दुर्गा जौहरी, रविंद्र सिंह, अविनाश वर्मा, लवली गुप्ता, श्याम बाबू, रूपा सिंह, सीटू गुप्ता, धीरेंद्र दुबे, सुजाता सिंह, साधु मांझी, ज्योति पांडे, नवेंदु मिश्र, सोमेश सिंह, राकेश तिवारी, विपुल गुप्ता, श्वेतांक गर्ग, नीलम देवी समेत लगभग सभी मंडलों के अध्यक्ष व प्रभारी गण उपस्थित थे व कई कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन व सभा समाप्ति की घोषणा जिला मंत्री संतोष सिंह ने किया। हरिहरगंज मंडल के पूर्व अध्यक्ष रघुवंश जयसवाल के निधन पर दुख व्यक्त जताते हुए सभी ने श्रद्धांजलि स्वरूप 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उक्त जानकारी पलामू भाजपा के जिला मीडिया सह प्रभारी नवेंदु मिश्र ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### हक हमारा भी तो है... अभियान की हुई शुरुआत

**मेदिनीनगर।** नालसा के दिशा निर्देष व झालसा के तत्वावधान में प्रत्येक जिले में हक हमारा भी तो है @ 75 का शुभारंभ 31 अक्टूबर 2022 को किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत जेल में अंडर ट्रायल व सजायपता बंदियों को लीगल एड के माध्यम से दी जाने वाली मूलभूत सहायता के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को पैनल अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय, सचिंद्र कुमार पांडेय, पीएलवी करण थापा, बिनय प्रसाद, श्री कांत तिवारी, सुमंत मेहता व सुचिता एक्का ने कारा में बंद लोगों का साक्षात्कार प्रपत्र भरे। यह प्रपत्र सात नवंबर 2022 तक भरा जायेगा। जरूरत पड़ने पर आगे भी इसकी तिथि बढ़ाई जा सकती है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि न्याय से कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहे। न्याय सबके लिए समान है। मौके पर दूसरे दिन बुधवार को दिन 150 बंदियों का काउंसलिंग किया गया तथा प्रपत्र भरा गया। जरूरत पड़ने पर आगे भी इसकी तिथि बढ़ाई जा सकती है।

# मनातू के दरहा बाबा प्रांगण का सुंदरीकरण जल्द होगा, चहारदीवारी भी शीघ्र : बबलू सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम का उद्घाटन करते पूर्व मुखिया व अन्य।

**मनातू पलामू।** प्रखंड के मनातू स्थित दरहा बाबा के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस बार भी प्रकृति से जुड़ा छठ पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मझौली पंचायत के पूर्व मुखिया गोपू सिंह एवं पाकी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के छोटे भाई बबलू सिंह, केदार यादव, सीना यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू, मंटू गिरी, बबलू गिरी, राहुल कुमार, गोरख राम, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष की भांति लोक आस्था के प्रतीक छठ पर्व के पारण के एक दिन बाद दरहा बाबा के प्रांगण में आयोजन किया जाता है। इस बार मेला मैं हजारों की संख्या में लोग बाहर से भी आ कर बाबा की पूजा अर्चना की।

**खास बातें :** बाबा की कृपा से सामाजिक समरसता बढ़ती है। बिहार-झारखंड के इस महान पर्व पर मनातू प्रखंड समिति ने मेला एवं संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम में सहयोग राशि पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह और बिट्टू सिंह ने दिया। पूर्व विधायक के छोटे भाई बबलू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि दरहा बाबा सुंदरीकरण के लिए यहां पर बहुत जल्द सारी सुविधा एवं चहारदीवारी भी की जायेगी। आए हुए अतिथियों को मनातू प्रखंड के दरहा बाबा समिति के द्वारा फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया और नारा भी लगाएगा। और बबलू सिंह ने पूजा कार्यक्रम में भी रहा शामिल। यह कार्यक्रम मनातू प्रशासन की उपस्थिति में की गई है। बिहार से आए कलाकारों ने एक से एक बढ़कर संगीत से मनातू के प्रखंड वासियों को मोह लिया। मौके पर विष्णु देव यादव, राजेंद्र राम, राकेश सिंह, गुड्डू अहमद, मोहित कुमार, दिलीप सिंह, वीरू यादव, रोशन यादव, रामनाथ यादव, मनोरंजन गुप्ता, प्रिंस कुमार, सौरभ गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विधायक कमलेश ने सपरिवार गजानंद माता मंदिर में की पूजा अर्चना, 101 कड़ाही प्रसाद चढ़ाया



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव, एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने सपरिवार हुसैनाबाद के पोलडीह स्थित गजानंद माता मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की। इस मौके पर 101 कड़ाही में प्रसाद चढ़ाया गया। विधायक समेत सभी ने गजानंद माता से परिवार क्षेत्र जिला राज्य व देश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर पोलडीह गांव पहुंचते ही विधायक कमलेश कुमार समेत परिवार के सदस्यों का फूल माला व गाजे बजे के साथ स्वागत किया। विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज के लोग उनके परिवार के सदस्य हैं। लोगों का प्यार और स्नेह उनकी सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने गजानंद माता से हुसैनाबाद-हरिहरगंज के तमाम लोगों को सुख समृद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह की धर्मपत्नी मधु सिंह, युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव, एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह, अजीत सिंह के अलावा परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल थे।

### बीडीओ को आवेदन देकर फसल की क्षति पूर्ति राशि की मांग

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के सोनबर्षा गांव के किसान के खेतों में लगी धान की खेती अचानक विमारी से बरबाद हो गई है। प्रभावित किसान सोनबर्षा गांव निवासी स्वम्बर सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार को एक लिखित आवेदन देकर कहा है कि अज्ञात विमारी से पांच एकड़ में खरीफ के फसल धान नही फुट पाया है। जिससे पूरा फसल नष्ट हो गया है, जिससे हम किसानो के समक्ष फाककसी के शिकार हो गए है। उन्होंने विडियो से आग्रह किया है नष्ट हुई धान की क्षतिपूर्ति राशि दी जाये।

# मोरबी हादसा : पलामू के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनरगर।** आम आदमी पार्टी पलामू में अध्यक्ष चंद्रबली चौबे की अध्यक्षता में गुजरात के मोरबी में हुए हादसे में मौत हुए सभी लोगों के लिये डाल्टनगंज के छहमुहान चौक पर मौन धारण कर, मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। आप के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने सभी 134 लोगों के लिए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया और इस घटना की कड़ी निंदा की।

उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार जल्द खुलासा करे, किसकी लापरवाही से यह हुआ। आप नेता सह पूर्व विधायक प्रत्याशी राकेश तिवारी ने दिवंगत आत्मा के शांति के लिए भगवान से प्राथना किया और जो घायल है उनके लिए जल्द स्वस्थ हो, प्रभु से कामना की।

प्रो जगन्नाथ सिंह ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये गुजरात के किये शर्म की बात है। जहां गुजरात मॉडल दिखाकर वाहवाही लूटते हैं। वहां यह हाल है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले इसके लिए पहल हो और घायल का अच्छे बसे ईलाज हो।

मौके पर गोदी मीडिया पर तंज कसते हुए सूर्य प्रकाश ने कहा कि मीडिया वाले मोदी और बीजेपी की करतूत को छिपाने में लगे हुए रहते हैं।

मौके पर झारखंड आप के सोशल मीडिया सह सचिव सूर्य प्रकाश, पलामू संयोजक चंद्रबली चौबे, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, जिला कार्यकरी सचिव सुधीर कुमार, युवा नेता राकेश तिवारी, शशिकांत तिवारी, सरफराजूल हक, ओमप्रकाश दुबे, अरुण वर्मा, मुकेश दीक्षित जी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारी में है शिक्षक संघ: सुधीर दुबे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक को संबोधित करते शिक्षक संघ के लोग।

**हरिहरगंज पलामू।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड इकाई की बैठक बुधवार को मध्य विद्यालय हरिहरगंज में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विजय राम ने की तथा संचालन प्रखंड सचिव संतोष कुमार राय ने किया।

बैठक में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर दुबे ने कहा कि शिक्षकों के हित के लिए संघर्ष करने के लिए अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए एमएसीपी देने, छठा वेतनमान की वेतन विसंगति दूर करने, जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया तर्कसंगत बनाने तथा शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त करने की मांग को लेकर संघ आंदोलन के लिए तैयार है। इसके तहत 4-5 नवंबर को शिक्षकों द्वारा काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज किया जायेगा। साथ ही जनप्रतिनिधियों को अपनी मांग पत्र सौंपा जाएगा। वही 19 नवंबर को रांची में घेराव का कार्यक्रम तय है। इसके बाद भी अगर सरकार शिक्षकों की मांग पर सकारात्मक कदम नहीं उठाती है, तो दिसंबर से अनिश्चितकालीन अनशन की घोषणा की गई है। उन्होंने उक्त मांगों के समर्थन में प्रस्तावित आंदोलन को सफल बनाने की अपील की।

**ये भी थे उपस्थित**

मौके पर पुषेण कुमार, सुरेश कुमार सिंह, सतेंद्र कुमार वत्स, अनुपमा कुमारी, सावित्री कुमारी, राकेश कुमार, सविता कुमारी, ममता कुमारी, विपिन कुमार, नीरज पाठक, नागेश्वर राम, नुरुल होदा, जयनंदन सिंह सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# नीट की परीक्षा में पलामू की बेटी हनी को ओबीसी कैटेगरी में देशभर में 151वां रैंक

- 616 अंक लानेवाली हनी जमशेदपुर एमजीएम में लेगी दाखिला
- डॉक्टर बनने के माता-पिता का सपना करेगी साकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



वसुंधरा गुप्ता (हनी)।

**पांकी (पलामू)।** पांकी के प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी सह समाजसेवी मधुसूदन प्रसाद गुप्ता की बेटी वसुंधरा गुप्ता उर्फ हनी ने नीट की परीक्षा पास की। उसे 616 अंक प्राप्त हुए हैं। राज्य के दूसरे बड़े मेडिकल कॉलेज एमजीएम जमशेदपुर में उसका नामांकन होगा। वसुंधरा ने बताया कि मेरी सफलता में मेरे माता-पिता का काफी सराहनीय योगदान रहा। उन्होंने मेरे हौसले को टूटने नहीं दिया। पिता का सपना था कि मैं डॉक्टर बनूं और मेरी भी सोच थी कि मैं डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करूं।

वसुंधरा गुप्ता ने यह साबित कर दिया कि गांव की बेटी भी डॉक्टर बन सकती है। अथक परिश्रम से वसुंधरा ने यह मुकाम पाया है।

बताते चलें कि ओबीसी में ऑल इंडिया 151 रैंक है। डॉक्टर बनने का उसका सपना था जिसे उसने अपनी मेहनत के दम पर कर दिखाया। मधुसूदन गुप्ता के दो पुत्र और एक पुत्री हैं। बड़े पुत्र हर्ष कुमार गुप्ता उर्फ सिंकू ने बीबीए किया है, जो फिलहाल मुंबई में रिलायंस रिटेल में मैनेजर के रूप में कार्यरत है। छोटा पुत्र गुरुदयाल उर्फ गोलू दवा के कारोबार से जुड़ा है। वसुंधरा की सफलता पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

बधाई देने वालों में पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, पिपराटांड़ थाना प्रभारी राहुल कुमार गुप्ता, संजय प्रसाद गुप्ता, मुरली प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, संतोष प्रसाद, शोएब आलम, बालगोविंद प्रसाद गुप्ता सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक घायल

**सिकिदिरी।** ओरमांझी पथ के कुटे चौक के समीप बाइक और स्कूटी की सीधी टक्कर होने से स्कूटी सवार युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान सिकिदिरी थाना क्षेत्र के लोटवा गांव निवासी शेख मिन्हाज (25 वर्ष) के रुप में की गई है। उसका बांयां पैर टूट गया है। वह अपने घर से ओरमांझी की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से सीधी टक्कर हो गई। घटना बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे की है।सूचना मिलने पर सिकिदिरी पुलिस ने पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले गई। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस दोनो वाहन को जब्त कर थाना ले गई है।

### दुर्घटना में घायल आयुष की इलाज के दौरान हुइ मौत

**इटकी।** सड़क दुर्घटना में घायल बिंधानी गांव के आयुष उरांव (19) की इलाज के दौरान बुधवार को मृत्यु हो गयी। ज्ञात हो कि 19 अक्तूबरर को मोटरसाइकिल पर सवार आयुष को एक यात्री बस से टक्कर हो गयी थी । गंभीर अवस्था में इलाज के लिए उसे रांची के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

### बेड़ो की जिप सदस्य ने मनोनीत किया प्रतिनिधि

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड की पूर्वी भाग की जिप सदस्य पार्वती कुमारी ने अपने क्षेत्र में आने वाले प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों व गांवों के लिए अपना प्रतिनिधि के रूप में जगरनाथ भगत को प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उन्होंने इस आशय का पत्र उप विकास आयुक्त रांची को प्रेषित किया है।

### आक्रोश रैली करने का आयोजन आगामी 10 नवंबर को

**तमाड़।** विधानसभा क्षेत्र अड़की प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी अड़की मंडल अध्यक्ष मोती पातर की अध्यक्षता में बुधवार को एक बैठक किया गया। प्रदेश द्वारा निर्देशित कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय में आक्रोश रैली करने का आयोजन आगामी 10 नवंबर को करने हेतु बैठक किया गया।

### इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में हुई चोरी

**इटकी।** इटकी साहेब मोड़ स्थित सूरज इलेक्ट्रॉनिक्स नामक एक दुकान में चोर ने हाथ साफ किया और हजारों की संपत्ति चुरा ले गये। घटना मंगलवार रात की है। चोर दुकान के दरवाजा में लगे तालों को तोड़ कर करीब 50 हजार रुपये की संपत्ति चुरा ले गये। इस संबंध में भुक्तभोगी दुकान के मालिक सूरज गोप द्वारा थाना को लिखित सूचना दी गयी है।

### सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित



**चान्हो।** प्रखण्ड स्थित को चामा में बुधवार को सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए चान्हो पुलिस द्वारा दो टीमों के प्रतिभागियों के बीच फुटबॉल जर्सी तथा तौलिया का वितरण किया गया। साथ ही स्थानीय बच्चों के बीच बैग, कॉपी, पेंसिल ,कलम एवं वाटर बोतल का वितरण किया गया। मौके पर चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से स्थानीय लोगों से जुड़ने का मौका मिलता है। साथ ही खुशी होती है कि ऐसे छोटे छोटे सहयोग से बच्चों में उत्साह बढ़ता है और वे अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं।

### डॉ अभिजित राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान के निदेशक बने

**नामकुम।** बुधवार को वरीय वैज्ञानिक डॉ अभिजित कर ने नामकुम स्थित राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान नए निदेषक के रूप में पदभार संभाला। मौके पर डॉ अभिजित कर सभी संस्थान कर्मियों के साथ बैठक कर अनुसंधान कार्य के साथ ही अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने पूर्व निदेषक डॉ केवल कृष्ण षर्मा से कार्यो की जानाकरी ली।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्रामीणों को योजना का लाभ देते पदाधिकारी।

**बेड़ो।** सरकार गांव तक पहुंच कर, सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करना है। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के केशा पंचायत सचिवालय के समक्ष बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि सभी विभाग के पदाधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित है और ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होकर उसकी त्वरित कार्रवाई कर निदान कर रहे है। इधर कार्यक्रम के पूर्व पंचायत के ग्रामीण समेत जेएसएलपीएस की महिलाओं ने कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का भव्य स्वागत किया। इधर कार्यक्रम के दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंदर साहू ने प्रखंड के विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार पूर्वक ग्रामीणों को जानकारी दी और कहा कि ग्रामीण प्रखंड स्तर से मिल रहे सरकारी लाभ से फायदा उठाकर संभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड में कई ऐसे योजनाएं चल रही है लेकिन ग्रामीण उसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं। वही पशुपालन पदाधिकारी संजय उरांव ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा दिए गए हर आवेदन पर विचार विमर्श किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की व पदाधिकारियों ने वृद्धा पेंशन के 22 लाभुकों को तत्काल वृद्ध विधवा पेंशन की स्वीकृति दी, साथ ही लाभुकों के बीच मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण कर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया। वही कार्यक्रम के दौरान अंचल निरीक्षक बीखम कुमार ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जमीन से संबंधित समस्या वज्रपात से मृत्यु फसल छति एवं अन्य अकस्मिक आपदा से संबंधित विषयों पर ग्रामीणों को जानकारी दी। वहीं उन्होंने आम ग्रामीणों से अपील किया कि आप जानकारी के अभाव में कोई योजना के लाभ से वंचित न रह जाए इसलिए आवेदन के संबंध में एवं लाभ प्राप्त करने के संबंध में जानकारी अवश्य रखें।

## खलारी: आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**खलारी।** बीडीओ लेखराज नाग के अध्यक्षता में बमने पंचायत के पंचायत सचिवालय में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में नए राशन कार्ड का आवेदन-25, वृद्धा पेंशन का प्राप्त आवेदन-11, विधवा पेंशन का प्राप्त आवेदन -6, धोती साड़ी का वितरण-425, मनरेगा अंतर्गत नए जॉब कार्ड का वितरण-20, मनरेगा अंतर्गत नए कार्य का आवंटन-71, दीदी बाड़ी योजना-15, फूलो झानो आशीर्वाद योजना के लिए आवेदन-29, मुख्यमंत्री पशुधन योजना का प्राप्त आवेदन-20, 15 वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत योजना-48, स्वास्थ्य जांच-54, कोविड टीकाकरण-45, सावित्री बाई फुले योजना-200, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना-7, कंबल बितरण-149, जाति प्रमाण पत्र-102, आय प्रमाण पत्र-61, स्थानीय प्रमाण पत्र-51 का आवेदन प्राप्त किये गये।

## रातू : सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



**रातू।** प्रखंड के बानापीड़ी पंचायत में बुधवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यपालक दंडाधिकारी संजय प्रसाद, बीडीओ हरिशंकर बारिक व सीओ प्रदीप कुमार ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, राजस्व, स्वास्थ्य,आपूर्ति, कन्यादान, सुकन्या, मातृत्व वंदना, पशुपालन, कृषि, निःशक्त स्वावलंबन, शिक्षा, श्रम प्रवर्त्तन, वन, पेयजल एवं स्वच्छता व कृषि आदि योजनाओं की जानकारी देकर इसका लाभ उठाने की बात कही। सोना सोबरन योजना के तहत लाभुकों के बीच धोती-साड़ी बांटी गयी। नये राशन कार्ड बनाये गये। मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड देकर सौ दिनों के रोजगार की गारंटी दी गयी। इस दौरान 2235 मामले आये। 1445 का निपटारा हुआ। शेष विचाराधीन है। अध्यक्षता मुखिया सोनी भगत ने की। संचालन तैय्यब अंसारी ने किया। वहीं, धन्यवाद ज्ञापन सरपंच गीता देवी ने दिया। मौके पर प्रमुख संगीता तिर्की, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, दिलीप महतो, नौशाद आलम, चारो उरांव व मनोज उरांव आदि मौजूद थे।

## चान्हो में आपके द्वार योजना के तहत कई सामग्रियों का वितरण



**चान्हो।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत बुधवार को प्रखण्ड के चामा पंचायत में प्रखण्ड प्रमुख, चान्हो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चान्हो, एवं अंचलाधिकारी, चान्हो की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान चान्हो प्रखण्ड अन्तर्गत योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए । साथ ही परिसम्पतियों का वितरण किया गया। मनरेगा जॉब कार्ड, धोती साड़ी का वितरण, कंबल वितरण, नरेगा नई योजना, सेवा की गारटी, स्वास्थ्य जाँच, के सी सी, छात्रावृति, 15वे वित्त, ग्रीन राशन कार्ड वितरण, सर्वजन-पेंशन योजना सहित अन्य मामले का निपटारा किया गया। मौके पर बोलते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हर हाल में जरूरतमंदों तक पहुंचे। साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित विभाग में जो ही मामले है उसका जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। वहीं जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने कहा कि सरकार की इस कार्यक्रम का लक्ष्य योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाना है। इस कार्यक्रम के तहत कोशिश की जा रही है कि जो भी जरूरतमंद होगी उसे उनका हक मिलना चाहिए। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के प्राप्त आवेदन का त्वरित निपटान भी किया गया।

## कार्यक्रम में पेंशन व कंबल के लिए पहुंची वृद्ध महिलाएं



कार्यक्रम में पेंशन व कंबल के लिए पहुंची वृद्ध महिलाएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा बुधवार को ओरमांझी प्रखंड में बारीडीह पंचायत में हुई। योजना का लाभ लेने के लिए कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। जिसमें कई वृद्ध महिलाएं पेंशन व कंबल के लिए पहुंची थी। वहीं पंचायत के प्रज्ञा केंद्र से 50 रूपए तक में योजना का फार्म बिक रहे थें। जराटोली आनंदी की लगभग 80 वर्षीय वृद्धा रूनवा देवी ने 50 रूपया में पेंशन फार्म खरीद पहुंची। लेकिन वह न फार्म भर सकी न ही उसका फार्म जमा हो सकी। बेटा भी कोई ध्यान नही देता है। इस लिए पेंशन के लिए पहुंची थी। दूसरी ओर मुखिया पार्वती देवी, पंसस शशि मिश्रा व उपमुखिया बनवारीलाल साहू योजना का लाभ लेने पहुंचे लोगों के आवेदन में अनुसंसा करने में व्यस्थ थें। काफी संख्या में लोग मुखिया को घेरे थें। भीड़ इतनी की मुखिया को हस्ताक्षर करने में पसिने छुट रहे थें। वहीं भीड़ के कारण कार्यक्रम में काफी अव्यवस्था भी देखी गई। मंच पर उपस्थि उपस्थित पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, जिप सदस्य सरिता देवी व बीडीओ विजय कुमार सोनी, सीओ विजय केरकेट्टा कंबल व धोती लुंगी के साथ लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं का वितरण किया गया।

## निश्चल मेमोरियल स्कूल में बच्चों को दिया गया कराटे का प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिठोरिया।** निश्चल मेमोरियल पब्लिक स्कूल पिठोरिया में बच्चे और बच्चियों को कराटे का लगातार प्रशिक्षण दिया गया । मॉडर्न मार्शल आर्ट्स कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक सेंसी विकास पाठक एवं सेंसी सुमित्रा ब्लैक बेल्ट थर्ड एवं इंटरनेशनल कराटे चैंपियन के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस संदर्भ में स्कूल के प्रिंसिपल उमेश कुमार केसरी एवं स्कूल के प्रशिक्षक रंथू मिश्रा ने कहा कि जब से हमारे स्कूल में कराटे का प्रशिक्षण बच्चों को देना प्रारंभ किया गया है तब से हम लोगों ने देखा है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में उन्हें काफी लाभ पहुंचा है। बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह का विकास नैसर्गिक रूप से हो रहा है। प्रिंसिपल ने आगे कहा कि आज के जमाने में बच्चे या तो टीवी या मोबाइल में बिजी रहते हैं, उन्हें शारिरिक मेहनत करने की ना तो फिक्र होती और ना ही वे जरूरत महसूस करते हैं। घर में भी अभिभावकों को इतना समय नहीं मिल पाता कि वे अपने बच्चों को शारिरिक परिश्रम करवा सकें। ऐसे में कराटे बच्चों के लिए एक बेहतरीन जरिया है उनके शारीरिक परिश्रम एवं मानसिक विकास के लिए। निश्चित रूप से बच्चियों के लिए कराटे तो एक रामबाण की तरह है क्योंकि आज के इस दौर में जहाँ बच्चियाँ कहीं भी सुरक्षित नहीं महसूस करती वैसे में यदि ये कराटे की इस कला को सीख पाती है तो वह अपनी आत्मरक्षा असामाजिक तत्वों से भली-भांति कर सकती हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने अपने विद्यालय में कराटे को अनिवार्य रूप से सभी बच्चों के लिए लागू कर रखा है। उन्होंने साथ ही अन्य लोगों से भी अपील की है कि जितने अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को कराटे का प्रशिक्षण दिया जाए उतना बेहतर होगा। इसलिए जहाँ भी मौका मिले अपने बच्चों को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग जरूर दिलवाएँ। जिससे बच्चे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कराटे प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक विजेता बन सकते हैं।

एक नजर में

### वीआइपी क्लब में ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी इम्प्लाई कोर्डिनेशन काउंसिल ने की बैठक



**खलारी।** प्रखण्ड के वीआईपी क्लब में बुधवार को ऑल इन्डिया एससी/एसटी/ओबीसी इम्प्लाई कोर्डिनेशन कैंसिल की एक बैठक हुई । इस बैठक की अध्यक्षता कौंसिल सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने तथा संचालन दिलिप पासवान व धन्यवाद ज्ञापण राहुल राम ने की ।बैठक में पिपरवार, एनके एरिया, आम्रपाली मगध क्षेत्र के कोर कमिटी के सदस्य शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश 5 नवम्बर 2022 को रजरप्पा में होने वाली अधिवेशन पर विशेष चर्चा करते हुए सफल करने का निर्णय लेना और विशेष रूप से कौंसिल की सदस्यता,संगठन का विस्तार,मजबूती पर विचार विमर्श करना रहा। क्षेत्रीय व ब्रांच स्तर पर कौंसिल का गठन शीघ्र का निर्णय हुआ। अभिवेशन मे जाने के लिए बचरा 4 नंबर में एकत्रित होकर संयुक्त रूप से प्रस्थान करेगा। मौके पर इकबाल हुसैन,एसडीएम वृज किशोर राम,रामप्रवेश राम,रामेश्वर भोक्ता,प्रेमचन्द महतो,रविन्द्र पासवान,हरगोबिन्द पासवान,दिलिप उपस्थित थे।

### ग्राम गरीबी निराकरण योजना पर प्रशिक्षण



**सिल्ली।** जेएसएलपीएस की ओर से सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय परिसर में दो क्लस्टरों के कृषि सखी एवं पशु सखी को ग्राम गरीबी निराकरण योजना पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रखण्ड के बीपीएम जोवाकिम कंडीर एवं सीसी रूपनारायण ने प्रतिभागियों को कृषि से आजीविका के लिए तरीके एवं पशु सखी को पशु धन के विकास, उनके रख रखाव, पशुपालन से आजीविका के उपायों पर जानकारी दी। प्रशिक्षुओं को उनके सम्बंधित गावं में इससे सम्बंधित योजना लेने के लिये भी जानकारी दी गयी ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका की वृद्धि हो, गरीबी का निराकरण हो सके। इस मौके पर बंता एवं मुरी क्लस्टर के 52 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## स्कूल की पुरानी गरिमा और प्रतिष्ठा को फिर से स्थापित करने की जरूरत : हिंदिया टोप्पो

खबर मन्त्र संवाददाता



**लापुंग।** विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को विद्यालय की आधारभूत जरूरतों को पूरा करने, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण निर्माण के कार्य में आमूलचूल परिवर्तन लाने की दिशा में अपनी भूमिका निभाने की जरूरत है। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के ककरिया स्थित राजकीय संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया में आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन पंचायत प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कही। विद्यालय प्रबंधन समिति के दो दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन विद्यालय का आकलन किया गया और विद्यालय तथा गांव का नजरी नक्शा बनाकर अलग-अलग समूह के द्वारा विद्यालय की वास्तविक स्थिति, समस्याओं और उसके निराकरण को प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि ककरिया हाई स्कूल की पुरानी गरिमा और प्रतिष्ठा को फिर से स्थापित कराने की जरूरत है। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन भी जरूरी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापिका स्वर्ण लता कुजूर ने किया और प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर तथा ब्लैक बोर्ड के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ही विद्यालय की समस्याओं पर चर्चा किया गया और प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए संकल्प लिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जयदेव साहु, चामा मुंडा, इसराईल मिंया, सुशील कुमार दत्ता, प्रभात कुमारसहित कई लोगों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## ट्रेलर की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा, ट्रैक्टर चालक की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत टाटा रोड पर बन्ता महतो टोला के समीप टेलर ने ट्रैक्टर को टक्कर मारा जिससे ट्रेक्टर चालक संदीप साहू (22) की मौत हो गई। सिल्ली पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सोनाहातु थाना क्षेत्र के सोमाडीह निवासी दिनेश साहू का पुत्र संदीप कुमार साहू मंगलवार की रात लगभग 10 बजे ट्रैक्टर (जेएच-01ई-6555) लेकर सिल्ली सोमाडीह जा रहा था। इसी क्रम मे बन्ता महतो टोला के पास पिछे से आ रहे टेलर (एन एल - 01एई-1635) ने पिछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था कि ट्रैक्टर पलट गया और टक्कर की आवाज से ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। किसी तरह ग्रामीणों की मदद से चालक संदीप कुमार साहू को सिंहपुर नर्सिंग होम ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिल्ली थाना को दिया गया। सिल्ली पुलिस ने घटनास्थल के आगे कुछ दुरी पर जाड़ेया संगम होटल के समीप से टेलर को जप्त कर लिया है।

### दिव्यांग नैना व परिजनों ने योजना को सराहा



**ओरमांझी।** राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में पूर्व में बारीडीह पंचायत में ही 15 वर्षीय दिव्यांग नैना कुमारी को व्हील चेयर ट्राईसाकिल मिली थी। बुधवार को पंचायत में दूसरी बार कार्यक्रम का आयोजन होने पर नैना का हाल जानने उससे मिलने नैना का घर पहुंचने पर, देखते ही नैना व उसकी मां के चेहरे खिल गए। मुस्कुराते हुई नैना बतायी की वह साईकिल में बैठ कर स्कूल जाती है। वहीं उसकी मां ने भी राज्य सरकार की योजना की सरहाना की और बताया पेंषन व अन्य सुविधाए भी नैना को मिल रही हैं। नैना को उसके साईकिल धकेल कर स्कूल के अन्य बच्चे ही स्कूल ले जाते और लाने में मदद करते हैं।

## नाइट गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में एसटी फ्रेंड्स कांके बना चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कांके।** शहीद शेख भिखारी डे नाइट गोल्ड कप फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच एसटी फ्रेंड्स कांके व माचो सिटो पुंदाग के बीच मंगलवार को सीआइपी मैदान में खेला गया. मैच के दौरान दोनों टीम कोई भी गोल नहीं कर सकी.पेनल्टी शूटआउट से हुए फैसले में एसटी फ्रेंड कांके ने माचो सिटी पुनदाग 5-2 से हराया मैच से पूर्व मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र महतो ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया एसटी फ्रेंड्स के गोल कीपर अमन मुंडा ने पेनल्टी शूटआउट में दो बेहतरीन बचाव कर टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि झारखंड खेल प्रतिभाओं से भरा हुआ है यहां के युवा खेल के क्षेत्र में राज्य का नाम रौशन करेगें विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो वाईके दास चितरंजन कुमार जेएमएम जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम मोख्तार आलम समनुर मंसूरी जावेद अख्तर अंसारी डॉ हेमलाल मेहता अंतू तिर्की शाहिद इम्तियाज व इमरान जमील अख्तर के द्वारा विजेता टीम को गोल्ड कप व चार लाख की नकद राशि प्रदान किया गया वहीं उपविजेता टीम माचो क्लब पुंदाग को ढाई लाख पुरस्कार राशि व कप दिया गया तीसरे व चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 50 हजार की नगद राशि दी गई. साहिल को मैन ऑफ द सीरीज को पुरस्कार में स्कूटी दिया गया.ग्रामीण एसपी नौशाद आलम व रांची पुलिस की ओर से सभी खिलाड़ियों को जर्सी और फुटबॉल प्रदान किया गया. प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया था वही टूनार्मेंट को सफल बनाने में संरक्षक जेएमएम जिलाअध्यक्ष मुस्ताक आलम चितरंजन कुमार कमेटी के अध्यक्ष मुख्तार आलम सरफराज आलम (राजा) मो०इम्तियाज मो० इमरान मोहम्मद शाहिद खालिद अंसारी मो० मेराज मंजर आलम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### ईसाई समुदाय ने मृत विश्वासियों का स्मरण दिवस श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया



**सिल्ली।** प्रखंड के कलवाडीह स्थित कब्रिस्तान में बुधवार को मसीही समुदाय के लोगों ने मृत विश्वासियों का स्मरण दिवस मनाते हुए अपने पूर्वजों के कब्र पर मोमबत्तियां जलाई और श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान पुरोहितों द्वारा कब्र पर आशीष जल का छिड़काव किया गया। देर शाम गांव के कब्रिस्तान मोमबत्ती की रोशनी से जगमगा उठा। इस आयोजन के लिए एक सप्ताह पुर्व से कब्रस्थानों की सफाई तथा अपने पूर्वजों के कब्र की लिपाई पुताई कर फूलों से सुंदर ढंग से सजाया गया। इस दौरान प्रार्थना का आयोजन किया वहीं पूर्वजो को याद कर लोगों की आंखें नम हो उठी। फादर विल्यानुस मिंज ने बताया कि अन्य धर्मों के तथा ईसाई धर्मों में भी अपने पूर्वजों के आत्माओं को याद किया जाता है। प्रत्येक वर्ष 2 नवंबर को रोमन कैथोलिक धर्मवलंबी अपने पुर्वजों के लिए विशेष मसीही प्रार्थना किया जाता है। इसके पीछे विश्वास है कि ये आत्माएं भी ईसा मसीह की तरह जी उठेंगी।

# किसका पतन?

आज देश में जिस प्रकार से दुर्धटनायें बढ़ रही है उससे मौत के तांडव की खबर सुखियों में होती है। एक के बाद एक दुर्धटनाओं का सिलसिला रुकता ही नहीं है। यह सच है कि कुछ दुर्धटनाओं की प्रकृति ऐसी है कि उन्हें रोका नहीं जा सकता है। मोरबी में हुई पुल टूटने की घटना गुजरात जैसे समृद्ध राज्य में होना एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। सौ साल से अधिक पुराने पुल का उपयोग बिना किसी सावधानी के कैसे किया गया जबकि उसकी सुरक्षा एक अहम सवाल है। जिस निजी कंपनी को उसके मरम्मत और रख रखाव का जिम्मा दिया गया था उसने पैसे कमाने और बचाने के फेर में जो कुछ किया उसका परिणाम सैकड़ों लोगों ने जान गवांकर दी। चूंकि गुजरात में चुनाव का माहौल है और यह एक बड़ा मुद्दा बन सकता है इसलिये पीएम मोदी भी उस पुल तक पहुंचे और दुख व्यक्त किया। सवाल यह है कि जो कार्य किसी भी कारण से रोके नहीं जा सकते वहां जोखिम लिये जाने की बात समझ में आती है लेकिन जो कार्य मनोरंजन और पर्यटन से जुड़ा हो उस पर सावधानी क्यों नहीं बरती गयी। अंग्रेजों के समय से बनाये पुल-पुलिया, इमारते, सरकारी ऑफिस सहित अनेक संरचना की सुरक्षा से आम आदमी का जीवन जुड़ा है। इस कारण ऐसे मुद्दों पर गंभीरता आवश्यक है। देश के इतिहास पर गौर करें तो ऐसी घटना या दुर्धटना पर तत्कालिन कार्रवाई तो होती है लेकिन ऐसी सजा आज तक किसी को कठोर दंड नहीं दिया गया है जिससे कोई गंभीरता यह भय पैदा नहीं होता। इस मामले में जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उस पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है जिसमें उन्हें सजा मिलने की गुंजाइश बहुत कम है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले पर जनहित याचिका स्वीकार किया है।

# मतदाता सूची और आधार

श में मतदाता सूची को आधार नबंर से जोड़ने का विरोध जारी है। सुप्रीमकोर्ट मतदाता सूची के आंकड़ों को आधार से जोड़ने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने के लिए राजी हो गया। जस्टिस एस. के. कौल और जस्टिस अभय एस ओका की पीठ ने पूर्व मेजर जनरल एस जी वोम्बाटकेरे द्वारा दायर याचिका को ऐसे ही एक अन्य लंबित मुकदमे से जोड़ दिया। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता ने 2019 के आधार से जुड़े फैसले पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि अगर कुछ लाभ मांगे जाते हैं तो आधार अनिवार्य हो सकता है लेकिन अधिकारों से दूर रखने के लिए नहीं और मतदान का अधिकार ऐसे अधिकारों में सर्वोच्च है।' न्यायालय ने कहा, उन्होंने दो अन्य याचिकाएं भी दायर की हैं इसलिए इसे जोड़ने की आवश्यकता है। इस याचिका को उस मामले से संबद्ध करें।' याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि मतदान का अधिकार सबसे पवित्र अधिकारों में से एक है और अगर किसी के पास आधार नहीं है तो उसे इससे वंचित नहीं रखा जाना चाहिए। गौरतलब है कि केंद्र ने पहले निर्वाचन पंजीकरण नियमों में संशोधन करते हुए मतदाताओं के नाम एक साथ कई मतदाता सूचियों में होने से रोकने के लिए मतदाता सूची को आधार से जोड़ने की मंजूरी दी थी। इस कोण से अगर विचार किया जाए तो मतदान की प्रकिया में पारदर्शिता लाने के उदेश्य से उठाया गया कदम लगता है लेकिन सवाल यह है कि आज देश में ऐसे मतदाताओं का क्या होगा जिनके पास अब तक आधार कार्ड नहीं है। निश्चित तौर पर कुछ बहुत अच्छी दिखने वाली योजनाओं को लागू करते समय सरकारों को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि आज भी देश में पिछड़ापन बरकरार है।

# रेल निजीकरण के प्रयास से बचे केन्द्र सरकार





**- विनायक चटर्जी**

> वर्ष 2016 से ही यह बहस शुरू हो गई थी कि रेलवे को एक बार फिर राष्ट्रीयकृत किया जाए या नहीं। दोबारा राष्ट्रीयकरण करने की इस पहल का सतर्कतापूर्वक स्वागत किया गया है। कुछ धड़े, खासकर श्रम संगठन इस बात पर यकीन करने को तैयार नहीं हैं कि दक्षिणपंथी झुकाव रखने वाली कंजरवेटिव सरकार मौजूदा ढांचे को ध्वस्त करके दोबारा राष्ट्रीयकरण की व्यवस्था करेगी। भारत के लिए इसमें क्या सबक हैं?

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने हाल ही में अपने देश के ध्वस्त हो रहे रेलवे नेटवर्क की व्यापक जांच और मरम्मत की घोषणा करते हुए कहा, 'ब्रिटेन के विफल होते ट्रेन नेटवर्क को सरकार के नियंत्रण में लाया जाएगा।' उनका यह कदम सन 1980 और 1990 के दशक में कंजरवेटिव पार्टी की सरकारों द्वारा शुरू की गई निजीकरण की विवादास्पद नीति को पलट देगा। ग्रेट ब्रिटिश रेलवेज (जीबीआर) नामक एक नई सार्वजनिक संस्था गठित की जाएगी।

जीबीआर में समूचा रेलवे तंत्र शामिल होगा। यानी बुनियादी ढांचे से लेकर समय सारणी बनाने और टिकट से होने वाली आय संग्रहित करने तक का सारा काम। यह नई संस्था रेलवे नेटवर्क के पूंजीगत कार्य की योजना बनाने और उसका क्रियान्वयन करने के लिए भी उत्तरदायी होगी। फिलहाल बुनियादी ढांचे यानी ट्रैक, सिग्नल और बड़े स्टेशनों का प्रबंधन कर रही नेटवर्क रेल को इसमें समाहित कर लिया जाएगा। नई कंपनी निजी ट्रेन संचालकों को अनुबंधित करने का काम भी करेगी। ज्यादातर ट्रेनों के संचालन का काम उनके हवाले ही होगा।

गत 20 मई को घोषित इन प्रस्तावों को बीते 25 वर्ष में ब्रिटेन के रेलवे उद्योग के इतिहास की सबसे बड़ी घटना माना जा रहा है। रेलवे एक बार फिर सरकार के हाथ में आ रही है। हालांकि इस दौरान निजी क्षेत्र का सहयोग लिया जाएगा। 30 वर्षीय योजना का मसौदा परिवहन मंत्री ग्रांट शैप्स और ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व मुख्य कार्याधिकारी कीथ विलियम्स ने तैयार किया है। इस योजना को 2023 तक पूरी तरह क्रियान्वित करना है। सन 1979 में जब तत्कालीन थैचर प्रशासन ने ब्रिटिश रेलवे का निजीकरण करने का निर्णय लिया था तब मिजाज बिल्कुल अलग था। उस वक्त कहा गया था कि प्रबंधन कौशल, उद्यमिता की भावना हासिल करने और जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए रेलवे का निजीकरण किया जाएगा। चार वर्ष बाद 1993 में रेलवे अधिनियम लागू हो गया। ट्रैक अथॉरिटी मॉडल अपनाया गया जबकि यात्री रेल सेवाओं को निजी कंपनियों को सौंप दिया गया। स्थायी परिसंपत्तियों मसलन रेलवे ट्रैक, स्टेशन, सुरंगें, पुल, सिग्नल और डिपो आदि जो पुरानी सरकारी कंपनी ब्रिटिश रेल के आधिपत्य में थे उन्हें एक स्वतंत्र कंपनी रेलट्रैक के हवाले कर दिया गया। सन 1995 में रेलट्रैक ने यात्री रेल सेवाओं की फ्रैंचाइज निजी यात्री रेल परिचालन कंपनियों को देनी शुरू की।

अब इस फ्रैंचाइजी मॉडल में दिक्कतें देखी जा रही हैं क्योंकि इससे पूरा नेटवर्क बहुत हद तक विखंडित हो गया है।

ऐसे में फ्रैंचाइज का संचालन कर रही कंपनी के पास परिचालन को लेकर बहुत सीमित अधिकार रह जाते हैं और ट्रैक और ट्रेन परिचालकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो जाता है। ऐसा भी प्रतीत होता है कि ब्रिटेन में हर दो में से एक यात्री ट्रेन का संचालन फ्रांस और इटली की विदेशी कंपनियों द्वारा किए जाने के कारण ब्रिटेन के राष्ट्रीय गौरव को भी ठेस पहुंची। वर्ष 2016 से ही यह बहस शुरू हो गई थी कि रेलवे को एक बार फिर राष्ट्रीयकृत किया जाए या नहीं। दोबारा राष्ट्रीयकरण करने की इस पहल का सतर्कतापूर्वक स्वागत किया गया है। कुछ धड़े, खासकर श्रम संगठन इस बात पर यकीन करने को तैयार नहीं हैं कि दक्षिणपंथी झुकाव रखने वाली कंजरवेटिव सरकार मौजूदा ढांचे को ध्वस्त करके दोबारा राष्ट्रीयकरण की व्यवस्था करेगी। भारत के लिए इसमें क्या सबक हैं? नेटवर्क वाले बुनियादी ढांचे में तयशुदा बुनियादी ढांचे पर राज्य का स्वामित्व ही सही तरीका है। निजीकृत रेल नेटवर्क के विभाजित ढंग से काम करने को ही ब्रिटिश रेल के निजीकरण की नाकामी की वजह माना जाता है। भारत को रेल, तेल एवं गैस पाइपलाइन तथा बिजली पारेषण लाइनों का मुद्रीकरण करते हुए इस बात को ध्यान में रखना चाहिए।

यदि भारत इस बात को ध्यान में रखे तो बेहतर होगा कि कुछ ही विकसित देशों ने उपयोगी नेटवर्क्स को निजी क्षेत्र को बेचने के तरीके का अनुसरण किया है। यूरोप में आमतौर पर ऐसा मॉडल अपनाया गया है जहां परिसंपत्ति स्वामित्व को सेवा प्रावधानों से अलग रखा गया और निजी नेटवर्क्स को परिचालन रियायत प्रदान की गईं। उस तरह देखें तो नियमित जरूरत का पूंजीगत व्यय संप्रभु संस्थान ने किया जबकि निजी क्षेत्र को परिचालन क्षमता से भरपाई की गई।

भारत में निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) के प्रबंधन की संस्थागत क्षमता की कमी है। दस से अधिक केंद्रीय मंत्रालय और 28 राज्य तथा आठ केंद्रशासित प्रदेश अपने-अपने तरीके से पीपीपी का संचालन कर रहे हैं और इस बीच औपचारिक रूप से ज्ञान की साझेदारी नहीं की जा रही। ब्रिटेन सन 1990 के दशक में पीपीपी की अवधारणा आने के बाद से ही उसके बेहतरीन व्यवहार का अगुआ रहा है और उसने कई समर्थक संस्थान विकसित किए जिनका दुनिया भर में अनुकरण किया गया। निजी फाइनैंस इनीशिएटिव, निजी फाइनैंस पैनल, इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनैंस यूनिट और पार्टनरशिप्स यूके आदि इसके उदाहरण हैं। भारत को पीपीपी के संस्थानीकरण को गंभीरता से लेना होगा और 3पी इंडिया के रूप में उस पीपीपी थिंकटैंक की स्थापना करनी होगी जिसकी घोषणा अरुण जेटली ने जुलाई 2014 के बजट में की थी।

देश के पीपीपी कार्यक्रम में जो तनाव व्याप्त है उसके लिए नियामकीय आजादी की कमी भी एक वजह है। साहसी निर्णयों के लिए ऐसी आजादी आवश्यक है। पीपीपी को नियामकीय सहारे की आवश्यकता है।

भारत की खुद की जरूरतें नवंबर 2019 की केलकर समिति की पीपीपी रिपोर्ट में शामिल की गई हैं। शायद भारत के नीति निमार्ताओं के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि दुनिया के सर्वाधिक परिपक्व बाजारों में भी निजी पूंजी को शामिल करने का प्रारूप अभी भी उभर रहा है और अनुभवों के आधार पर नया आकार ग्रहण कर रहा है। इसके लिए जरूरी है कि उच्च गुणवत्ता वाली संस्थागत क्षमता विकसित की जाए।

## खास बात
### हंसते हुए रोना

**सहीराम**

**देखिए,** वादा पूरा न हो पाया तो ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने बस चालीस-पैंतालीस दिन बाद ही इस्तीफा दे दिया। लोगों को आश्चर्य हो रहा है कि देखो ब्रिटेन में भी वैसा ही होने लगा जैसा कभी हमारे यहां होता था और खूब होता था जब हमारे प्रधानमंत्री कभी पांच-पांच, छह-छह महीने और कभी ग्यारह-ग्यारह, बारह-बारह महीने की पारी खेला करते थे। अपने यहां सबसे छोटा कार्यकाल वाजपेयी जी का ही रहा, जब पहली बार उन्हें तेरह दिन में ही इस्तीफा देना पड़ा था। ब्रिटेन कभी हम पर राज करता था, लेकिन अब हम उसे राह दिखा रहे हैं- जल्दी-जल्दी प्रधानमंत्री बदलने की। खैर जी, ट्रस और ट्रंप में यही फर्क है। ट्रंप चुनाव हार कर भी हटने को तैयार नहीं थे, लेकिन ट्रस ने चालीस-पैंतालीस दिन बाद ही इसलिए इस्तीफा दे दिया कि जो वादा उन्होंने किया था, उसे वह पूरा नहीं कर पायीं। हमारे यहां तो नेता पांच साल तक अपने वादों को याद ही नहीं करता और दुबारा वही वादे कर देता है। लोगों को भी पता होता है कि वादे पुराने हैं। फिर भी वे नेताजी को फिर से चुन देते हैं। इस तरह हमारे यहां बरसों तक वही वादे चलते रहते हैं। सरकार बदल जाए, सरकारी पार्टी बदल जाए, पर वादे वही रहते हैं। यह रोने की भी बात है और हंसने की भी।

लेकिन वादे ब्रिटेन में भी वही हैं। जो वादे लिज ने किए थे, वही सुनक कर रहे हैं। मतलब भारत का अनुसरण जारी है। हो सकता है कि लिज को पता रहा हो कि वे वादे पूरे नहीं कर पाएंगी। फिर भी वे मुकाबले में कूद पड़ी थीं। तब भी अच्छे-खासे सुनक प्रधानमंत्री बन रहे थे, लेकिन लिज ने कहा कि प्रधानमंत्री तो मैं ही बनूंगी। हमारे यहां मुख्यमंत्रियों की रेस ऐसी ही होती है, जब मैं-मैं से पूरा राजनीतिक माहौल गुंजायमान रहता है। राजस्थान इसका उदाहरण है। लेकिन ब्रिटेन में तो आखिर सुनक प्रधानमंत्री बन गए, लेकिन राजस्थान में गहलोतजी, पायलट साहब को मुख्यमंत्री नहीं बनने देंगे। अरे वादे क्या होते हैं। सबके एक ही होते हैं। आपको क्या लगता है कि सुनक वादे पूरे कर देंगे। जो भी हो, हमें तो खुशी इसी बात की है कि एक भारतवंशी ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बन गया है।

# लक्ष्मण का क्रोध

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**गंगा** पार कराने के क्रम में केवट का विनय सुन लक्ष्मण जी क्रोधित हो गये। यहां तक कि उन्होंने धनुष उठा लिया। केवट जिस प्रेम में था, वह कहां डरनेवाला था। उसने कहा मुझे डर नहीं है। लक्ष्मण जी अगर मुझे वाण भी मार देते हैं फिर भी मैं बिना पांव घोये गंगा पार नहीं ले जाऊंगा। आपको तो पैर धोवना ही है। श्रीराम जी ने देखा कि बात आगे बढ़ें इससे पहले ही आज्ञा दे दी कि ठीक है भाई तुम्हारी बात सही है, जल्दी पांव धोकर मुझे गंगा पार करो। मुझे तो उस पार जाना है। प्रसन्नतापूर्वक केवट ने अपने पूरे परिवार को बुलाया कहा- जल्दी आ जाओ चरणों का जल धोकर पीयो। दुनिया का समस्त जप, तप योग साधन इसी जल में है। जल पीने से तुम्हारी मुक्ति हो जाएगी। चरण धो करके स्वयं पान किया पूरे परिवार को पिलाया और श्रीराम, लक्ष्णम और सीता को नाम से लेकर गंगा के उस पार चला गया। जब पार उतार दिया तो श्री राम ने सोचा कि इसका भाव तो सही है लेकिन यह मजदूर है। मुझे इसकी मजदूरी देनी चाहिए। वे देना चाहते थे लेंकिन तपसी का भेष था इसलिये पास में किसी तरह का द्रव्य नहीं था। उनकी यह स्थिति देखते ही सीता जी समझ गयी कि प्रभु कुछ देना चाहते हैं और न होने के कारण संकुचित हो रहें हैं। सीता जी ने अपनी अंगुठी उतार दी और धीरे से राम जी को पकड़ा दी। राम जी ने कहा केवट यह उतराई ले लो। केवट ने कहा प्रभु उतराई तो मिल गई, दुबारा क्यों दे रहें हैं? श्रीराम ने कहा कहां मिल गयी? केवट वोला मुझे मिल गयी। मैंने आज क्या नहीं पाया। यह जीव जनम-जनम से काम ही किया, मजदूरी कमाया और खा गया।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

> मैं दीया हूं। मेरी लड़ाई सिर्फ अंधेरे से है। किसी और से मेरी लड़ाई क्या हो सकती है?
> हवा तो बेवह ही मेरे खिलाफ है।
> **– अनुपम खेर, अभिनेता निर्देशक**

## आपके ट्वीट

> हमारे विपक्ष के अनुरोध पर हमें भी बुलावा आया है। यह दशार्ने का प्रयास किया गया है कि देखो ईडी कितना ताकतवर है। विपक्ष इस गलतफहमी में हैं कि जब वह राजनैतिक रूप से हमारा सामना नहीं कर सके तो संस्थाओं का दुरुप्रयोग करेंगे। इनके हर षड्यंत्र का जवाब यहां की जनता इन्हें देगी।
> **– हेमंत सोरेन, सीएम**





> आरदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के साथ आध्यात्मिक चर्चा एवं नारी सशक्तिकरण विषयक संवाद कर आनंदित हूं। भारत की कालजयी संस्कृति के प्रति संवेदनशीलता स्तुत्य है ।
> **–स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## कार्टून वर्ल्ड




# रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच भारत की बढ़ती अहमियत

## सामयिक

**पुष्परंजन**

**रूसी** रक्षा मंत्री जनरल सर्गेई शोइगु से उनके समकक्ष राजनाथ सिंह सितंबर, 2020 में मास्को में मिले थे। तब चीन के साथ सीमा पर तनातनी थी। कालचक्र देखिये कैसे घूमता है। 26 अक्तूबर, 2022 को जनरल सर्गेई ने फोन पर राजनाथ सिंह से अपनी समस्या के लिए बात की। उनकी चिंता यूक्रेन में तथाकथित डर्टी बम को लेकर है। जनरल सर्गेई ने ऐसी ही बातें चीन के प्रतिरक्षा मंत्री वेई फेंघी से भी की हैं। रक्षा मंत्री जनरल सर्गेई के साथ-साथ सेना प्रमुख वलेरी गेरासिमोव ने भी पश्चिमी देशों में अपने समर्थक सेनाध्यक्षों को फोन करके कहा, कि यूक्रेन विनाशकारी डर्टी बम के निर्माण में लगा है। इसके बरअक्स यूक्रेन के विदेशमंत्री दिमित्रो कुलेबा ने विएना स्थित अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अधिकरण (आईएईए) को पत्र लिखकर जांचकताओं को तत्काल भेजने की मांग की है। आईएईए के डीजी, राफाएल ग्रोसी ने कहा है कि हमारे एक्सपर्ट जल्द यूक्रेन जाएंगे। डर्टी बम का डर कभी इराक में पैदा किया गया था। वह मुल्क सद्दाम हुसैन सहित तबाह हो गया। वही डर इस समय यूक्रेन में है। भारत ने 25 अक्तूबर, 2022 को एक बार फिर एडवाइजरी जारी की है कि यूक्रेन में जो बचे-खुचे भारतीय हैं, वो तत्काल देश छोड़ दें।

डर्टी बम को परमाणु बमों की तुलना में बनाना आसान और काफी सस्ता है। इसे रेडियोलॉजिक डिस्पर्सन डिवाइस भी कहते हैं। मारक मामले में ये बहुत सटीक नहीं होते। मगर इससे एक सीमित इलाके में जान-माल का नुकसान तो होता ही है। डर्टी बमों में डायनामाइट जैसे पारंपरिक विस्फोटक का प्रयोग होता है। इन्हें रेडियोधर्मी पदार्थ के साथ पैक किया जाता है। धमाके के जोर से रेडियोधर्मी पदार्थ वातावरण में फैलते हैं। वही रेडियोधर्मी पदार्थ की मात्रा इसे घातक बनाती है।

अब तक दुनिया में किसी हिस्से में डर्टी बम के विस्फोट का रिकॉर्ड नहीं है। मगर, 1998 में चेचेन्या में एक रेल लाइन के पास इस तरह के धमाके की कोशिश नकाम की गई थी। 2002 में शिकागो के पास एक अमेरिकी नागरिक खोसे पेडिला को डर्टी बम की तैयारी के शक में पकड़ा गया था। उसके संबंध अल कायदा से बताये गये थे। खोसे पेडिला को 21 साल की जेल हुई थी। तीसरा था सद्दाम हुसैन, जिस पर यूएस इंटेलिजेंस ने शक किया था कि उसने अपने एटमी वैज्ञानिकों को डर्टी बम बनाने के आदेश दिये थे। इन तीनों घटनाओं के अलावा कुछ ऐसा नहीं मिलता।

इस समय यूक्रेन के चार एटमी प्लांट्स में 15 रिएक्टर संचालित हैं। आईएईए से जांचकताओं की टीम खेमलनिस्की, रिव्ने, यूजनूयूक्रेंस, जापोरिझिया न्यूक्लियर प्लांट में से कहां जाती है, अभी स्पष्ट नहीं किया गया है। सात माह पहले, 30 मार्च, 2022 को मास्को ने दावा किया था कि यूक्रेन में खतरनाक वायरस स्टोर किए गए हैं, जिसे रूस के खिलाफ इस्तेमाल किया जा सकता है। तब कहा गया था कि अमेरिका के पास 30 देशों में 336 जैविक अनुसंधान लैब हैं, जिनमें 26 प्रयोगशालाएं यूक्रेन में हैं। मास्को ने संदेह व्यक्त किया था कि अमेरिका की मदद से यूक्रेन इन लैब्स के जरिए रूस पर जैविक हथियारों से हमला कर सकता है।

इस बार भी रूस ने ऐसे किसी लैब का नाम नहीं लिया, इससे आईएईए के जांचकताओं में कन्फ्यूजन बढ़ सकती है। उसके हवाले से भारत को रणभूमि की वस्तुस्थिति से अवगत कराना रूसी सत्ता प्रतिष्ठान आवश्यक समझता है। भारत इस समय शंघाई कॉपोर्रेशन आगेर्नाइजेशन (एससीओ) का अध्यक्ष देश है, अगले साल इसकी शिखर बैठक भी यहां होनी है। शायद ये वजहें हैं कि पुतिन भारत को भरोसे में लेना जरूरी समझते हों।

## लेटर टू एडिटर

### भारत की अहमियत

भारत व्यापारिक तथा सामरिक दृष्टि से रूस तथा अमेरिका दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। भारत की रूस-यूक्रेन युद्ध में तटस्थता की रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी प्रशंसा की है। रूस, यूक्रेन, अमेरिका, नाटो के देश सभी परमाणु अस्त्रों के प्रयोग से होने वाले महाविनाश के बारे में अच्छी तरह जानते हैं। भारत भी संबंधित पक्षों को यही सलाह देता रहा है।

**–श्यामलाल सिंह, रांची**

### धर्म के बीच अंतर

मुद्रा पर चित्र लगाने और अर्थव्यवस्था में विकास के लिए प्रयास न करने से निश्चित रूप से देश का विकास नहीं होगा। यह कथन केवल धर्मों के बीच अंतर पैदा करेगा। सवाल उठता है कि वे कैसे धर्म के आधार पर लोगों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि केजरीवाल जैसे शिक्षित नेता इस प्रकार का दुष्प्रचार में लगे हैं।

**–पारुल गुप्ता, जमशेदपुर**

# राज्य सरकार का सहयोग भी मिलता है गौशाला को

## समाज

**विजय केसरी**

**राज्य** सरकार के कानून के तहत पकड़े गए हर गाय के रखरखाव के लिए एक निश्चित राशि गौशाला को दी जानी है। लेकिन उक्त राशि की निकासी में काफी अड़चने आती हैं। इस विषय पर राज्य सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। बीते दस वर्षों के दौरान हजारीबाग गौशाला में काफी तब्दीलियां देखने को मिली हैं। गायों की बेहतर से बेहतर सेवा हो। चिकित्सा हो। देखभाल हो। इसका विशेष ख्याल रखा गया है। आज गायें गौशाला की सेवा से पूरी तरह संतुष्ट नजर आती हैं।

हर वर्ष कार्तिक शुक्ल अष्टमी को स्थानीय हजारीबाग गौशाला में गोपाष्टमी मेला का आयोजन होता है। गोपाष्टमी के संदर्भ में यह बात प्रचलित है कि भगवान कृष्ण को गौ वंश बहुत प्रेम था। गोवंश के साथ खेलना, उनको चराना उन्हें बहुत ही अच्छा लगता था। भगवान कृष्ण की बांसुरी की गोपियों संग गायें भी दीवानी थी । जैसे कृष्ण की बांसुरी बज जाती थी, गायें कहीं भी हों, बांसुरी की धुन पर कृष्ण के समीप पहुंच ही जाती थीं। गायों की रक्षा करने के कारण भगवान श्री कृष्ण जी का अति प्रिय नाम गोविंद पड़ा था । उन्होंने गोप - गोपियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत के धारण किया था। आठवें दिन इन्द्र अहंकार छोकर भगवान श्री कृष्ण की शरण में आए थे। कामधेनु ने भगवान कृष्ण का तिलक किया था, उसी दिन से इनका नाम गोविंद पड़ा था। इसी कारण कार्तिक अष्टमी को गोपाष्टमी पर्व मनाया जाता है। गायों के संदर्भ में हमारे शास्त्रों का कथन है कि गाय के अंग प्रत्यंग में देवी देवताओं की वास है । ?अर्थात गाय समस्त प्राणियों की माता है । विक्रम संवत के पूजित 12 मासों में कार्तिक मास को सबसे पवित्र मास के रूप में माना जाता है । गाय को गौ माता का दर्जा प्राप्त है । जन्म देने वाली माता के दूध के बाद गौ माता के दूध को रखा गया है ।



इससे प्रतीत होता है कि हमारी भारतीय संस्कृति ने गौमाता को कितना ऊंचा स्थान प्रदान किया है । आज की बदली परिस्थिति में हम सबों को यह विचार करने की जरूरत है कि गोवंश की रक्षा के लिए हम सब क्या कर रहे हैं ? हमारे प्राचीन भारत की कृषि की आत्मा गाय के प्रति हम सबों का कुछ फर्ज है, जिसे चुकता करना है। गोपाष्टमी पर हर वर्ष हजारीबाग गौशाला में एक मेला का आयोजन होता है । हम सब गौशाला जाकर अपने हाथों से गायों की सेवा करें।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### 8 टन अवैध स्टीम कोयला लदे ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

**कुजू।** कुजू ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात ओपी क्षेत्र के मुरपा बिरहोर टोला के समीप छापामारी कर अवैध कोयला लोड कर रहे ट्रक को जब्त किया। साथ हीं अवैध कारोबार से जुड़ा एक व्यक्ति को मौके वारदात से गिरफ्तार किया। जिसे बुधवार को जेल भेजा गया। जब्त ट्रक पर करीब 8 टन स्टीम कोयला लदा है वहीं उस स्थान से करीब 5 टन जमा कोयले को पुलिस द्वारा सीसीएल सुरक्षा विभाग को सुपुर्द किया गया। मामले को लेकर कुजू ओपी में तीन नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में संजय कुमार पिता स्व शंभूनाथ सिंह (भोजपुर), मनोज कुमार पिता जगन्नाथ राय औरंगाबाद एवं कुलदीप महतो पिता रामकिशुन महतो मुरपा (कुजू) सहित जब्त ट्रक संख्या बीआर 02जीए-9210 के चालक एवं मालिक शामिल है। मौके से गिरफ्तार संजय कुमार को जेल भेज दिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में बालक घायल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित सेवा सदन के समीप बुधवार को स्कूटी व बाइक व बाईक की टक्कर में एक बालक घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसका निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। जानकारी अनुसार बरवा टोला साकुल बस्ती पतरातू निवासी सिकराम सिंह का 15 वर्षीय पुत्र प्रियांशु सिंह अपनी स्कूटी जेएच 24 एच 1749 से पतरातु से भुरकुंडा आ रहा था। इसी क्रम में बाइक सवार ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार घायल हो गया। प्रियांश को सर पर चोटे आई है। जानकारी के अनुसार बिरसा चौक स्थित मंडल किलीनिक में प्राथमिक उपचार के बाद घायल बालक को बेहतर इलाज के लिए रलवे हॉस्पीटल पतरातू रेफर कर दिया गया है।

### महिलाओं ने आंवला पेड़ का किया पूजन

**बरही।** कार्तिक माह की नवमी तिथि को अक्षय नवमी के अवसर अब्दुल कलाम पार्क में पांच पंडितों द्वारा विधिवत पूजन किया गया। महिलाएं इस पूजन को श्रद्धापूर्वक आवलें वृक्ष के नीचे बैठकर किया। शास्त्रो के अनुसार कहा जाता हैं कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठने व खाना खाने से सपरिवार के सभी कष्ट दूर होतें है और पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन जो भी शुभ कार्य जैसे दान, पूजा, भक्ति, सेवा करने से पुण्य की प्राप्त होती है। पंडित अनुज शर्मा के अनुसार इस पूजन को करने के बाद आज के दिन ऐसा कोई काम न करे कि जिससे किसी जीव को दु:ख पहुंचे,इससे लोगों को इसके परिणाम कई जन्मों तक फल मिल सकती है। साथ ही कुष्मांड दान पूजा एक बड़ा यज्ञ है जो अश्वमेघ यज्ञ से बढ़कर माना गया है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय ओरला में पोशाक वितरण कार्यक्रम

**कुजू ।** मांडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ओरला के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बुधवार को पोशाक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य दयामंती देवी, पंचायत मुखिया गुड़िया देवी तथा पंसस गुड़िया देवी मौजूद थीं। इस दौरान कक्षा 1 व 2 के कुल 43 छात्र छात्राओं को पोशाक मुख्य अतिथियों के हाथों दिया गया। प्रधानाध्यापक नेहरू लाल ने मौके पर अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार साक्षर दर बढ़ाने की दिशा में अनेक प्रकार की योजनाएं चला रही हैं। स्कूली बच्चों के बीच निशुल्क पाठ्यपस्तक, पोशाक, मध्याह्न भोजन, आने जाने के लिए साइकिल, छात्रवृत्ति आदि सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। फिलहाल आज के इस कार्यक्रम में कक्षा 1 व 2 के नामांकित कुल 43 छात्र छात्राओं को पोशाक दिया जा रहा है। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार स्कूली बच्चों के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन पूरी तरह से कर रही है। बच्चों को भी चाहिए कि वे मन लगाकर पढ़ें। बच्चों के अभिभावकों का भी दायित्व बनता है कि वे अपने-अपने बच्चों को प्रतिदिन समय पर स्कूल भेजें।

# बरकाकाना जोड़ा तालाब के पास अपराधियों ने की गोलीबारी

## घटना में केके कंस्ट्रक्शन का अधिकारी घायल

खबर मन्त्र संवाददाता


घटना के बाद पहुंची पुलिस

**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र में 2 नवंबर को अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया । घटना सुबह 8:30 बजे की है। जिसमें केके कंपनी के परचेसिंग अधिकारी विजय कुमार धवन के जांघ में गोली जा लगी। अधिकारी को इलाज के लिए अस्पताल में भेज दिया गया। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने बताया कि हीरो हौंडा शाइन बाइक पर सवार दो युवकों द्वारा गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया। अपराधी मास्क लगाये हुए थे। केके कंपनी के परचेज अधिकारी विजय कुमार धवन की जांघ में गोली लगने से वे घायल हो गये। गोलीबारी के बाद बाइक पर सवार दोनों अपराधी तेलियातू बस्ती की तरफ से भाग निकले। घायल अधिकारी को उपचार के लिए मेदांता रांची भेज दिया गया है। घटना को लेकर कहा जा रहा है कि रंगदारी के लिए इसे अंजाम दिया गया है। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग जुट गये और अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग करने लगे। घटनास्थल पहंचे बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार ने कहा कि घटना में शामिल अपराधियों को शीघ्र पकड़ा जाएगा। इधर, बरकाकाना ओपी पुलिस ने ओपी क्षेत्र में जगह जगह दो पहिया वाहनों की जांच की। पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिए वाहनों की जांच की जा रही है।

# स्कूल जाने से कतराने लगे हैं छात्र-छात्राएं

## पानी की किल्लत से स्कूल के चारो शौचालय की स्थिति नारकीय

संदीप पांडेय



**टाटीझरिया।** प्रखंड के ज्यादातर स्कूलों में शौचालय और मूलभूत सुविधाएं बदहाल पड़ी हैं। इससे छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है। प्रखंड के उत्क्रमित +2उच्च विद्यालय झरपो प्रांगण स्थित मध्य विद्यालय जहां खैरा, झरपो, भराजो पंचायत से लगभग 1200 की संख्या में छात्र -छात्राएं विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को शौचालय जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या का मूल जड़ पानी का व्यवस्था न होना बताया जा रहा है। इस सम्बन्ध में खबरमन्त्र संवाददाता ने जब स्कूल के शिक्षक कोलेश्वर मिश्रा से जानकारी ली तो उन्होंने कि इस इलाके की अंडरग्राउंड लेवल में पानी ना के बराबर है। स्कूल प्रबंधन ने पांच बार बोरिंग कराई लेकिन पांचो बोरिंग फेल हो गए। **चार शौचालय की स्थिति भयावह:** पानी नहीं होने के कारण साफ-सफाई में लापरवाही होने से यहां छात्राओं ने चारो शौचालय का उपयोग ही बंद कर दिया है। इस कारण कई छात्राएं स्कूल जाने से कतराने लगी है। छात्राओं की संख्या के हिसाब से यहां व्यवस्थाएं नहीं है। कई छात्राओं का कहना है कि स्कूल के शौचालय की स्थिति इतनी खराब है कि इसका उपयोग कोई भी नहीं कर सकता। लेकिन शिकायत करने पर डांट पड़ने के डर से सब चुप रहते हैं। पीने के पानी को भी तरस जाते हैं। बताया जाता है कि इस विद्यालय में कई नेता, मंत्री निरीक्षण करने हेतू गए। लेकिन सिर्फ आश्वासन ही विद्यालय परिवार को मिला।

**क्या कहते है छात्र-छात्राएं**

वही छात्रों का कहना है कि जल नही रहने के कारण पेयजल की काफी समस्या है। एमडीएम भोजन भी समयानुसार नही मिल पाता है। विभाग को पेयजल समस्या का समाधान अविलंब विद्यालय परिषर में करनी चाहिए।

**क्या कहते हैं प्रधानाध्यापक**

इस मामले पर प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कु.दीपक ने कहा कि सबंधित विभाग को विद्यालय विकास से सबंधित समस्याओ को लेकर आवेदन दिया गया है। जल्द ही इस समस्या का

# आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है मेला : अंबा प्रसाद


मंच पर अतिथि अंबा प्रसाद व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर के देवरिया फुटबॉल मैदान में बुधवार को सोहराय डायर जतरा मेला लगाया गया। इसका उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, पार्षद जयराम बेदिया, मुखिया विकास नायक ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर है, इसमें झारखंड की संस्कृति व सभ्यता झलकती है। उन्होंने मेला आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। साथ ही मेला दो दिलों को जोड़ने का भी काम करता है। पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि सोहराय डायर जतरा मेला झारखंडी संस्कृति की विरासत है। यह हमारे पहचान और अस्तित्व से जुड़ा है। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी और हिन्दी गानों पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झुमाए रखा। मौके पर भदानीनगर थाना प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल, कुरसे मुखिया संदीप उरांव, सोनामती देवी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, रामफल बेदिया, जवाहरनगर, रसदा सहित दर्जनों पंचायत के सैंकड़ो लोगों मौजूद थे।

# आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कई सामग्रियों का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता


वितरण करतें अधिकारी

**रजरप्पा।** आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को चितरपुर प्रखंड अंतर्गत चितरपुर दक्षिणी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय जान्हे चितरपुर में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ विधायक ममता देवी, बीडीओ उदय कुमार, अंचल अधिकारी चितरपुर तृप्ति विजया कुजुर, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, उप प्रमुख अरशद उल्लाह, मुखिया रेहाना प्रवीण, प्रखंड अध्यक्ष एहसान उल्लाह, पंसस, उप मुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया। विधायक ममता देवी ने हेमंत सरकार द्वारा की गई जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम के माध्यम से आपके पास आपके गांव तक पहुंचने का काम किया है। कार्यक्रम के दौरान कई लाभुकों के बीच आवास की चाभी, पेंशन का स्वीकृति पत्र, चेक, सोना सोबरन योजना के तहत धोती- साड़ी, कंबल आदि का वितरण किया गया। साथ ही कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निपटारा भी किया गया। वहीं लोगों की समस्याएं सुनने और उनका आवेदन लेने के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। मंच का संचालन अनिल महतो एवं कुमार विवेक ने किया। वही बीडीओ उदय कुमार ने विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल महतो, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र महतो, बीपीओ कामाख्या प्रसाद, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ब्रम्हनंद पाठक, बजरंग महतो, कमलेश कुमार, झामुमो प्रखंड सचिव विमल करमाली, उपाध्यक्ष मो. शकील, लखीनारायण पोद्दार, कांग्रेस के हब्बीबुल्लाह, कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे सरकारी शिक्षक

**बड़कागॉव।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश इकाई के आह्वान पर प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में पदस्थापित सभी शिक्षकों की एक बैठक हुई। निदेर्शानुसार 4 और 5 नवंबर को काला बिल्ला लगाकर सभी शिक्षक कार्य करेंगे। शिक्षकों के 4 सूत्री मांग को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है जिसके अंतर्गत एमएसीपी लाभ, छठे वेतन पुनरीक्षण की विसंगति को दूर करना, अंतर जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाना एवं गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करने की मांग की जा रही है। दूसरे चरण में 7 नवंबर से लेकर 12 नवंबर के बीच अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विधायक एवं सांसद को मांग से संबंधित पत्र सौप कर मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे। तृतीय चरण में 19 नवंबर को राज्य के शिक्षकों के द्वारा मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष चेतलाल राम,अवधेश कुमार,शिवराम शर्मा,अशोक कुमार, जयप्रकाश दास,संतोष कुमार सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

### भाजपा 10 नवंबर को करेगी प्रखंड कार्यालय का घेराव

**बड़कागांव।** भाजपा बड़कागांव प्रखंड के दोनों मंडल की संयुक्त बैठक राम-जानकी मंदिर बड़कागांव के प्रांगण में पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता में की गई। संचालन इंद्र भूषण एवं नरसिंह प्रसाद ने किया। बैठक में प्रभारी के रूप में जिला से दामोदर सिंह उपस्थित हुए। बैठक प्रदेश भाजपा के निदेर्शानुसार 7 नवंबर से 13 नवंबर तक प्रखंड परिसर में प्रदर्शन को लेकर बैठक की गई। जिसमें 10 नवंबर को बड़कागांव ब्लॉक परिसर में प्रदेश के निवर्तमान सरकार के खिलाफ लुट खसोट एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं स्थानीय मुद्दों जैसे कोल कंपनियों, विस्थापन एवं अन्य मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत 10 नवंबर को सुबह 11 बजे सुर्य मंदिर से बैनर, पोस्टर, तख्तियां लेकर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता जुलूस के शक्ल में नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय में सभा करते हुए प्रदर्शन किया जाएगा।

### जागृति महिला संघ ने सेनेटरी पेड वेंडिंग मशीन भेंट की

**हजारीबाग।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा संचालित जागृति महिला संघ की अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव ने बुधवार को मटवारी, हजारीबाग स्थित राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका +2विद्यालय के बच्चियों के लिए सेनेटरी पेड वेंडिंग मशीन भेंट किया श्रीमति श्रीवास्तव ने बच्चियों को अपने संबोधन में सेनेटरी के इस्तेमाल एवं बच्चियों के यौवनावस्था के दौरान होने वाले मासिक चक्र, विभिन्न शरीरिक, भवनात्मक आचरण संबंधी परिवर्तनों, संक्रमणों आदि के प्रति उनके संवेदनशीलता के विषय में बताया तथा उन्होने शिक्षकों एवं बच्चियों अभिभावकों से बात करते हुए कहा की 21वीं सदी में माता-पिता का ध्यान न केवल बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों पर बल्कि उनके स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर भी होना चाहिए। कार्यक्रम में जागृति महिला संघ सदस्य अपर्णा अस्थाना, सुदीप्ता नन्दी, अनीता पाणीग्रही, दीपिका चौहान, इतीश्री प्रियदर्शनी, पिंकी महतो शहीत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### मुखिया ने 100 गरीबों के बीच बाटा कंबल



**इचाक।** प्रखंड के मंगुरा पंचायत की मुखिया मीना देवी ने बुधवार को पंचायत परिसर में एक सौ गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया .मुखिया ने कहा कि सरकार की ओर से पंचायत को 130 कमल प्राप्त हुआ था शेष कंबल अत्यंत गरीबों को चिन्हित कर दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल बांटी गई । नौ नवंबर को आयोजित होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने एवं पदाधिकारियों के समक्ष अपने समस्याओं को रखने की अपील की. कंबल वितरण करने वालों में उप मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण किशोर मेहता, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि छोटन प्रसाद मेहता, वगोविंद मेहता, लक्ष्मण मेहता, किरण देवी शामिल हैं । मौके पर कंबल पाने वाले कई गरीब वृद्ध एवम पंचायत के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### आइएमए एवं झासा के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा



**रामगढ़।** आईएमए एवं झासा के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को एसपी पीयूष पांडे से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में एसपी को बताया गया कि डॉ सैयद हिदायतुल्लाह द्वारा परिचय देने के बाद भी की वे एक चिकित्सक हैं उनके साथ पुलिस ने बदसलूकी किया और मांडू थाना परिसर ले गई। वहीं, एसपी ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि यह मामला एक कन्फ्यूजन की वजह से हुआ। कहा कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हथियार से लैस अपराधी मांडू की तरफ से हजारीबाग की ओर जा रहे हैं। जिसके कारण पुलिस से यह गलती हो गई। एसपी ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि पुलिस इंस्पेक्टर मांडू ने सम्मानित चिकित्सक डॉ सैयद हिदायतुल्लाह से इसके लिए माफी मांग ली है। एसपी ने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि मैं और पुलिस विभाग इसके लिए खेद व्यक्त करता है। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग चिकित्सकों का आदर और सम्मान करता है। कहा कि यदि कोई चूक हुई तो वह भूलवश हुई है। मेरा चिकित्सकों से अनुरोध है कि इसे अन्यथा नही लें। एसपी ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि अगली बैठक में मेरा प्रयास होगा कि मैथ्यू केस में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय को आधार मानते हुए चिकित्सकों पर एक्सपर्ट मेडिकल बोर्ड द्वारा नेगलिजेंट सिद्ध हुए बिना एफआईआर नहीं लिया जाए और इसको लेकर जिला के सभी थाना व ओपी प्रभारी को निर्देश दिया जाए। जबकि चिकित्सकों की ओर से संबंधित अस्पतालों की सुरक्षा संबंधी मामलों के निष्पादन के लिए डीएसपी को नामित किया जाए। जिनका संपर्क नंबर संगठन के अध्यक्ष और सचिव के साथ शेयर किया जाए। ताकि जरूरत होने पर उनकी मदद ली जा सके।

# मरीजों को समुचित इलाज देना लक्ष्य: स्वास्थ्य सचिव

खबर मंत्र संवाददाता


निरीक्षण करते स्वास्थ्य सचिव

**हजारीबाग।** विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, झारखंड सरकार ने बुधवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग का दौरा किया। इस निरीक्षण क्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, आईएएस प्रशिक्षु शताब्दी मजूमदार मौजूद रहे। भ्रमण के दौरान उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सहित अन्य व्यवस्थाओं को जांचा। स्वास्थ्य सचिव ने मेडिकल कॉलेज के संपूर्ण भवन के विभिन्न विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा भवन परिसर में निमार्णाधीन स्टॉफ आवास निर्माण कार्य, हॉस्टल निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल रखते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मेडिकल कॉलेज में स्टाफ और अन्य सुविधाओं को लेकर प्रधानाचार्य व अन्य स्टाफ से बातचीत की।

**स्वास्थ्य सचिव ने दिए निर्देश:** श्री सिंह ने कहा कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की आधारभूत संरचना अच्छी है। उन्होने कहा कि कॉलेज प्रबंधन कालेज की सुविधा बढ़ाने के लिए प्रस्ताव दे। उन्होने कॉलेज परिसर में सीसीटीवी,24घंटे बिजली की व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए बस की सुविधा, सभी स्टॉफ व डॉक्टरों का आवश्यक रूप से बायो मेट्रिक अटेंडेंस बनाने का निर्देश दिया। उन्होने अध्ययनरत विद्यार्थियों के पाठ्य सामग्री के फिजिकल व डिजिटल मोड में रखने का निर्देश दिया।

**सदर अस्पताल का भी किया दौरा**

स्वास्थ्य सेवाएं सुद्दढ़ हो तथा मेडिकल सुविधाएं आमजन तक सुलभ हो सके इस बाबत आज 2 नवंबर को स्वास्थ्य सचिव ने सदर अस्पताल का भी दौरा किया। उन्होने सदर अस्पताल की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होने शिशु वार्ड, जनरल वार्ड, महिला वार्ड सहित नए भवन के आईसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। ओपीडी में डॉक्टरों की अव्यवस्था पर स्वास्थ्य सचिव खासे नाराज हुए। उन्होने कहा कि जिला सदर अस्पताल में दूर दराज के मरीज आते है उन्हे समुचित इलाज उपलब्ध कराना प्रमुख उद्देश्य है इसलिए उन्होने कड़े शब्दों में चिकित्सकों को बाहर की दवा न लिखकर जेनेरिक दवा लिखने का सख़्त निर्देश दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य उप निदेशक,मेडिकल कॉलेज सुप्रीटेंडेंट, प्रिंसिपल, सिविल सर्जन, संकायाध्यक्ष व मेडीकल स्टॉफ उपस्थित थे।

# होलंग पैक्स बैंक में अनियमितता के मामले का खुलासा, ग्राहक हुए परेशान

खबर मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्राथमिक कृषि सहयोग साख समिति की ओर से संचालित होलंग स्थित पैक्स बैंक में करीब 100 लोगों के 50 लाख से भी अधिक की राशि फंसी हुई है। बैंक जमाकताओं की राशि वापस नहीं कर रहा है और ना ही बैंक खोला जा रहा है। राशि वापसी के लिए खाताधारक परेशान हैं। टाटीझरिया पंचायत के नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह के बनने के पश्चात उनमें उम्मीद जग गई है। इसको लेकर उन्होंने अपने खाता का ब्योरा उन्हें सौंपा है। इसमें चंचला देवी के 1 लाख 58 हजार, संतोष वर्णवाल का 1 लाख 40 हजार, प्रियंका कुमारी व डेगनी का 1 लाख 20 हजार का फिक्स डिपोजिट, जितनी देवी का 70 हजार, अशोक वर्णवाल का 80 हजार, जितेंद्र कुमार का 2 लाख, शिवनारायण प्रसाद का 1 लाख 66 हजार, किरण देवी 52 हजार, मो. हबीब 71 हजार, राजू महतो का 1 लाख 11 हजार, हर्ष कुमार का 50 हजार, शिवशंकर यादव का 58 हजार, सरिता देवी का करीब 2 लाख, इसके अलावा हीरामन महतो, एतवरिया देवी, लखीनारायण महतो,डेगलाल महतो, बिमला देवी समेत कई लोगों का पैसा बैंक में फंसा हुआ है। इनमें से कई ऐसे निर्धन परिवार हैं जो बेटी की शादी, बेटे की पढाई, बीमारी का ईलाज और मकान बनाने जैसे जरूरी चीजों के लिए बैंक में पैसा जमा किया था। लेकिन अबतक उन्हें पैसा नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने मामले को डीसी से अवगत कराते हुए इसका विकल्प निकालने की बात रखा है। उन्होंने बताया कि खाताधारकों के अलावा 8 लाख 64 हजार रुपया धान खरीदी और 10 लाख रुपये ट्रैक्टर का पैसा बकाया है। उन्होंने पैक्स को सुचारू रूप से संचालित करने में आ रही व्यवधान का निष्कर्ष निकालने की मांग किया है।

# खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग: डॉ.आरके दास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह में 3 एवं 4 नवम्बर को आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जुबिली कॉलेज की महिला व पुरूष टीम भी अपना जोहर दिखायेगी। बुधवार को महिला-पुरूष दोनो टीमों को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। साथ ही उम्मीद जताई है कि टीम वहां बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ जीवन में खेल-कूद का भी बड़ा महत्व है। खेल-खूद जीवन का अभिन्न अंग तो होता ही है यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। श्री दास ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर खेलों में भी कैरियर बनाया जा सकता है। प्रतियोगिता के लिए टीम मैनेजर डॉ. अरूण कुमार सिंह व कोच ज्योति कुमारी व नवीन कुमार नेतृत्व में टीम रवाना हुई।

# ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान ही शिविर का उद्देश्य : अंबा प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बुधवार को जवाहर नगर पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया फूलमी देवी व संचालन पंचायत समिति सदस्य सीमा मुखर्जी व सुरेंद्र यादव ने किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पतरातू बीडीओ हलधर कुमार सेठी, बीसीओ राजेश एक्का, प्रखंड प्रमुख कोशल्या देवी, पार्षद जयराम बेदिया, जेइ प्रवीण कुमार, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय व ष्णा सिंह एवं पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा दर्जनो आवेदन सौंपा गया। वहीं कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में स्टॉल के माध्यम पशुधन विकास योजना, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, कार्ड बनाने, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बाल विकास परियोजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, श्रम योजना, राज्य समाजिक सुरक्षा पेंशन आदि के तहत कई समस्याओं का समाधान किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन समस्याओं का समाधान तो हो ही रहा है, इससे ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें इसका लाभ दिलाने का भी काम किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीणों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होता है। ग्रामीण ऐसे शिविरों में पहुंचकर समस्याओं का निदान कराएं।

स्पीड न्यूज

## विक्षिप्त युवती के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

सिसई । थाना क्षेत्र के सियान गांव की एक नाबालिक विक्षिप्त युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी नाबालिक युवती मां के साथ घर से कुछ दूर डोभा में कपड़ा धोने व नहाने गई थी। नहाकर दोनों मां बेटी घर वापस लौट रही थी। नाबालिक युवती धीरे-धीरे चल रही थी जबकि मां तेजी से चलकर घर पहुंच गई और घर में काम करने लगी। युवती को अकेले देख बघनी गांव के 38 वर्षीय हुसैन अंसारी ने उसे पकड़कर घर के पास एक तालाब के समीप झाड़ी में ले गया और वहां जबरन बलात्कार किया।झाड़ी के पास मां पहुंची तो हुसैन अंसारी वहां से भाग रहा था। हो हंगामा करने के बाद ग्रामीण जुटे और उसको पकड़ कर मारपीट करते हुए सिसई पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक को कब्जे में कर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया।

## शहर की समस्याओं को लेकर धरना 9 को

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल गुमला नगर परिषद इकाई द्वारा शहरवासियों की समस्याओं को लेकर 9 नवंबर को नगर परिषद कार्यालय गुमला के समक्ष धरना कार्यक्रम आयोजित की गई है। गुमला नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों में भारी अनियमितता बरते जाने तथा पेयजल, बिजली, साफ-सफाई इत्यादि कई समस्याओं से शहरवासी परेशान हैं ।

## चैनपुरः राशन वितरण में अनियमितता का आरोप

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के टोंगो गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को अंचलाधिकारी गौतम कुमार को ज्ञापन सौंपकर पीडीएस दुकान संचालक चमेली ग्रुप पर राशन वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया। कार्डधारियों ने कहा कि चमेली ग्रुप के द्वारा राज्य सरकार से जो भी राशन वितरण के लिए मिलता है वह किसी भी कार्डधारियों तक नहीं पहुंच पाता है और कार्डधारियो को अंगूठा लगवा के उनके कार्ड पर एंट्री भी कर दी जाती है। पीएम गरीब कल्याण योजना का राशन तो उन्हें नहीं मिलता है पैसे वाले राशन में भी डीलर काट कर वितरण करता है। जिसपर अंचल अधिकारी ने कहा कि 2 महीने का राशन अविलंब दिलवाया जाएगा तथा डीलर पर उचित करवाई की जाएगी।

## बैटरी रिक्शा के लिए परेशान हैं दो दिव्यांग

गुमला। सरकारी योजना के अंतर्गत जिला कल्याण कार्यालय गुमला द्वारा जुलाई माह में ही जिले के लगभग पंद्रह विकलांग व्यक्तियों को ई बैटरी रिक्शा मुहैया कराने के लिए आवेदन लिया गया। ई बैटरी रिक्शा कार्यालय में मंगा भी लिया गया है। इसके बावजूद भी अभी तक विकलांगों को ई रिक्शा नहीं बांटा जा रहा है और उन्हें बुलाकर अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। बिशुनपुर प्रखंड के चौरापाठ निवासी दिव्यांग कृष्णा मुंडा तथा उसी प्रखंड के गढाटुटवा निवासी रामकेश्वर मुंडा जो दोनों पैर से दिव्यांग है वे ई बैटरी रिक्शा के लिए कल्याण विभाग के कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से जल्द बैटरी रिक्शा दिलाने की मांग की है।

## घाघरा : नाली में गिरने से शिक्षक की हुई मौत

घाघरा। थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलामी के सरकारी शिक्षक बुधवा असुर की मनातू गांव के डेमडिपा स्थित नाली में गिरकर मौत हो गई। घटना मंगलवार की देर शाम की बतायी जा रही है। इसकी सूचना घाघरा पुलिस को परिजनों द्वारा दी गई। पुलिस शव को कब्जे में कर थाने ले आई। बुधवार को मृतक के परिजन थाना पहुंचे जहां मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल पुलिस ने भेजा। मृतक की पत्नी बरती असुर ने बताया कि पति बुधवा असुर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलामी में शिक्षक है और वह विद्यालय छुट्टी करने के बाद देर शाम पैदल घर मनातू ग्राम लौट रहा था। इसी क्रम में घर से 500 मीटर की दूरी पर नाली में स्लिप करके गिर गया। रास्ता में कम लोगों का आवागमन है जिसके कारण उसे नहीं देखा जा सका।

# ईश्वर ने प्रत्येक कृति को जीवन दिया और अंत भी

**प्रत्येक जीव को करना पड़ता है मृत्यु के सच को स्वीकारः लिनुस**
**गुमला जिले में कब्र पर्व पर संत पात्रिक कब्रिस्तान में दी गई मृत परिजनों को श्रद्धांजलि**

खबर मन्त्र संवाददाता



कब्र पूजा पर खीस्तयागी मिस्सा कराते फादर लिनुस व अन्य पुरोहित।

गुमला। गुमला के संत पात्रिक कब्रिस्तान में बुधवार को कब्र पूजा का आयोजन किया गया। संत पात्रिक कब्रिस्तान में मसीही विश्वासियों ने अपने परिजनों की कब्र की पूजा की। इस अवसर पर खीस्तयागी मिस्सा का आयोजन किया गया। कब्र पूजा में शामिल धर्मविश्वासियों को संबोधित करते हुए गुमला धर्मप्रांत के प्रशासक फादर लिनुस पिंगल एक्का ने कहा कि मृत्यु बड़ा बलवान है। मृत्यु ने दुनिया में जन्में किसी भी चीज को नहीं छोड़ा। मृत्यु दुनिया का एक ऐसा सच है जिसे प्रत्येक जीव को एक ना एक दिन स्वीकार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने प्रत्येक कृतियों को जीवन दिया है तो उसका अंत भी सुनिश्चित कर दिया है। फादर ने कहा कि आज के दिन हम अपने पूर्वजों व परिजनों की आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना करते हैं। मसीही विश्वासियों द्वारा कब्र पूजा की तैयारी विशेष अंदाज में किया गया था। मसीही विश्वसासियों द्वारा कब्रों की साफ-सफाई के साथ-साथ उसका रंगरोगन भी किया गया था। कब्र पूजा के अवसर पर मसीही विश्वासियों ने अपने पूर्वजों व मृत परिजनों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। पुरोहितों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रभु खीस्त से प्रार्थना की। वहीं मसीही विश्वासियों द्वारा अपने मृत परिजनों के कब्र में पुष्प अर्पित कर व मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मसीही विश्वाससियों का माना है कि पुर्नत्थान ही जीवन है, क्योंकि ईश्वर मरने के बाद जीवित हो उठे थे। इसलिए भी कब्रों पर विशेष रूप से मसीही विश्वासियों द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। कब्र पूजा में धर्म बहनों द्वारा प्रार्थना गीत गाये गये। मौके पर फादर जेरोम एक्का, फादर अमृत, फादर मनोहर खोया, फादर रंजीत, भारी संख्या में खीस्तीय धर्मविश्वासी उपस्थित थे।

# पत्रकार के परिजन को हर संभव मदद करेगा प्रशासन

- अजीत सोनी के बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ने व पत्नी को योग्यता के आधार पर रोजगार मिलेगा : उपायुक्त
- मीडिया कर्मियों के दुख -सुख में साथ है पुलिस : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



पत्रकार अजित सोनी को श्रद्धांजलि देते उपायुक्त सुशांत गौरव, एसपी एहतेशाम बकारीब व अन्य।

गुमला। दिवंगत मीडिया कर्मी स्वर्गीय अजीत सोनी की आत्मा की शांति के लिए बुधवार को एक शोक सभा का जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय की ओर से आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में उपायुक्त सुशांत गौरव, पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारीब, डीपीआरओ संजय कुमार, गुमला जिला प्रेस एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित जिले के सभी प्रमुख अखबारों के ब्यूरो प्रमुख, तमाम वरिष्ठ पत्रकार, छायाकार आदि शामिल हुए। सभी ने दिवंगत पत्रकार अजीत सोनी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा, तदुपरांत सभी ने एक स्वर में उनके परिजनों की मदद के लिये परिवार के साथ खड़े रहने की की प्रतिबद्धता जताई। शोक सभा का संचालन जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार ने किया। पत्रकारों ने अजीत सोनी के आश्रितों को आर्थिक अथवा वैकल्पिक सहायता की उपायुक्त से मांग की।

उपायुक्त ने कहा कि परिवार को जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उनके बच्चों को अच्छे विद्यालय में पढ़ने एवं उनकी पत्नी को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर रोजगार देने हेतु प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त ने पत्रकारों को एक परिवार की तरह एक जुट होकर अजीत सोनी के परिवार के सदस्यों के साथ खड़े रहने और उनकी सहायता करने की अपील भी की। उपायुक्त ने सभी पत्रकारों को अपने लिए हेल्थ इंश्योरेंस लेने की भी सलाह दी। एसपी ऐहतेशाम वकारिव ने कहा कि पुलिस मीडिया कर्मियों के दुख सुख के साथ है। स्व. सोनी एक अच्छे पत्रकार थे। शोक सभा में जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी एलिना दास , लिपिक स्वाति तिर्की, कैमरा मैन दिवाकर साहू , इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया के वरिष्ठ साथी गण एवं अन्य उपस्थित थे।

## निर्मित भवन में ही हाई स्कूल की पढ़ाई हो : आलोक साहू



लोहरदगा । जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू बुधवार को भंडरा प्रखंड के ग्राम आकाशी के ग्रामीणों की शिकायत पर आकाशी गांव पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि आकाशी मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर हाईस्कूल बने 8 से 10 वर्ष हो गया है । सरकार ने विधिवत हाई स्कूल के लिए लाखों की लागत से भवन भी बनाया है लेकिन भवन बने लगभग 6 वर्ष हो गया लेकिन इस भवन में आज तक हाई स्कूल का पढ़ाई प्रारंभ नहीं हुआ है । वर्तमान में मध्य विद्यालय में ही हाई स्कूल का पढ़ाई हो रहा है । 6 वर्षों से खाली पड़े भवन जर्जर होते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने श्री साहू से हाई स्कूल के बने भवन में हाई स्कूल की पढ़ाई प्रारंभ करने की मांग की। श्री साहू ने लोहरदगा जिला शिक्षा अधीक्षक को भी यहां की समस्याओं से अवगत कराते हुए नए भवन में हाई स्कूल की पढ़ाई चालू करवाने की बात कही।

लोहरदगा जिला में आपके द्वार शिविर का द्वितीय चरण शुरू

# डीडीसी गरिमा सिंह ने 22 योजनाओं का किया शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का द्वितीय चरण बुधवार से लोहरदगा जिला में शुरू हुआ। बुधवार को यह कार्यक्रम लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड, सदर प्रखंड, कुडू प्रखंड और नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित हुआ। सेन्हा प्रखंड के डांडू.पंचायत के मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह ने 22 योजनाओं का शुभारंभ किया। उप विकास आयुक्त व अन्य अतिथियों द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 14, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान के 05 लाभुकों के बीच 50 हजार रुपए का चेक, जेएसएलपीएस के पांच सखी मंडलों के बीच कुल 2.5 लाख रुपए का चेक दिया गया। 181 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। 15 श्रमिकों ने ई-श्रम कार्ड के लिए निबंधन कराया।

**कुडू में 37 योजनाओं की मंजूरी :** दूसरा कार्यक्रम कुडू प्रखंड के उडुमुरु पंचायत में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार के योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही, परिसंपत्तियों का वितरण किया गया जिसमें मनरेगा के तहत प्रति ग्राम 05-05 योजना का शुभारंभ करते हुए 37 योजना का स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। सर्वजन पेंशन के तहत वृद्धा पेंशन-06, विधवा पेंशन-03, विकलांग पेंशन- 02 लाभुकों को स्वीकृति पत्र का वितरण, साबित्रीबाई फुले किशोरी समद्धि योजना के तहत 08 छात्राओं को स्वीकृति पत्र का वितरण, साथ ही कंबल, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि का वितरण किया गया।

**सदर प्रखंड में परिसंपत्ति वितरित :** तीसरा कार्यक्रम सदर प्रखंड के बाघा में हुआ। अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही परिसंपत्तियों का वितरण किया।

**नगर परिषद में 57 आवेदन ऑन द स्पॉट निष्पादित :** नगर परिषद अंतर्गत उस मैदान स्थित स्कूल में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में कुल 499 आवेदन प्राप्त हुए और 57 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 32 आवेदन प्राप्त हुए। 49 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत काम की मांग के लिए 59 श्रमिकों द्वारा आवेदन जमा किया गया। इसी प्रकार जॉब कार्ड के लिए भी 59 श्रमिकों द्वारा आवेदन दिया गया।

बीडीओ, सीओ नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी समेत स्थानीय जन प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## 90 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को मिलेगा बीज

कैरो। राज्य बीज विनिमय एवं वितरण योजनांतर्गत प्रखंड क्षेत्र के किसानों को 90 प्रतिशत अनुदानित दर पर गेहूं, चना, मसूर, सरसों इत्यादि बीज वितरण को लेकर ब्लोकचेन पंजीयन के माध्यम से किसानों को बीज वितरण किया जाना है जिसको लेकर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एपी वर्मा ने बताया कि राज्य में सुखा को देखते हुए किसानों की मदद के लिए सरकार द्वारा जिला कृषि विभाग सह आत्मा के माध्यम से किसानों का सूची जमा की जा रही है ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

## सेन्हा ने हाथियों ने फसल को किया नष्ट

सेन्हा-लोहरदगा। आलौदी पंचायत के उरु चटकपुर में मंगलवार देर रात जंगली हाथियों ने बिशु भगत,कलेश्वर उराँव,राजेश महतो, रामु असुर,ललिता उराइन, बिनोद महतो,माला महतो,रामचरण असुर,कुमिया देवी सहित दर्जनों किसानों का फसल नष्ट किया। वहीं वन विभाग के अधिकारी को सूचना मिलते ही टीम गठित कर हाथियों को भगाया। चटकपुर में 15 की संख्या में जंगली हाथी के आने से ग्रामीण रात भर पहरा दे रहे हैं। किसानों ने वन विभाग से फसल नुकशान को लेकर मुआवजा का मांग भी की है।

# पालकोट में ट्रक से लाखों रुपये की शराब हुई जब्त



गुमला। पालकोट पुलिस ने बुधवार को एक ट्रक में लदे भारी मात्रा में अवैध शराब को जब्त किया है। शराब की कीमत लाखों रूपये आंकी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार उड़ीसा राज्य से झारखंड आ रहे एक ट्रक में लाखों रूपये का शराब लादकर गुमला लाया जा रहा था। शराब के पेटी के उपर भूसा रखा गया था। जिसे शराब किसी की पेटी किसी को दिखलाई न पड़े। चालक द्वारा ट्रक को तेज गति से चलाते हुए लाया जा रहा था। थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक में उड़ीसा से सिमडेगा के रास्ते पालकोट होते हुए शराब गुमला भेजी जा रही है। पुलिस शराब लदे ट्रक को पकड़ने के लिए अपना जाल बिछाया। लेकिन पुलिस को देख चालक ट्रक लेकर भागने लगा। इसी दौरान पालकोट थाना के कारौंदा बेडा इलाके में भागने के क्रम में ट्रक पुल से जा टकराया। उसके बाद ड्राइवर-खलासी ट्रक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस तत्काल वहां पहुंचकर ट्रक में लदे शराब को जब्त किया। शराब लदे ट्रक में उत्तर प्रदेश का नंबर दर्ज है। पुलिस पूरी मामले की छानबीन कर रही है। जिले में यह पहला मौका है जब शराब ये भरे ट्रक को जब्त करने में सफल हुई है। इसे पता चलता है कि शराब माफियाओं का सिंडकेट गुमला जिला में कितना बड़ा है। इस कारोबार से शराब माफिया लाखों रूपये कमा रहे हैं।

# योजनाओं का लाभ लाभुकों को देना शिविर का उद्देश्य :एसडीओ

**घाघरा के सेहल गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित**

खबर मन्त्र संवाददाता



घाघरा। घाघरा प्रखंड के सेहल गांव में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कैम्प का आयोजन बुधवार को किया गया। कैम्प में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 6 किशोरियों को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस के तहत महिला मंडल को एक लाख पचास हजार रुपए सीसीएल, 50 जरूरतमंद को कंबल, 10 पेंशन का पीपीओ स्वीकृत पत्र का वितरण किया गया। वहीं 40 लोगों को कोविड प्रीकॉसन डोज, 95 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन ने लोगों को कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य है कि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलायी जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाकर लाभुकों को लाभ देना है। मौके पर बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतुराज, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुमारी कुजुर, बीएचओ सीमा एक्का, विनोदानंद पाठक, जिला परिसद सदस्य मानती उरांव, मोनीषा कुमारी, राजेश्वरी देवी, अशोक कुमार, सावित्री कुजूर, रेणुका कुमारी ,निशा कुमारी, कुस्मिता हुरहुरिया, निशा कुमारी, लक्ष्मण गोप, संतोष रजवार अभिनंदन कुमार सहित प्रखंड के कई कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सेन्हा में गरीबों के बीच कंबल वितरित



सेन्हा /लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा पंचायत भवन के समीप शिविर में असहाय वृद्ध एवं विधवाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। पंचायत के मुखिया धनवाज उराँव ने कहा कि सरकार द्वारा समय से पूर्व इस बार पंचायत में कंबल प्राप्त हुआ है। जिसको लेकर पंचायत क्षेत्र के जरूरतमंदों को वितरण किया जा रहा है। साथ ही कहा कि बढ़ते ठंड के पूर्व जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल वितरण से राहत मिलेगा। उन्होंने बताया कि पंचायत में 181 कंबल मिला है। जो वृद्ध नहीं पहुंच सके और चलने में असमर्थ है उसको वार्ड सदस्य के माध्यम से घर में पहुंचा कर दिया जाएगा। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, मुखिया धनवाज उरांव, वार्ड सदस्य ममता देवी, रुस्तम अंसारी, सुशीला केरकेट्टा कई लोग उपस्थित थे।

# ऐतिहासिक होगी भारत जोड़ो यात्रा : बंधु तिर्की



लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कार्यकारी जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में हुई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में समाज के सभी वर्गों को शामिल किया जाएगा। साथ ही साथ पारंपरिक वेशभूषा में बाजा गाजा के साथ आदिवासी समाज के लोग भी शामिल होंगे जहां 51 कलशा के साथ महिलाएं भी शामिल होंगी वहीं युवा और छात्रों की संख्या भी ऐतिहासिक होगी जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष अपनी पूरी टीम के साथ राष्ट्रीय झंडा एवं पार्टी के झंडा के साथ शामिल होंगे जिन्हें प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और मैं स्वयं सभी को सम्मानित करूंगा। पदयात्रा में महापुरुषों के प्रतिमा पर कांग्रेसियों के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी हाजी शकील अहमद, जगदीप भगत, संदीप कुमार ,मोहन दुबे ,निशित जायसवाल, सलीम अंसारी बड़े, प्रदीप विश्वकर्मा, हाजी सिकंदर, शाहिद अहमद बेलू, विशाल डूंगडूग ,तनवीर गौहर ,सत्यदेव भगत ,जुगल भगत ,युनूस अंसारी , विनय उरांव ,अंसार अहमद, अमृता उरांव, संतोषी उरांव, शंभू प्रजापति, इमरान आजाद, इम्तियाज अंसारी, सैफ अहमद समेत कई अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# गुमला बस स्टैंड में शुरू हुआ सफाई अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**हड़िया -दारू बेचने वालों को हटाया और अवैध संरचनाओं को भी किया गया ध्वस्त**

गुमला। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को नगर परिषद गुमला के द्वारा बस स्टैंड परिसर में सघन सफाई अभियान चलाया गया। नगर परिषद अध्यक्ष श्री दीप नारायण उरांव के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान में शहर के आधा दर्जन वार्ड पार्षदों ने भी झाडू थामी। मौके पर नगर परिषद के अधिकारी व कर्मियों के अलावा स्वच्छता ब्रांड एंबेस्डर भी मौजूद रहे। नगर परिषद के 100 स्वच्छता कर्मियों ने पूरे परिसर की साफ-सफाई की। वहीं हड़िया दारू बेचने वाले लोगों को खदेड़ते हुए उनके शेड तथा बैठने के अड्डों को ध्वस्त कर दिया गया।अवैध गुमटियों को हटाते हुए अतिक्रमण कर बनाए गई कई अस्थाई संरचनाओं को भी जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 तथा झारखंड नगर पालिका एक्ट 2011 के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा कचरा फेंकना या अपने प्रतिष्ठान के आसपास गंदगी रखना दंडनीय अपराध है। इस दौरान वार्ड पार्षद उज्जवल केसरी, वार्ड पार्षद कृष्ण कुमार मिश्रा, वार्ड पार्षद अनीता सिंह, वार्ड पार्षद नूतन रानी, वार्ड पार्षद मंगल भगत, वार्ड पार्षद सीता देवी, नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग, ब्रांड एंबेसडर अजय कुमार पांडे, सीओ विमला देवी, रवि महतो, सभी जमादार, सीआरपी तथा स्वच्छता कर्मियों के अलावा स्थानीय लोग मौजूद थे।

## सेन्हा में पुलिस ने की वाहन चेकिंग



सेन्हा-लोहरदगा। बढ़ते क्राइम को लेकर पुलिस ने की वाहनों चेकिंग। यह चेकिंग पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी ऋषिकांत के नेतृत्व में एएस आई पवन सोरेन द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से चलाया गया। डिक्की,बैग खुलवा कर आपत्तिजनक समान का जाँच किया गया।चार पहिया वाहन के डिक्की एवं कागजात की जाँच करते हुए ट्रैफिक नियम पालन कर सीट बेल्ट लगाकर ड्राइव करने की सलाह दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि वाहन जांच के दौरान बाइक एवं कार पर विशेष नजर रखी जा रही है।

स्पीड न्यूज

## ट्रक ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, दो गंभीर

**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के कुंदा बगरा रोड स्थित सिदकी मोड़ के समीप एक ट्रक ने दो बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। वहीं दुर्घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान थाना क्षेत्र के कोलकोले गांव निवासी अखिलेश कुमार यादव एवं दिनेश कुमार यादव के रूप में हुई है। दोनों घायल युवकों को स्थानीय लोगों की मदद से कुंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर स्थिति को देखते हुवे बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाना ले गई है।

## मोबाइल छिनतई के मामले में चार गिरफ्तार

**इटखोरी।** मां भद्रकाली मंदिर परिसर से मोबाइल छिनतई के मामले का स्थानीय थाना की पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन मोबाइल बरामद करने के साथ चार अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में संतन सिंह, राजा कुमार, आशीष कुमार तथा संजय पासवान शामिल है। गिरफ्तार किए गए चारों अभियुक्तों को स्थानीय पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया है कि तीन माह पूर्व मां भद्रकाली मंदिर परिसर के समीप से उपरोक्त अभियुक्तों ने तीन मोबाइल की छिनतई की थी।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के जबड़ा कुट्टी गांव में बीते रात लक्ष्मी पूजा के अवसर पर कमेटी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के लिए कलाकार रांची धनबाद और आसनसोल से आए हुए थे। कार्यक्रम के दौरान पूरी रात कलाकारों के द्वारा संगीत नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं दर्शक रात भर झूमते नजर आए।

## नवादा पंचायत में लगा शिविर

**कुंदा (चतरा)।** झारखंड सरकार के लोग कल्याणकारी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नवादा पंचायत मुख्यालय बुधवार को शिविर लगया गया ।जिसमे पंचायत के ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्या को लेकर काफी संख्या में लोग पहुँचा ।शिविर का नेतृत्व बीडीओ सह सीओ खगेश कुमार ने किया संचालन नवादा पंचायत सेवक अखलेश सिंह और पंचायत मुखिया भरत यादव ने किया।

## महिलाओं ने आंवला पेड़ की पूजा कर मांगी समृद्धि

**चतरा।** आंवला नवमी के दिन महिला श्रद्धालुओं ने आंवला के पेड़ की पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर परिसर सहित शहर के विभिन्न जगहों पर महिला श्रद्धालुओं सुबह से ही आंवला पेड़ की पूजा करतीं दिखीं। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने आंवला वृक्ष की पूजा के पश्चात ब्राह्माणों को भुआ, चांदी समेत वस्त्र आदि दान किया। भद्रकाली मंदिर परिसर में आंवला वृक्ष का पूजन कराते हुए पंडित रामवृक्ष कुमार ने सुहागिन महिलाओं को कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि जो अक्षय नवमी नाम से प्रसिद्ध है। इस दिन महिलाएं अपने पति एवं पुत्र की दीघार्यु होने की कामना के साथ अक्षय पुण्य प्राप्ति की निमित आंवला की वृक्ष की पूजा परिक्रमा के साथ भूआ फल में गुप्त दान कर करती हैं।

## बैठक में उपस्थित नहीं हुए बैंक अधिकारी

**चतरा।** जिले के इटखोरी प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक बुधवार को बुलाई गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष जागेश्वर यादव ने की ।इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्वेषा ओना, अंचल अधिकारी राम विनय शर्मा के साथ कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे। वहीं बैठक में अधिकांश बैंकों के अधिकारी अनुपस्थित रहे। इस पर बीस सूत्री समिति के सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की।

# मंत्री के सौजन्य से टंडवा में बनेगा सामुदायिक भवन, किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** टंडवा के दबगर मोहल्ला में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर इसका शिलान्यास किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने गढ़वा में अनगिनत विकास कार्यों को किया है। कहीं विधायक मद, कहीं सरकारी फंड से तो बहुत से स्थानों पर खुद के सहयोग से भी विकास कार्यों को कराया है। मंत्री ने कहा कि भगवान ने मुझे इतना सक्षम बनाया है कि मैं जनता की बेहतर सेवा कर सकता हूं। बहुत ऐसे कार्य हैं जहां तत्काल सरकारी फंड की व्यवस्था नहीं हो सकती है। वैसे बहुत स्थानों पर मैंने अपने सौजन्य से विकास कार्य किया है और आगे भी करूंगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड में जनता के हित में काफी बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। विपक्षियों को विकास कार्य पच नहीं रहा है। केंद्र सरकार लगातार झारखंड के गरीब, गुरबों की सरकार को अस्थिर करने में लगी हुई है। राज्य की जनता सब देख रही है और भली-भांति समझ रही है। जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। मंत्री ने कहा कि इस मोहल्ला के सभी लोग इतने सक्षम नहीं हैं कि महंगे होटल में अपना कार्यक्रम कर सके। इनकी स्थिति को देखते हुए सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। ताकि इसके रखरखाव के लिए नाम मात्र के शुल्क पर इन्हें शादी, विवाह आदि कार्यक्रम करने के लिए भवन उपलब्ध हो पाएगा। एक कमेटी गठित कर इस भवन का संचालन किया जाएगा। कार्यक्रम में लोगों से लिए गए न्यूनतम शुल्क से ही इस भवन का रखरखाव होगा। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, प्रवक्ता धीरज दुबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, चंदन पासवान, संजय चौधरी, संतोष केशरी, पूर्व नप अध्यक्ष अनिता दत्त, अंतू दास, डा. प्रतिमा कुमारी, रविदास, राहुल डिसूजा, नवीन तिवारी, कन्हैया दास, अरनेश दास, आनंद दास, उदय दास, सुनील दास, राकेश दास, संतोष दास, चंद्रिका राम, वार्ड पार्षद बलराम दास, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुनील कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


नारियल फोड़ कर शिलान्यास करते मंत्री

## भक्तों के संकट को हरते हैं श्रीहरि : आचार्य



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय के भगवतीडीह मुहल्ला स्थित दशरथ पांडे के यंहा चल रहे संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथा वाचक आचार्य पंडित उमेश चन्द्र त्रिपाठी ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान भक्तों के वश में हैं, भगवान हमेशा अपने भक्तों का ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर पाप, अनाचार बढ़ता है, तब-तब भगवान श्रीहरि धरा पर किसी न किसी रूप में अवतार लेकर भक्तों के संकट को हरते हैं। उन्होंने कहा कि जब कंस के पापों का घड़ा भर गया, तब भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लेकर कंस का अंत किया और लोगों को पापी राजा से मुक्ति दिलाई।

## जिले में मंडरा रहा डेंगू का खतरा

### पिछले महीने 120 लोगों की जांच में 52 मिले पॉजिटिव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले में डेंगू के बढते प्रकोप के बावजूद इसके रोकथाम व नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अलावा इससे जुड़े अन्य विभागों की ओर से किए जाने वाले एहतियातन उपायों के प्रति उदासीनता की स्थिति देखी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अक्टूबर माह के दौरान सदर अस्पताल परिसर स्थित प्राइवेट जांच घर में डेंगू बीमारी से संबंधित लक्षण के मद्देनजर 120 लोगों की जांच की गई। जिसमें 52 लोग इस बीमारी से ग्रसित पाए गए। यही स्थिति सितंबर माह में भी लगभग देखी गई थी, जहां इस बीमारी को लेकर किए गए जांच में लगभग 40 प्रतिशत लोग इस बीमारी से ग्रसित पाए गए थे। बावजूद इसके इस बीमारी के बढ़ते प्रकोप पर नियंत्रण व रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले एहतियातन उपायों के प्रति अब तक तेजी नहीं देखी जा रही है। आलम यह है कि सदर अस्पताल में काफी बड़ी रकम खर्च कर सभी जांच उपकरणों से लैस पैथोलॉजी में पिछले लगभग डेढ़ माह से इस बीमारी की जांच को लेकर उपलब्ध कराए जाने वाले कीट नहीं है।



## महिला को जहरीले सांप ने डंसा

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत काराखुट निवासी 55 वर्षीय मुनिया देवी पति रामकिशन यादव को सांप ने कांट लिया। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने घर में गोयठा ठोंक रही थी, इसी क्रम में सांप ने कांट लिया। परिजनों के द्वारा आनन फानन में महिला को सदर लाया, जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा है। वहीं सदर अस्पताल में एक अलग ही नजारा देखने को मिला, जहां ओझा के द्वारा महिला को झाड़-फूंक भी किया जा रहा था।

## हेमंत सरकार को विकास के मुद्दे से भटकाना चाहती है भाजपा : रविंद्र शांडिल्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार हेमंत सरकार के गठन से ही विकास के मुद्दे से भटकाना चाहती है और इसी बाबत केंद्रीय एजेंसियों को पीछे लगा कर अस्थिर करने का असफल प्रयास कर रही है। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रविंद्र शांडिल्य ने कही। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय के द्वारा समन भेज कर 3 तारीख को बुलाया गया है, श्री सोरेन पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं और उन्हें ईडी द्वारा बुलाए जाने पर झारखंड के तमाम झामुमो कार्यकर्ता आश्चर्यचकित हैं। इस बाबत श्री सोरेन से झारखंड राज्य के सभी जिलों से कार्यकर्ता मिलने रांची स्थित हरमू मैदान में गुरुवार को 11 बजे शामिल होंगे।



## आम जनों की समस्याओं से रू-ब-रू हुए उपायुक्त

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रखंडों से आये आम जनों की समस्याओं से रुबरु हुए। उन्होंने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुना एवं सभी के शिकायतों को सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जनता दरबार में जमीन विवाद, पेंशन, राशन व अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये।

# विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित उत्तक्रमित मध्य विद्यालय काली मण्डा के प्रभारी प्रधानाध्यापक चन्द्रिका दास के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखण्ड प्रमुख विजय कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार सिन्हा, 20 सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह रिंकू उपस्थित थे। ज्ञात हो कि श्री दास 31 अक्टूबर 2022 को सेवानिवृत्त हो गये। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि श्री दास अपने सेवा काल का चार बसंत इस विद्यालय में गुजारे हैं। इनके पूर्व उन्होंने महूंगाय विद्यालय में 17 साल योगदान दिए। इसके पूर्व इनकी नियुक्ति 1988 में चलकुशा प्रखण्ड के अलकडीहा में हुई थी। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में जो अमिट छाप छोड़ी है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। सरकारी सेवा में सेवानिवृत्त तो लगा ही रहता है मगर अपने समय में जो कार्य किया जाता है, उसकी यादें सदा-सदा के लिए रह जाता है। वहीं प्रमुख विजय कुमार सिंह ने कहा कि श्री दास कर्तव्यनिष्ठ ईमानदार व्यक्तित्व के धनी थे, वे हमेशा बच्चों के विकास को लेकर चिंतित रहते थे। मौके पर शम्भु सिंह, अशोक दास, नागेश्वर ठाकुर समेत कई अभिभावक एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं सभी बीडीओ एवं सीओ के साथ समाहरणालय सभागार में सरकार आपके द्वार के तहत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के द्वितीय चरण 1 नवम्बर से 14 नवम्बर 2022 तक संचालित होने वाले कार्यक्रम की समीक्षा की।

## तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार, तीन फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** क्षेत्र में आतंक फैलाने को लेकर बड़ी घटना की अंजाम देने की योजना बना रहे तीन अपराधियों को टंडवा पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की, एवं तीन अपराधी फरार हो गए हैं। टंडवा पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बीते 1 नवंबर को सूचना मिला कि कुछ अपराधकर्मी हथियार के साथ घूम रहे हैं और किसी घटना को करने की फिराक में है।

तत्पश्चात पु.अ.नि. अभिनव आनंद के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें एसआई अमर कुमार महतो भोला नाथ दास एवं टंडवा थाना रिजर्व गार्ड रोशन कुमार पासवान योगेंद्र पासवान के द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया।

इस दौरान थाना क्षेत्र के उडसू समीप से तीन अभियुक्त क्रमशः चट्टी गाडीलौंग निवासी 21 वर्षीय भागीरथ कुमार प्रजापति पिता बंधु प्रजापति, टंडवा के ग्वालटोली निवासी 19 वर्षीय सूरज कुमार यादव उर्फ बजरंगी यादव उर्फ हजूर डॉन पिता जुगेश्वर यादव एवं तपेज थाना सदर जिला चतरा निवासी 19 वर्षीय बॉबी कुमार महतो पिता हीरालाल महतो को गिरफ्तार कर कांड संख्या 262/22, धारा 25(1- बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया एवं इनलोगों के पास से दो मोबाइल फोन, एक लोडेड देसी हथियार को जप्त किया गया।

पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में यह बात प्रकाश में आई है कि यह सभी बड़ी घटना को अंजाम देना चाहते थे, जिसे विफल कर दिया गया। पुलिस ने सभी बिंदुओं पर गहराई से छानबीन कर रही है, एवं फरार अपराधियों को बहुत जल्द गिरफ्तार करने की बात कही गई।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया रोड जाम



### डीएस ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**सिमरिया।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत और दुसरे के घायल होने के बाद अस्पताल में हुए हंगामें की सूचना पर डिएस मनीष कुमार लाल सिमरिया अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल की विधि व्यवस्था और कर्मियों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। मौके पर मौजूद आजसू नेता मनोज चंद्रा ने अस्पताल के कुव्यवस्था की घोर शिकायत की और अकर्मण्य चिकित्सक और कर्मी को हटाने की मांग की।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के रोल गांव के समीप मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक संतोष भुइंया और घायल भोला भुइंया पुंडरा गांव के रहने वाले हैं। भोला का इलाज रांची रिम्स में किया जा रहा है जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के बाद अस्पताल की कुव्यवस्था पर विफरे परिजनों और ग्रामीणों ने जबरदस्त हंगामा किया और सुबह शव के साथ सिमरिया चौक को जाम कर दिया। लगभग तीन घंटे बाद स्थानीय प्रशासन के समझाने बुझाने और हर संभव सहायता देने के आश्वासन देने के बाद जाम हटा लिया गया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिमरिया से अपने निवास स्थान वापस लौट रहे थे। रास्ते में रोल गांव के समीप एक कोल वाहन ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की सहायता से आनन-फानन में उन्हें सिमरिया अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर उन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया। रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही एक युवक की मौत हो गई जबकि दुसरे की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## एक नजर में

### सरकार आपके द्वार शिविर में 80 से अधिक मामलों का हुआ निष्पादन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** सदर प्रखंड अंतर्गत देवरिया पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी(बिरजू तिवारी) नेसंयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। शिविर में 15 विभागों ने स्टाल लगाया 150 से अधिक लोगों ने विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर आवेदन जमा कराएं शिविर में 80 से अधिक मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया यहां स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए शिविर में 25 से अधिक लोगों ने इलाज कराए उनके बीच दवाइयों का वितरण हुआ वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, बकरी बनाने का शेड निर्माण, दाखिल खारिज मामलों के कई आवेदन जमा कराए शिविर में 50 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण 20 लोगों के जॉब कार्ड, 25 बुजुर्गों के बीच वृद्धा पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया इस मौके पर जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, प्रखंड प्रमुख धनवा देवी, मुखिया कृष्ण कुमार दुबे उर्फ गुड्डू दुबे , उप प्रमुख प्रतिनिधि उपेंद्र राम पंकज दुबे शिव नाथ पाण्डेय समेत सैकड़ों गणमान्य पंचायत वासी उपस्थित थे।

## कन्वेयर बेल्ट बनाने को लेकर सीसीएल प्रबंधन ने रैयतों के साथ की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार को मगध कोलपरियोजना के मासिलौंग गांव में सीसीएल प्रबंधन द्वारा अंचलाधिकारी विजय कुमार दास के उपस्थिति में रैयतों के साथ बैठक किया गया। बैठक में सीसीएल प्रबंधन द्वारा एनटीपीसी का कन्वेयर बेल्ट बनाने में पड़ने वाली जमीन अधिग्रहित से संबंधित चर्चा किया गया। इस दौरान स्थानीय रैयत तुलसी गंझू ने कहा कि सर्वप्रथम मासिलौंग क्षेत्र में जितने भी जमीन सेक्शन नाइन के अंतर्गत में है, उसका मुआवजा, नौकरी एवं सीसीएल के आर एंड आर फण्ड द्वारा दिए जाने वाले मूलभूत सुविधा को धरातल पर उतारा जाय, इसके बाद ही सीसीएल हम रैयतों की जमीन अपने अनुसार प्रयोग कर सकती है, वही सरबजीत गंझू ने कहा कि अधिग्रहित जिएमके एवं रैयती जमीन को अभिलम्ब सत्यापन करें, साथ ही कन्वेयर बेल्ट बनाने में लगने वाली जमीन के बदले नौकरी, मुआवजा एवं अन्य मूलभूत सुविधा हम रैयतों को सर्वप्रथम दिया जाएगा तभी हम रैयत द्वारा सीसीएल को एक मुस्त जमीन देने को तैयार हैं।

## अन्नपूर्णा मंदिर में भंडारा का आयोजन


पूजा अर्चना करते मंत्री एवं उनके परिवार के लोग व महाप्रसाद का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के साहिजना मोहल्ला स्थित देवी धाम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने पूरे परिवार के साथ पूजन एवं हवन किया। मंत्री ने अपनी मन्नत पूर्ण होने के बाद यह पूजा अर्चना करते हुए 101 नारियल भी फोड़ा एवं प्रसाद वितरण किया। ज्ञात हो कि चुनाव से पूर्व मंत्री ने यहां पूजा अर्चना कर जीत की मन्नत मांगी थी। साथ ही पुरानी बाजार स्थित अन्नपूर्णा मंदिर में मंत्री ने पूजा अर्चना कर भव्य भंडारा का आयोजन किया।

भंडारा में मंत्री एवं उनके परिवार के सदस्यों ने स्वयं महाप्रसाद का वितरण किया। सहिजना देवी धाम में मंत्री सहित सभी परिजनों को चुनर देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ईश्वर की असीम कृपा से ही उन्हें गढ़वा सहित पूरे झारखंड की जनता का सेवा करने का मौका मिला है।

## दो दिवसीय विहंगम योग समारोह सह 1101 कुंडीय विश्वशांति महायज्ञ पांच से


निरीक्षण करते एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** बोकारो स्टील माइंस कॉलेज सिंदुरिया के मैदान में आगामी पांच से छह नवंबर तक दो दिवसीय विहंगम योग समारोह सह 1101 कुंडीय विश्वशांति महायज्ञ आयोजन किया जाएगा। यज्ञ को सफल बनाने में विहंगम समाज के लोग दिन रात लगे हुई हैं। बुधवार को श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, भवनाथपुर पुलिस निरिक्षण चंदन कुमार, भवनाथपुर थाना प्रभारी सतीश महतो, खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार, केतार थाना प्रभारी संतोष रवि, हरिहरपुर ओपी कुंदन सिंह ने यज्ञ स्थल का निरीक्षण कमेटी के सदस्यों के साथ किया। मौके पर एसडीपीओ ने कहा कि यज्ञ के सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस जवान एवं महिला पुलिस को लगाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए विहंगम योग संत समाज के जिला संयोजक विवेक प्रसाद गुप्ता ने बताया कि पांच नवम्बर सुबह सात बजे से श्वेत ध्वजारोहण के साथ आसन प्राणायाम ध्यान किया जायेगा। इस भव्य कार्यक्रम मे संतो के दिव्य व अमृत वाणी के साथ ही आने वाले श्रद्धालुओ के लिए भोजनालय के साथ रहने और सोने की भी व्यवस्था की गई है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# विधायक ने गरीब महिला-पुरुषों के बीच कंबल और परिसंपत्ति का किया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत टोटी पंचायत स्थित स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय टोटी मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। शिविर का लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, बीडीओ दीपाली भगत,जिप सदस्य रमेश राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, पंसस मो. होजाफा, पंचायत मुखिया शांति देवी, बिससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार बीससूत्री उपाध्यक्ष सुरेश गंझु ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे विधायक श्री राम ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम करने का राज्य सरकार का उदेश्य है सरकार स्वयं आपके द्वार पहुंचकर समस्या से अवगत होकर समस्या को समाधान करना। साथ ही गरीब मजदूर व्यक्ति तक योजनाओं को धरातल मे पहुंचाने का सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। राज्य में रोजगार के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी महत्वाकांक्षी योजना चला रही है। शिविर का मुख्य उदेश्य है योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले। शिविर मे पीएम किसान, जेएसएलपीएस, जनवितरण प्रणाली, बाल विकास परियोजना, मनरेगा योजना, कृषि, पशुपालन व स्वास्थ्य सहित अन्य लगाए गए स्टॉल का विधायक ने निरीक्षण भी किया। कई ग्रामीणों ने विधायक श्री राम से शिविर मे शिक्षक की घोर कमी के कारण छात्रों की शिक्षण कार्य प्रभावित होने की जानकारी दी। इसपर विधायक ने कहा की यह गंभीर विषय है उक्त समस्या को लेकर सरकार के समक्ष बात रखी जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान वृद्ध, असहाय, गरीब महिला पुरुषों के बीच प्रतिनिधियों ने कंबल का भी वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान अंकुर कला जत्था चंदवा के टीम द्वारा नुकड़ नाटक गीत संगीत के माध्यम से लोगों को योजना से सम्बंधित लाभ लेने को जागरूक भी किया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा 26 महिला स्वंय सहायता समूह के बीच 88 लाख का ऋण वितरण, फूलो झानों योजना के तहत दो समूहों को स्वीकृति प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। मौके पर अंकित पांडेय, दीपक कुमार, भुनेश्वर यादव, बीरेंद्र पाठक काफी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक बैद्यनाथ राम



कंबल का वितरण करते विधायक

# जनता की सेवा, सहयोग व सुरक्षा सीआरपीएफ का उद्देश्य : अमरेश

## ग्रामीणों और सुरक्षाबलों के बीच बढ़ रहा है विश्वास : प्रेम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** आम लोगों से मित्रता और सौहार्दपूर्ण संबध बनाने के उद्देश्य से सीआरपीएफ ऊ1वीं कंपनी के द्वारा लगातार सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर गरीबों के बीच जरूरत की सामग्री का वितरण किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में बुधवार को बरवाडीह प्रखंड के अति सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र मोरवाई और मंडल में सीआरपीएफ ऊ1वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर कंपनी कमांडर अमरेश कुमार के नेतृत्व ने मोरवाई पंचायत के दर्जनों गांव के लगभग दो सौ से अधिक स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री जिनमें किताब कॉपी, कलम, पेंसिल रबर तथा प्रतियोगिता की तैयारी के भी आवश्यक किताबों का वितरण किया गया। इसके अलावा दिव्यांगों, वृद्ध विधवाओं और जरूरमंद व्यक्तियों के बीच प्रतिदिन उपयोग में आने वाले सोलर लैम्प का भी वितरण किया गया। इस मौके पर कंपनी कमांडर अमरेश कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे प्रोग्राम से लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए छात्र- छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया है।

**बच्चों को शिक्षा के प्रति किया प्रेरित :** कंपनी कमांडर अमरेश कुमार ने आगे कहा कि सीआरपीएफ आपकी सेवा, सहयोग व सुरक्षा में सदैव आपके साथ खड़ी है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना है। वहीं सीआरपीएफ के द्वारा लगातार किए जा रहे सिविक एक्शन प्रोग्राम से ग्रामीण और बच्चें काफी उत्साहित खुश व लाभान्वित नजर आये। कार्यक्रम में मुखिया आशीष सिंह, प्रधानाध्यापक विश्वनाथ राम, पूर्व पंचायत समिति प्रेम सिंह, बिना देवी के साथ- साथ सीआरपीएफ के मुन्ना कुमार सिंह, विक्रम प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर चैतराम मीना, माला बैठा, रणसिंह सरकार, एमडी लोन और संजय भंडारी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण व बच्चे उपस्थित थे।



बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री वितरण

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के बरवाटोली पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रमुख मनीषा उरांव, बीडीओ विजय कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी नंदकुमार पांडेय, मुखिया शकुंतला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुनी व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन भी किया। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, मनरेगा, जेएसएलपीएस सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। ग्रामीणों को सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस प्रमुख व बीडीओ ने कई विभाग के द्वारा लगाये गए स्टॉल में जाकर जायजा लिया। बीडीओ के द्वारा कई लोगों की समस्या का समाधान भी ऑन द स्पॉट भी किया गया। वही स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर में स्वास्थ्य जांच कोविड-19 टीकाकरण भी किया गया। अनेकों जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। बीडीओ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस अभियान के तहत लोगों की समस्या को दूर करने हेतु यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोग अपनी समस्या व अधिकार के प्रति जागरूक हो और अपने अधिकार को इस शिविर के माध्यम से प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 लाख नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना हेतु आवेदन,किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांचोपरान्त दिया जायेगा। मौके पर प्रखंड कर्मी अमित गुप्ता, पंचायत सेवक उमाशंकर सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व लाभुक मौजूद थे।



परिसंपति का वितरण करते

## अंबाकोठी में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार।** नगर पंचायत क्षेत्र के अंबाकोठी स्थित सामुदायिक भवन में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीतामनी तिर्की ने कहा कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए योजनाओं की जानकारी आवश्यक है. उन्होने कहा कि योजनाओं की जानकारी नहीं रहने के कारण लोग इसका लाभ नहीं ले सकते हैं. उन्होने कहा कि सरकार व प्रशासन के लोग आपके मुहल्ले में आये हैं. आप अपनी समस्याओं को यहां सूचीबद्ध करा कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं. नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा ने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होने आवदेन जमा करने के बाद पावती रसीद ले लेने की बात कही। अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी शेखर कुमार ने भी कई योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने सर्वजन पेंशन योजना की जानकारी देते हुए हर जरूरमंद को पेंशन योजना से जोड़ने की बात कही।

# बालूमाथ की तेतरियाखांड़ कोलियरी में ट्रकों के प्रवेश को लेकर ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक में चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ होटल प्रतीक्षा में बुधवार को ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में तेतरियाखांड कोलियरी परिसर में अपने ट्रकों को कतारबद्ध तरीके से प्रवेश कराने को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में यह प्रस्ताव पारित किया गया था कि 40% ट्रक बालूमाथ का और 60% बसिया पंचायत का ट्रकों कोलियरी में प्रवेश करेगा। लेकिन अभी जो नियम बनाया गया है उसमें बालूमाथ को महज 20% ही ट्रकों का प्रवेश करने की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि सभी ट्रक ऑनर मिलकर कोलियरी में 40% ट्रक के प्रवेश को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करे। वहीं बैठक में तेतरियाखांड़ कोलियरी में सूचीबद्ध करने के लिए कई ट्रक मालिकों से राजू पासवान द्वारा पैसा लेने का आरोप लगाया गया। जिसमें मो. रियासत, मुकेश कुमार सोनी, मोतिउर रहमान, विनोद कुमार गुप्ता समेत कई लोगों ने कहा कि हम लोगों से 10 हजार से लेकर पचास-पचास हजार तक की अवैध पैसा राजू पासवान द्वारा कोलिवरी में ट्रक चलाने देने के नाम पर की गई है। जिसपर अध्यक्ष के नेतृत्व में इस संबंध में 11 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया। साथ ही ट्रक मालिको को बताया गया कि आपलोगो की जो भी अवैध उगाही की शिकायत है वे कोर कमेटी के पास लिखित रूप से दें। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं कमलेश सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा कि राजू पासवान द्वारा किये गए अवैध उगाही का विरोध किया जाता है तो हम लोगों के प्रति हरिजन एक्ट लगाने के लिए आवेदन लिखा गया है। इस आवेदन का औचित्य क्या है। इधर बालूमाथ राजद नेता सुरेश राम ने कहा कि किसी भी ट्रक ऑनर से अवैध उगाही करना गलत बात है। सभी ट्रक मलिक एक समान है। अगर कहीं पर किसी प्रकार का कोई खर्च होता है। तो उसका चंदा सभी ट्रकों से लिया जाए ना कि ट्रक मालिकों के साथ सूची बनाने के नाम पर अवैध उगाही हो। इस संबंध में राजू पासवान से पूछे जाने पर कहा कि इस बात की पुष्टि अभी नहीं हुई यह सब बात निराधार है और बेबुनियाद है। ऐसा कोई मामला नहीं है। मौके पर मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद सल्लू, उपेंद्र यादव,सुनील पांडे,कमलेश सिंह,शैलेश सिंह मोहम्मद शमीम,अरविंद यादव राकेश कुमार साहू, पंकज केसरी, बबलू चौरसिया, रामेश्वर गुप्ता, मोहम्मद मानो, गोविंद यादव, प्रिंस कुमार, मो.हनी, सोनू सिंह, संजय गुप्ता, सिकंदर आलम, मो.नासिर, पंकज सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित रहे।



बैठक करते एसोसिएशन के लोग।

## सभी की समस्याओं का होगा निराकरण: सुरेंद्र

**लातेहार।** सदर प्रखंड के डेमु पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीडीसी सुरेद्र कुमार वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं श्री वर्मा ने कहा कि सरकार आपके द्वार आयी है किसी भी तरह का समस्या हो शिविर में आवेदन लेकर आयें निराकरण किया जायेगा। इसके अलावे उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजना धोती साड़ी, लुंगी वितरण, बिजली तथा पेयजल समस्याओं का निपटारा, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत कई याजनाओं के बारे में जानकारी दिया। वहीं गरीबों व असहायों के बीच कंबल, धोती-साड़ी, परिसंपति का भी वितरण किया गया।

## जिप, पंसस व मुखिया मद में लाखों रुपये पड़े हुए हैं, इसके बाद भी ठप है जलमीनार और चापानल

**चंदवा।** पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा है कि जिला परिषद, पंचायत समिति और मुखिया के मद में कई माह से लाखों रुपए पड़े हुए हैं इसके बाद भी पंचायत के दामोदर के महुड़र, भुसाढ, बेलवाही समेत अन्य टोलों में आधा दर्जन जलमीनार और दर्जन से अधिक चापानल महिनों से जहां तहां खराब पड़ा हुआ है। पंचायत समिति सदस्य के शिकायत के बाद भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होती है, इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम आदमी की शिकायत पर क्या होता होगा। पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए किसी को कोई चिंता नहीं है, गांवों में पेयजल सहित पुरी व्यवस्था चरमरा गई है। कामता पंचायत के गांव की ग्रामीणों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। प्रखंड कार्यालय में दो तीन बार पंचायत समिति की बैठक हो चुकी है, लेकिन बैठक में उठाए गए पेयजल सहित अन्य मुद्दों पर अबतक कार्रवाई नहीं हुई है। 01 नवंबर को पंचायत समिति की बुलाई गई। बैठक पंसस सदस्यों की कम उपस्थिति के कारण कोरम पूरा नहीं होने पर स्थगित हो गया।बैठक में कई विभाग के पदाधिकारी भी उपस्थित नहीं होते हैं। प्रखंड के सभी पंचायतों की हालत समस्याओं के प्रति करीब एक जैसी है। ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न समस्याओं और पदाधिकारियों द्वारा उसके समाधान के लिए पहल नहीं किए जाने से ऐसा लगता है कि आम जनता को उसके ही हाल पर छोड़ दिया गया है। जन समस्याओं को सरकारी मुलाजिम सुनना नहीं चाह रहे हैं और आम आदमी उपर वाले के भरोसे पर जी रही है।

# महुआडांड़ में सिविल एक्शन प्रोग्राम के तहत सामग्री का किया गया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित ग्राम में बुधवार क्षको सीआरपीएफ 218 बटालियन के तत्वाधान में कैंप लगाकर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सीआरपीएफ के कमांडेंट मो० खालिद खान सौजन्य के मध्यम से डीएसपी महुआडाड़ं राजेश कुजूर मौजूदगी में शिविर लगाकर मच्छर दानी, छाता, सरसों,मटर चना, आलू के साथ यूरिया और डीएपी खाद सामग्री का वितरण किया गयाक्ष्इस मौके पर सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट खालिद खान उ ग्रामीणों को बताया कि ग्रामीण एवम पुलिस व सुरक्षा बलों के बीच समन्वय स्थापित करने एवम भटके लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए इन शिविरों का समय-समय पर आयोजन किया जाता है इसलिए इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से सीआरपीएफ तथा आम लोगों के बीच मित्रवत संबंध स्थापित करना है। जिससे क्षेत्र में नक्सलवाद की खात्मा एवं लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सीआरपीएफ आयोजित कर लोगों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराती रहेगी। वही इस मौके पर सिविक एक्शन शिविर में ग्रामीणों के उत्तम जलपान की व्यव्यस्था भी सीआरपीएफ 218 बटालियन की ओर से की गयी थी। इसके अलावा शिविर में सीआरपीएफ चिकित्सा प्रभारी सजन कुमार द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध काराई गई। इस मौके पर महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर, सिलक राम, थाना प्रभारी आशुतोष यादव मौजूद थे।



कार्यक्रम में मौजूद जवान व ग्रामीण

## एक नजर में

### मृत्यु जीवन का अन्त नहीं है, मृत्यु ही अनंत जीवन की शुरुआत है: फादर कमल

**महुआडांड़।** दो नवंबर को ऑल सोल डे (कब्र पर्व) को लेकर प्रखंड महुआडांड़ के ईसाई समुदाय के कब्रिस्तानों में विशेष विनती प्रथाओं का आयोजन किया गया। इस बार भी अलग अलग गाँव अम्बोटोली, गुड़गुड़टोली, बहराटोली, विश्रामापूर, गोठगांव, साले, रेगाई, कुरूद, कुरो कला, चम्पा, कुरूद, के कब्रिस्तान समेत सहित चर्च में प्रथार्ना सभा आयोजित की गई।

**मृत परिजनों को याद करने का पर्व :** ग्राम अम्बाटोली और शांतिपूर के सयुंक्त कब्रिस्तान में फादर कमल कन्डुलना द्वारा मिस्सा पूजा कराई गई। जहाँ उन्होंने बताया कि मृत्यु जीवन का अन्तं नहीं,मृत्यु ही अन्ततं जीवन की शुरूआत है, इसलिए सभी विश्वासीयों हमेशा ही तैयार रहना चाहिए कि कब पिता परमेश्वर के द्वारा बुलावा आ जाऐ । ज्ञात हो कि रोमन कैथोलिक एवं जर्मन चर्च के मसीही विश्वासी अपने मृत प्रियजनों की याद में यह पर्व मनाते हैं। इस दिन कब्रिस्तान में मिट्टी को समर्पित हो चुके अपने पूवर्ज, सगे परिजनों को याद किया जाता है। यह उनकी भावना और अपनों से घनिष्ठता को दशार्ता है। इसी क्रम में कब्र पर फूल चढ़ाए गये ।पुरोहितों की ओर से धार्मिक अनुष्ठान के बाद कब्र की आशीष की गई ।कब्र पर्व के पुर्व इसाई समुदाय के लोग संतों का पर्व मनाते हैं।

### भारतीय किसान संघ द्वारा किया गया गौ पूजन

लातेहार। भारतीय किसान संघ जिला के द्वारा गौ पूजन का किया गया। भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री बबन मांझी के नेतृत्व में लातेहार जिले के प्रखंडों के जालिम, मोंगर, सासंग, बरवाडीह, चेटर, आदि गांव में किसानों को जागृत कर उनके साथ गौ पूजन किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सरजु प्रसाद, महादेव राम, रामनिरंजन सिंह, संतोष सिंह, वीरेंद्र प्रसाद, रामपति सिंह, मोहन पांडे, बृजेश, सुनीता देवी, अनिता देवी, कंचन देवी सहित कई महिला शामिल थे।

### विधायक को ज्ञापन सौंप कर निर्माण कार्य बंद कराने की मांग की

**लातेहार।** शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र के ग्रामीणों ने डुरूआ में बनाये जा रहे वैंडिग मार्केट निर्माण कार्य का विरोध किया है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने विधायक वैद्यनाथ राम को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में लोगों ने कहा कि रेलवे स्टेशन क्षेत्र के डुरूआ बाजारटांड़ में नगर पंचायत के द्वारा वेंडिंग मार्केट बनाया जा रहा है। वर्षो से उस जमीन पर साप्ताहिक हाट लगता है। आसपास के आदिवासी ग्रामीण यहां आ कर अपने सामानों की बिक्री व खरीददारी करते हैं। इसके अलावा छोटे मोटे दुकानदार यहां अपनी दुकान लगा कर अपनी आजीविका चलाते हैं। ज्ञापन में आगे कहा गया कि इसी भूमि के बगल में सांसद एवं विधायक मद से निर्मित एक विवाह मंडप है और यहां प्रत्येक वर्ष शादियां होती है. डुरूआ क्षेत्र में कोई खेल मैदान नहीं है। बच्चे इस मैदान में खेल मैदान के रूप में इस्तेमाल करते हैं. इसी मैदान में दुर्गा पूजा के मौके पर मेला का आयोजन किया जाता है. ग्रामीणों ने कहा कि यहां वैंडिग मार्केट का निर्माण सर्वथा अनुचित है। लोगों ने वैंडिग मार्केट का निर्माण कार्य अविलंब रूकवाने की मांग विधायक से की है। विधायक श्री राम ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्माण कार्य रोकने का निर्देश दिया है. उन्होने कहा है कि वैंडिग मार्केट के लिए दूसरी जमीन उपलब्ध करायी जायेगी।

# आंवले का पूजन और परिक्रमा करने से भगवान नारायण होते हैं प्रसन्न : रेखा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत रेलवे कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों में धार्मिक परंपरा के अनुसार अक्षय नवमी पूरे श्रद्धा, आस्था और विश्वास के साथ मनाई गई। इस दौरान रेलवे कॉलोनी के सुभाष चौक के समीप आंवला पेड़ के नीचे महिला समिति की अध्यक्ष रेखा पाठक के साथ- साथ आसपास की दर्जनों महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा अर्चना की। जहां रेखा पाठक ने बताया कि अक्षय नवमी को आंवला नवमी भी कहा जाता है, और आज के दिन आंवले का पेड़ लगाने, आंवले का पूजन करने तथा आंवले की परिक्रमा करने से भगवान नारायण प्रसन्न होते हैं। वहीं पूजा करा रहें पंडित मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला नवमी मनाई जाती है। सनातन मान्यता में इस दिन का बड़ा महत्व है। वहीं पवित्र कार्तिक मास की कथा के दौरान उन्होंने आंवला जयंती के बारे में बताया। पूजा अर्चना के दौरान महिलाओं ने आंवला पेड़ में बंधन सूत्र बांधते हुए परिवार की खुशी के लिए कामना की। कई महिलाओं ने पुत्र की कामना के लिए भी रक्षा सूत्र बांधे। मान्यता है कि अक्षय नवमी से लेकर पूर्णिमा तक भगवान विष्णु का वास आंवले के पेड़ पर रहता है और इस दौरान नवमी तिथि पर आंवले के पेड़ की पूजा करने से सभी मनोकामना पूरे होते हैं। संतान प्राप्ति के साथ जन आरोग्य का भी वरदान प्राप्त होता है।



अक्षय नवमी पर पूजा- अर्चना करती महिलाएं

## शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षय नवमी पारंपरिक तरीके से संपन्न

**लातेहार।** जिला मुख्यालय एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षय नवमी (आंवला पूजा) पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने शहर से सटे तपा की पहाड़ी में आवंला के पेड़ों के नीचे बैठ कर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की और सुख व शांति की कामना की। श्री मनोकामना हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित त्रिभुवन पांडेय ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष के नवमी तिथि को मनायी जाती है। महिलाओं के द्वारा यह पूजा करने से संतान व सुख वैभव की प्राप्ती होती है।

अक्षय नवमी के मौके पर श्रद्धालुओं ने पहाड़ी के तराई में ही खिचड़ी बनाया कर प्रसाद ग्रहण किया. इसके बाद तपा पहाड़ में पवतारोहण किया। मौके पर आसपास के क्षेत्रों श्रद्धालु उपस्थित थे. तपा पहाड़ एवं झरिया डैम इस मौके पर मेले सा दृश्य था. ठेला एवं खोमचे वालों के यहां काफी भीड़ भाड़ दिखायी पड़ी। इसके अलावा शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में पुजारी राजेश पाठक के सानिध्य में काफी संख्या में महिलाओं ने आंवला पेड़ के नीचे बैठ कर पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की।

**पुलिस में जुआरियों को खदेड़ा :** आंवला पूजा में तापा पहाड़ के तलहटी में बड़े पैमाने पर जुआ का खेला जा रहा था. इसकी सूचना मिलने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमीत कुमार गुप्ता के निर्देश पर पुलिस बल तापा पहाड़ पहुंची और जुआरियों को वहां से खदेड़ा. पुलिस को देखते ही जुआरी भागने लगे. पुलिस ने उन्हें काफी दूर तक खदेड़ा।

स्पीड न्यूज

## बोकारो में 45 हाथियों का झुंड, दहशत में ग्रामीण

**बोकारो।** बोकारो के पेटरवार प्रखंड के तेनुघाट डैम के किनारे मिजार्पुर गांव में 45 हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए है। हाथियों के जमा रहने से ग्रामीणों में दहशत है। हाथियों का झुंड बोकारो जिला में प्रवेश होने के बाद गोमिया कसमार जारीडीह में भी एहतियात बरतने का निर्देश दिया गया है।

## प्राचार्य मानेश्वर चौधरी को भावभीनी श्रद्धांजलि

**कतरास।** हम अपनी जिंदगी में न जाने कितने लोगों से मिले हैं। लेकिन उनमें से कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनका स्वभाव हमें बहुत अच्छा लगता है और जब वह इस दुनिया को छोड़ कर चले जाते हैं तो दिल पर गहरा आघात होता है। ऐसे ही व्यक्तित्व के स्वामी थे सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह के प्राचार्य मानेश्वर चौधरी जिनका आकस्मिक निधन दिनांक 22.10.2022 को हो गया। इस दुख की बेला में विद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। आज दिनांक 02.11.2022 को विद्यालय में प्राचार्य मानेश्वर चौधरी के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**बेरमो।** एक नवम्बर (मंगलवार) को दामोदर घाटी कार्पोरेशन बोकारो थर्मल ताप विद्युत केन्द्र के पीपीएम भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में सर्तकता जागरूकता सप्ताह 2022 के अनुपालन के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में परियोजना में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

## विकास में श्रम वीरों की अहम भूमिका : अजय

**बेरमो।** कोल इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल क्षेत्र के महाप्रबंधक को यूनियन की ओर से मिलकर शुभकामनाएं दी। कोल इंडिया के स्थापना दिवस पर जो पिछले दिनों चली आ रही परंपरा का इस वर्ष भी क्षेत्र के मजदूरों को पदोन्नति आदेश देकर वेलफेयर कार्य को प्राथमिकता दी गई। क्षेत्र के सभी परियोजनाओं में 75 से ऊपर श्रमिकों को पदोन्नति आदेश दिया गया इसके लिए क्षेत्रीय प्रबंधन का आभार प्रकट किया गया।

## ब्राह्मण समाज में आक्रोश व्याप्त

**कतरास।** पूर्व मंत्री सह कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के विवादित बयान को लेकर ब्राह्मण समाज में आक्रोश व्याप्त है जिसको लेकर बुधवार को कतरासगढ राजबाड़ी गेट से धिक्कार जलेश्वर यात्रा निकालकर जलेश्वर के पुतले के साथ इलाके का भ्रमण करते हुए जमकर नारेबाजी की तत्पश्चात समाज के लोगों ने राजबाड़ी में जलेश्वर का पुतला जलाया। समाज के श्रीकांत चटर्जी ने कहा कि जलेश्वर का विनाश का समय निकट आ चुका है। ब्राह्मण जलेश्वर का विनाश करके ही दम लेंगी। मौके पर सूर्य देव मिश्रा, दिलीप दर्शन दे, रवि बनर्जी, बापी चटर्जी, हारू बनर्जी, देबू चक्रवर्ती, निर्मल बनर्जी, बबलू मिश्रा, मुन्ना झा, उत्तम चटर्जी, सिकंदर चक्रवर्ती, इंदु भूषण बनर्जी, तारा मुखर्जी, गणेश ओझा, काजल बनर्जी, लालतू बनर्जी, गोपाल चटर्जी, आंसू जा राजा मुखर्जी, पारसनाथ पांडे, फारुक चक्रवर्ती, तुषार चटर्जी, शिबू बनर्जी, तपन घोषाल, टुकटुक चटर्जी, सिंटू मुखर्जी, सच्चिदानंद उपाध्याय, अमल बनर्जी, झोला बनर्जी, विमल झा, साधन मुखर्जी, गौतम मिश्रा, अजय पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## स्कूल के लिए बेंच, डेस्क का वितरण

**बेरमो/ कथारा।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज दिनाँक दो नवंबर, 2022 को कथारा क्षेत्र में अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती विमला प्रसाद के मार्गदर्शन में मानवी महिला समिति, कथारा के द्वारा कथारा उच्च विद्यालय, कथारा के विद्यालय परिसर में विज्ञान प्रयोगशाला का विधिवत शुरुवात किया गयो शिक्षको को बच्चों में विज्ञान के प्रति रूचि उत्पन्न करने के लिए उन्हें विज्ञान के प्रयोग सिखाने का भी निर्देश दिया गया मानवी महिला समिति के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# जारंगडीह पुराना फिल्टर हाउस के समीप घनी झाड़ियों से मिला नरकंकाल, क्षेत्र में फैली सनसनी



### शव की हुई शिनाख्त, 12 दिन से घर से गायब था यह व्यक्ति





खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /जारंगडीह।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह काली मंदिर के समीप पुराना फिल्टर हाउस के समीप घने झाड़ियों के जंगल में मंगलवार को एक व्यक्ति की नरकंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खबर फैलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ वहां जमा हो गई और इसी बीच सूचना पाकर बोकारो थर्मल पुलिस भी वहां पहुच गई।

बताता चलू कि नरकंकाल के रुप में व्यक्ति के शरीर के कुछ हड्डियों के टुकड़े ही शेष बचे थे जिसमे उस व्यक्ति की सर की कंकाल भी शामिल था मगर पास ही मृतक का चप्पल और गमछा पड़ा हुआ था जिसे देख कर मृतक के पुत्र ने शव की पहचान कर ली जिसके अनुसार मृतक जारंगडीह 16 नंबर कॉलोनी निवासी लगभग 45 वर्षीय पेटू भुईया बताया गया जो लगभग 12 दिनो से अपने घर से गायब था जिसकी शिकायत परिजनों के द्वारा 18 अक्टूबर को ही स्थानीय थाना को लिखी दे चुका था और भी खोजबीन में जुटा था। आखिरकार आज उसका नरकंकाल घने झाड़ियों के बीच मिला। पुलिस मौके पर पहुच कानूनी कार्रवाई मे जुट गई है। मगर सवाल उठता है कि जिस ओर दिन में भी लोग जाने मे घबराते है वहां यह व्यक्ति पहुचा कैसे। क्या यह व्यक्ति की मौत जंगली जानवरों के हमले से हुई है या फिर किसी ने इस व्यक्ति की हत्या कर उन घने जंगलो मे फेंका है। पुलिस हर पहलू पर छानबीन मे जुटी हुई है।

जबकि नरकंकाल देख साफ प्रतित होता है कि यह व्यक्ति किसी तरह उस जंगल के बीच पहुच गया होगा और वही जानवरों का शिकार हो गया। क्यो कि शरीर का लगभग हिस्सा वहां से पुरी तरह गायब पाया गया सीवा शरीर के कंकालों को छोड़ कर।

## स्टेशन में चोरी करते पकड़ाये चोर, लोगों ने जमकर की धुनाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहर के जंक्शन रेलवे काउंटर पर एक यात्री की पर्स और मोबाइल छीन कर भाग रहे चोर को स्थानीय लोगों ने दौरा कर पकड़ा और जमकर पिटाई कर दी।स्थानीय लोगों ने सदर थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस मामले में आगे कार्रवाई कर रही है। क्या है पूरा मामलाः यात्री ने मीडिया को बताया कि वह झरिया से धनबाद जंक्शन पर आरा के लिए ट्रेन पकड़ने पहुंचे थे। जहां उसका मोबाइल और पर्स छीनकर एक चोर भागने लगा। इसके बाद उस यात्रि ने हो हल्ला किया। थोड़ी देर के बाद स्थानीय लोगों ने रेलवे क्वार्टर कॉलोनी से चोर को दौड़ाकर पकड़ लिया। उस चोर को स्थानीय लोगों ने पकड़कर रस्सी से पोल में बांधकर पिटाई की। जहां से चोर के पास एक मोबाइल बरामद की गई। जबकि इस चोरी में दो चोरों की संलिप्ता बताई जा रही है। पुलिस जांच कर रही हैः इस मामले में चोर चोरी करने से साफ इंकार कर रहा हैं और एक अपने मित्र का नाम बता रहे हैं कि भोला के द्वारा चोरी की गई है। भोला काली बस्ती का रहने वाला है। जबकि इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने सदर थाना पुलिस को सूचित किया गया। जहां पर सदर थाना की पुलिस पहुंचकर चोर को अपने कब्जे में लेकर उनको बंधन से मुक्त किया गया और अपने साथ थाना ले गए।

## पांच दिवसीय विराट आनंद पुस्तक मेला का आयोजन आज से

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** गायत्री ज्ञान मंदिर सिन्दरी के द्वारा पाँच दिवसीय विराट आनंद पुस्तक मेला का आयोजन गुरुवार से गायत्री मंदिर शहरपुरा परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन 3 से 7 नवंबर तक किया जाएगा। इसके व्यापक प्रचार के लिए बुधवार को सिन्दरी में शोभायात्रा निकाली गई। मेला में धार्मिक, मनोवैज्ञानिक, वेद, उपनिषद, पुराण, आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति पुस्तकें, महापुरुषों की जीवनी सहित अन्य संग्रहणीय पुस्तकों को प्राप्त किया जा सकता है। उक्त जानकारी देते हुए गायत्री मंदिर ट्रस्टी शशि भूषण गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम स्थल से



निकली शोभायात्रा शहरपुरा मुख्य बाजार, एल टाइप, एसकेफोर हनुमान मंदिर होते हुए बीर कुँवर सिंह चौक पार कर पुनः गायत्री मंदिर पहुँचा। इस शोभायात्रा में मदर टेरेसा स्कूल सिन्दरी के बच्चों ने बैंड का प्रदर्शन किया। वहीं पुस्तक रखे रथ को सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिन्दरी के बच्चे खींच रहे थे। उन्होंने बताया कि मेला का शुभारंभ गुरुवार को 10 बजे किया जाएगा। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की जाएगी व अतिथि विद्वानों का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। शोभायात्रा में मुख्य रूप से गायत्री ज्ञान मन्दिर सिन्दरी के मुख्य ट्रस्टी शशी भूषण गुप्ता, इन्द्र देव पंडित, सुरेन्द्र साह, प्रो सुधीर सिंह, शिवाधार प्रसाद, ममता पाण्डेय, रेखा प्रसाद, अमिता राय, सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार, सविमं के छात्र, मदर टेरेसा स्कूल के छात्रों व महिलाएं आदि शामिल थीं।

## आवास निर्माण में भारी अनियमितता : दीप नारायण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमो।** को जदयू प्रदेश महासचिव सह झारखंड रैयत रेल विस्थापित समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष दीप नारायण सिंह ने मुख्य परियोजना प्रबंधक, डीएफसीसीआईएल को पत्र लिखकर डीएफसीसीआईएल योजना के तहत गोमो में हो रहे आवास निर्माण में धांधली एवं अनियमितता पर रोकने की मांग की है। श्री सिंह ने पत्र के माध्यम से कहा है कि डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पूर्व मध्य रेल खंड, धनबाद रेल मंडल अंतर्गत गोमो में सैकड़ों आवास का निर्माण हो रहा है। जिसका ठेका कार्य एस.टी. कंस्ट्रक्शन, नोएडा नई दिल्ली को मिला है। कंपनी के द्वारा आवास निर्माण में धांधली एवं अनियमितता बरती जा रही है। प्राक्कलन के अनुसार ईट, सीमेंट, सरिया, बालू, गिट्टी का प्रयोग नहीं हो रहा है। राज्य सरकार की 75% सभी प्रकार के कार्य में स्थानीय लोगों को नियोजन एवं तय मजदूरी के अनुसार मजदूरों को मजदूरी राशि का भुगतान नहीं हो रहा है। सरिया भी घटिया एवं प्राक्कलन मानकता के अनुसार नहीं लगाया जा रहा है। अवैध बालू का प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। जिसके कारण सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। डीएफसीसीआईएल योजना में जिन रैयतों का जमीन अधिग्रहण किया गया है एवं जो लोग प्रभावित हो रहे हैं, वैसे रैयतों एवं प्रभावित परिवारों को कंपनी में काम नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण रैयतों एवं ग्रामीणों में रोष है। विषय की गंभीरता को देखते हुए झारखंडी रैयत रेल विस्थापित समिति मांग करती है कि- 1) आवास निर्माण में हो रही अनियमितता को रोकते हुए प्राक्कलन के अनुसार निर्माण कार्य की जाए, 2) राज्य सरकार और भूमि अधिग्रहण बिल 2014 के तहत स्थानीय एवं प्रभावित परिवार को निर्माण कार्य में 75% भागीदारी तय की जाए, 3) मजदूरों का मजदूरी राशि तय समय से राज्य सरकार की नियमानुसार की जाए,4) आवास निर्माण घनी आबादी क्षेत्र में होने के कारण निर्माण कार्य के दौरान उड़ रहे धूल - गर्दा से लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए कार्यस्थल के चारों ओर 10 फीट ऊंचा बोरा (चार्ट) से घेराव की जाए,5) कंपनी के द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत कार्यस्थल के अगल-बगल प्रभावित गांव में बच्चों एवं महिलाओं के विकास हेतु सामाजिक कार्यक्रम आयोजित की जाए। साथ ही साथ पांच सूत्री मांगों को लेकर श्री सिंह ने कहा है कि अगर 15 दिनों के अंदर झारखंडी रैयत रेल विस्थापित समिति की मांगों को पुरा नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## 6 वर्षीय बच्ची की हत्या की आशंका, शव बरामद

**टुंडी।** दक्षिणी टुंडी के कदैंया पंचायत अंतर्गत कदैया ग्राम के रंजीत तुरी का छः वर्षीय लड़की की हत्या कर लाश को झाड़ियों में फेंक दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताते चले कि मंगलवार सुबह लोगों ने बच्ची की लाश देखा। और इसकी सूचना टुंडी पुलिस को दिया घटना की खबर पाकर टुण्डी थाना प्रभारी शारदा रंजन प्रसाद सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की तपतीश शुरू कर दी। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर लाश को देखकर इस घटना की निंदा करते हुये आक्रोश जताया हैं। इस संबंध में टुण्डी थाना प्रभारी शारदा रंजन प्रसाद सिंह ने कहा घटना काफी निंदनीय हैं, अपराधियों कों किसी कीमत पर नहीं बक्सा जायेगा।

## भगवती जागरण से हिंदुत्व को बढ़ावा मिलता है : सोनू गिरि

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** मंगलवार की देर रात सिन्दरी के राँगामाटी स्थित सुभाष स्पोर्टिंग कल्ब में रंजीत निषाद द्वारा आयोजित भगवती जागरण में बंगाल व झारखंड के कलाकारों ने समा बाँध दिया।

जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद सिन्दरी प्रखंड अध्यक्ष सोनू गिरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद दिनेश सिंह व मेयर प्रत्याशी विजय पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्ष 2008 से महापर्व छठ व्रत के अंतिम दिन शहर के सुख शांति के लिए प्रत्येक वर्ष भगवती जागरण



का आयोजन किया जाता रहा है। इससे हिंदुत्व को बढ़ावा देने में मदद मिलता है। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने जागरण में उपस्थित कलाकारों को भगवा रंग का अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और हिंदुत्व को बढ़ावा देने वाले इस प्रकार के कार्यक्रम में सहयोग करने की बात कही। कलाकारों ने देर रात तक क्षेत्र के लोगों को अपने गायन से मंत्रमुग्ध किया। मौके पर अमन ठाकुर, बाल्मीकि कुमार, सुधीर सिंह, सिंटू सिंह, मृत्यंजय कुमार, अजय पाण्डेय, अमित कुमार, रोहित सिंह, दुर्गेश कुमार, अंकित कुमार, अयान कुमार, रवि कुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अधिवक्ता के पुत्र पर चाकू से हमला

**पाथरडीह।** पाथरडीह थाना क्षेत्र के चास नाला साउथ कालोनी निवासी व वकील एचएनसिंह के पुत्र विधाता राज सिंह पर चाकू से हमला और मारपीट का मामला सामने आया हैं । विधाता राज सिंह को कांग्रेसी नेता के पुत्र द्वारा घर से बुलाकर बाहर ले जाकर दर्जनों युवकों के साथ मिलकर चाकू से हमला किया गया ।हो हल्ला सुनकर कालोनी के लोग बड़ी संख्या में जुट गए और बचाव किया ।दर्जनों युवक ऑटो और बाइक से आए थे हमला के बाद ऑटो से भागने में सफल रहे वही दो युवक को पुलिस ने पकड़ लिया हैं और उनसे पूछताछ चल रही है ।हमला के पीछे कारण और मुख्य साजिशकर्ता की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई हैं। पाथरडीह पुलिस को लिखित शिकायत दी गई हैं।

## अस्पताल की दबंगई, महिला को बनाया बंधक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /गोमिया।** एक बार फिर निजी अस्पताल की दबंगई सामने आयी है। मामला बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के कथारा छिलका पुल के निकट संजीवनी सेवा सदन की है। इस अस्पताल में एक आदिवासी महिला को पिछले एक सप्ताह से पैसे के अभाव में बंधक बना कर रखा गया।

## कार्यक्रम में वितरित की गई परिसंपत्तियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा फेज के दूसरे दिन फुसरो नगर परिषद के वार्ड 16 स्थित महिला मंडल स्कूल कारगली में बुघवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। 16-17 वार्ड के लोगो के लिये कई स्टॉल लगाये गए थे। इस मौके पर स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, राजस्व विभाग, जेएसपीएलएस पंचायत आवास, ग्रामीण विकास अधिकरण, खाद्य आपूर्ति एवं सहकारिता विभाग, कोविड टीकाकरण, कल्याण विभाग




सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण श्रम विभाग, विधवा एवं वृद्धा पेंशन के स्टॉल लगाए गए थे। बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन किए जमा। इस मौके पर काफी संख्या में लाभुकों ने आवेदन पत्र जमा किया। कार्यक्रम में सीओ सह प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार, नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, वार्ड पार्षद रश्मि सिंह आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## साइबर अपराध जागरूकता एवं बचाव विषय पर कार्यशाला आयोजित

**बेरमो/कथारा।** सी सी एल, कथारा क्षेत्र में साइबर अपराध से बचाव व तकनीकी जागरूकता के लिए सी.सी.एल, मुख्यालय एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कथारा के द्वारा साइबर अपराध जागरूकता एवं बचाव विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का आयोजन कथारा, बी&के एवं ढोरी के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए किया गया था। कार्यशाला का आयोजन ऑफिसर्स क्लब, कथारा में किया गया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कथारा के मुख्य प्रबंधक दिलीप कुमार ने सभी को साइबर अपराध के कारण एवं रोकथाम से लेकर इंटरनेट प्रयोग में रखी जाने वाली सावधानियां, आनलाइन ठगी, एंड्रयड फोन एवं इंटरनेट मीडिया, फेसबुक, यूटयूब आदि के प्रयोग संबंधी सूक्ष्म जानकारी प्रदान की। उन्होंने वित्तीय फ्रॉड एवं उससे बचने के तरीके से सभी को अवगत करायो मुख्यालय से आये प्रबंधक (प्रणाली) श्री सुन्दर मोहन हंसदा ने कहा कि इनके प्रयोग में पूर्ण सतर्कता अपनाना जरूरी है, ताकि हम किसी भी प्रकार के अपराध एवं धोखाधड़ी से बच सकें।

## विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति बेरमो ने बैठक कर लिये कई निर्णय

**बेरमो /फुसरो।** फुसरो पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित झब्बू सिंह महिला कॉलेज के समीप यूनियन कार्यालय में बुधवार को विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति बेरमो की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सूरज महतो व संचालन महामंत्री कमलेश महतो ने किया। यहां सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए. समिति अध्यक्ष सूरज महतो ने कहा कि बेरमो कोयलांचल क्षेत्र में विस्थापितो की समस्या जटिल है. प्रबंधन के क्रिया कलाप से यहां के रैयतों व विस्थापित को उसका अधिकार नहीं मिल रहा है। कहा कि इन सभी समस्याओ को लेकर इस सप्ताह के अंदर विस्थापित गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर रैयतों को जागरूक किया जाएगा। इस अभियान के तहत पिछरी, अंगवाली, चलकरी, खेतको, ढोरी बस्ती, घुठियाटांड़, अमलो, लोधरबेड़ा, तुरियो, चपरी, गुजरडीह, कारो, बैदकारो, कथारा, गोविंदपुर आदि प्रभावित गांव में बैठक किया जायेगा. कहा कि सीसीएल प्रबंधन से बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल मैदान करगली के मुख्य गेट में तोरण द्वार लगाने की आग्रह किया जाएगा. मौके पर धनेश्वर महतो, दशरथ महतो, चिंतामणि महतो, धनश्याम महतो, सूरज पासवान, लालमोहन महतो आदि लोग मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### इडी से डर...

पूर्वजों ने हमें लड़ना और जीतना भी सिखाया है : सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि यह सिदो-कान्हू की धरती है। हमारे पूर्वज हमें लड़ना सिखाया है। हम हर जंग लड़ेंगे और जीतेंगे। वर्तमान सरकार ने आदिवासियों को काफी सम्मान दिया है। 20 साल से आदिवासी दिवस नहीं मना है, अब आदिवासी दिवस मन रहा हैं। इडी के नोटिस पर सीएम ने भाजपा को घेरा। कहा कि देश में झारखंड एक ऐसा राज्य है जहां आदिवासियों की सरकार चल रही है, यह कुछ लोगों को पच नहीं रहा है।षडयंत्र के तहत वे लोग झारखंड को अस्थिर करने में लगे हुए हैं। जनता के दरबार में जाकर हार गये तो संविधान का डर दिखा रहे हैं और हमारे पीछे इडी को लगा दिया। सीएम ने कहा, हम लोगों को बता देना चाहते हैं कि वे लोग यह गलतफहमी नही पालें कि झारखंड के आदिवासी बेटे का कुछ कर लेंगे, क्योंकि लोगों को माकूल जवाब मिलेगा।

### राज्य स्थापना दिवस ...

हालांकि अभी उलिहातु के कार्यक्रम की पुष्टि नहीं हो पायी है, लेकिन प्रशासन इकी तैयारी कर रहा है। उलिहातु में भगवान बिरसा मुंडा से जुड़े स्थलों के रंग रोगन और मरम्मत का कार्य तेज कर दिया गया है। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उलिहातु में बिरसा मुंडा जन्मस्थली आने को लेकर इशारा किया था। श्री मुंडा ने कहा कि इस संबंध में मैंने भी सुना है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं कर सकता।

### समन के खिलाफ...

सीएम इडी दफ्तर जायेंगे या नहीं अभी तय नही : विनोद पांडे ने कहा कि अभी ऐसी कोई सूचना नहीं है कि मुख्यमंत्री गुरुवार को इडी ऑफिस जायेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि कानूनी सलाह ली जा रही है और कानून सम्मत जो बातें होंगी वह किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजभवन की खामोशी सभी बातें स्पष्ट कर रही है कि क्या खेल चल रहा है और राज्यपाल महोदय का यह बयान कि दीपावली का समय में झारखंड में बम फटेगा यह बहुत कुछ कहता है। विनोद पांडे ने कहा कि राजनीतिक घटनाक्रम को उससे जोड़कर ही देख सकते हैं।

### टी-20 वर्ल्डकप के ...

**बारिश के कारण 151 का मिला लक्ष्य :** बांग्लादेश ने सात ओवर में बिना विकेट खोये 66 रन बना लिये थे जब बारिश के कारण मैच रोकना पड़ा। इस समय लिटन दास 26 गेंद में 59 जबकि नजमुल हुसैन शंटो सात रन बनाकर खेल रहे थे। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत बांग्लादेश 17 रन से आगे था। यानी बांग्लादेश को 9 ओवरों में जीत के लिए 85 रन बनाने थे।

**भारतीय पारी का रोमांच :** इससे पहले विराट कोहली का शानदार प्रदर्शन जारी रहा और उनके नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 6 विकेट पर 184 रन बनाये। कोहली ने 44 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 64 रन जोड़े। बांग्लादेश के किसी गेंदबाज के पास उनके शानदार स्ट्रोक्स का कोई जवाब नहीं था। पर्थ की तुलना में यहां की पिच धीमी थी जिस पर बांग्लादेश के गेंदबाज पावरप्ले के बाद दबाव में आ गये। कप्तान रोहित शर्मा ने एकबार फिर सबको निराश कर दिया। वह मात्र दो रन ही बना सके। केएल राहुल ने 31 गेंद में 50 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की।

**टी20 के किंग बने कोहली :** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार को पुरुष टी20 विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये। कोहली ने यह रिकार्ड बंगलादेश के खिलाफ सुपर-12 मुकाबले के दौरान हासिल किया। उन्होंने टी20 विश्व कप की 23 पारियों में 88.75 की औसत से 1065 रन बनाये हैं।

**बल्लेबाजी के शिखर पर सूर्यकुमार :** भारत के सूर्य कुमार यादव दुनिया के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज बन गये हैं। वे आइसीसी की टी-20 रैंकिंग में टॉप पर आ गये हैं। सूर्या ने पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान को पीछे छोड़ दिया है। बुधवार को जारी रैकिंग में सूर्यकुमार को पिछले मैच के अर्धशतक का फायदा मिला और उनके 863 अंक हो गये। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान 842 अंक लेकर दूसरे नंबर पर हैं। दोनों के बीच 21 रेटिंग पॉइंट का डिफरेंसअंतर है न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे तीसरे, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम चौथे और साउथ अफ्रीका के एडेन मार्करम पांचवें स्थान पर हैं।

### चुनाव आयोग ने...

हालांकि मतगणना की प्रक्रिया होते ही नैंसी सहाय को हटाकर फिर मंजूनाथ भजंत्री को देवघर का डीसी बना दिया गया था। आयोग ने दूसरी उन्हें हटाने का आदेश दिया है। मधुपुर विधानसभा उपचुनाव के बाद एक ही दिन में सांसद पर पांच एफआईआर दायर किए जाने के मामले में देवघर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री को चुनाव आयोग ने 06 दिसंबर 21 को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। इसके अलावे आयोग ने भविष्य में आईएएस अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री को किसी भी चुनाव ड्यूटी संबंधित कार्यों में नहीं लगाने को भी कहा था।

## स्पीड न्यूज

### अब अमिताभ को मिली एक्स श्रेणी की सुरक्षा



**मुंबई।** बॉलीवुड के तमाम बड़े सितारों की सुरक्षा को मुंबई पुलिस और राज्य सरकार बढ़ा रही हैं। बीते दिन सलमान खान को वाई प्लस कैटेगिरी की सुरक्षा दी गई थी। वहीं अब बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बिग बी की सिक्योरिटी को वाई कैटेगिरी से बढ़ाकर एक्स कैटेगिरी कर दिया गया है।

### एयर एशिया भारत में अपनी हिस्सेदारी एयर इंडिया को बेचेगी

**नयी दिल्ली।** एयर एशिया ने भारत में अपनी शेष हिस्सेदारी एयर इंडिया को बेचने का फैसला लिया है। एयर एशिया एविशन ग्रुप लिमिटेड ने यह जानकारी दी है।

### संजय राउत की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने धन शोधन मामले में गिरफ्तार शिवसेना के सांसद संजय राउत को एक बार फिर कोर्ट से झटका लगा है। मुंबई पीएमएलए कोर्ट ने राउत की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है।

### ईसाई धर्मगुरु पीसी की जमानत निरस्त

**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने ईसाई धर्मगुरु पीसी सिंह की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। कोर्ट ने कहा कि अगर पीसी सिंह को जमानत दी जाती है तो वह सबूतों को प्रभावित कर सकता है।

### दिल्ली में निर्माण गतिविधियों पर रोक

**नयी दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है।

### शेयर बाजार गिरा

मुंबई। बुधवार को सेंसेक्स 215.26 अंक गिरकर 61 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 60906.09 अंक और निफ्टी 62.55 अंक फिसलकर 18082.85 अंक पर आ गया।

### इसी महीने आ जायेगा ई-रुपये : आरबीआइ

**नयी दिल्ली।** आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने डिजीटल रूपया को लेकर आम लोगों के लिए बड़ी घोषणी कर दी है। दास ने कहा कि आम लोगों के लिए इसी महीने ई-रुपये में लेनदेन की सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

---

### इनवेस्ट कर्नाटक का उदघाटन करते हुए बोले पीएम मोदी

# हमने देश में निवेशकों के अनुकूल माहौल बनाया

- वैश्विक संकट के दौर में दुनिया भारत की तरफ बहुत उम्मीद भरी नजरों से देख रही है : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'वैश्विक संकट' के दौर में दुनिया के अर्थव्यवस्था विशेषज्ञ और विश्लेषक भारत को 'असीम संभावनाओं का केंद्र' बता रहे हैं और दुनिया भारत की तरफ से बहुत उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नीतिगत संकटों को समाप्त करके उनकी सरकार ने 'लालफीताशाही के जाल' में धकेलने की बजाय निवेशकों के अनुकूल माहौल बनाया है। बुधवार को वैश्विक निवेशक सम्मेलन 'इन्वेस्ट कर्नाटक 2022' के उद्घाटन समारोह को वीडियो कांफ्रेंससे संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कर्नाटक को निवेशकों के लिए बड़ा केंद्र बताया और कहा कि दक्षिण के इस राज्य में डबल इंजन की सरकार है, यानि केंद्र सरकार और राज्य सरकार में एक ही पार्टी का नेतृत्व है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भारत ने करीब 84 बिलियन डॉलर का रिकॉर्ड एफडीआइ हासिल किया था। ये नतीजे तब आ रहे हैं जब दुनिया कोविड के असर और युद्ध की परिस्थितियों से जूझ रही है। हर तरफ अनिश्चितता का माहौल है। भारत पर भी युद्ध और महामारी से बनी स्थितियों का विपरीत प्रभाव पड़ा है। बावजूद इसके, आज पूरी दुनिया भारत की तरफ बहुत उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। मोदी ने कहा कि ये दौर आर्थिक अनिश्चितता का है लेकिन तमाम देश एक बात को लेकर आश्वस्त हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत है। उन्होंने कहा कि ये भले ही वैश्विक संकट का दौर है लेकिन दुनियाभर के विशेषज्ञ, विश्लेषक और अर्थव्यवस्था के जानकार भारत को असीम संभावनाओं से भरपूर बता रहे हैं।

### दिल्ली : मोदी ने झुग्गीवासियों को दी घर की सौगात



प्रधानमंत्री ने बुधवार को झुग्गी-झोपड़ी वासियों के पुनर्वास के लिए दिल्ली के कालकाजी इलाके में 'यथास्थान झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना' के तहत बनाए गए 3,024 नवनिर्मित ईडब्ल्यूएस आवासों का उद्घाटन किया। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में भूमिहीन कैंप के पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री ने फ्लैट की चाबियां सौंपी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'दिल्ली के गरीबों को भी सरकार की योजनाओं का सीधा फायदा मिल रहा है। आज यहां शायद ही ऐसा कोई होगा जिसके पास भीम यूपीआई ना हो। गरीब साथियों को बड़ी दिक्कत राशन कार्ड से जुड़ी होती थी, हमने 'वन नेशन वन राशन कार्ड' बनाकर गरीबों की जिंदगी को आसान कर दिया है।'

### बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा 'इंटरसेप्टर' का पहला परीक्षण रहा सफल

**चांदीपुर।** भारत ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण कदम में ओडिशा तट से द्वितीय चरण की बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा 'इंटरसेप्टर' एडी-1 मिसाइल की पहली उड़ान का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर स्थित सभी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा (बीएमडी) हथियार प्रणाली की भागीदारी के साथ एडी-1 मिसाइल का परीक्षण किया गया। डीआरडीओ ने 2 नवंबर को ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से द्वितीय चरण की बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा इंटरसेप्टर एडी-1 मिसाइल की पहली उड़ान का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

### उर्वरकों के लिए 51875 करोड़ रुपये की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने वर्ष 2022..23 के रबी सीजन के लिए पोषक तत्व आधारित उर्वरकों के लिए 51875 करोड़ रुपये के सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बुधवार को हुयी बैठक में नाईट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश और सल्फर उर्वरकों के लिए सब्सिडी की स्वीकृति दी गयी। उर्वरक मंत्रालय ने इस आशय का प्रस्ताव किया था।

### श्रीदेवी की फिल्मों का रीमेक नहीं करना चाहिए : जान्हवी



बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर का कहना है कि उनकी मां श्रीदेवी की फिल्मों का रीमेक किसी अभिनेत्री को नहीं करना चाहिये। जान्हवी कपूर जल्द ही फिल्म 'मिली' में नजर आएंगी। इसी बीच जान्हवी कपूर का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें वह अपनी मां श्रीदेवी और उनकी फिल्मों के बारे में बात करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में जान्हवी ने कहा कि उनकी मां की फिल्मों का रीमेक नहीं बनाया जाना चाहिए। जान्हवी कपूर के इस वीडियो को इंस्टेंट बॉलीवुड नाम के इंस्टा पेज से शेयर किया गया है। वीडियो में जान्हवी कहते हुए सुनी जा सकती हैं कि, 'मुझे लगता है कि किसी को श्रीदेवी की फिल्म का रीमेक नहीं करना चाहिए, क्योंकि कोई भी उनकी तरह काम नहीं कर पायेंगी।'

### केंद्र बताये सिविल सेवाओं में दिव्यांगों को कैसे रखा जाये

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से आठ सप्ताह में मांगा जवाब**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सिविल सेवाओं की अलग-अलग कैटेगरी में दिव्यांगों को मौका दिए जाने संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जांच के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने बुधवार को एक मामले में सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से कहा है कि वह इस बात की जांच करे कि कैसे दिव्यांग लोगों को सिविल सेवाओं में विभिन्न श्रेणियों में मौका दिया जा सकता है। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा है कि इस मामले में व्यवहारिकता को भी देखा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति एस ए नजीर और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम की पीठ ने कहा कि दिव्यांगता के प्रति सहानुभूति एक पहलू है, लेकिन निर्णय की व्यावहारिकता को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा, दिव्यांग सभी श्रेणियों में फिट नहीं हो सकते हैं। ऐसे में इसकी जांच की जानी चाहिए। क्योंकि, सहानुभूति एक पहलू है और व्यावहारिकता दूसरा पहलू। इस दौरान कोर्ट ने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि चेन्नई में सौ फीसदी दृष्टिहीन व्यक्ति को जूनियर डिवीजन में सिविल जज के रूप में नियुक्त किया गया था।

### ज्ञानवापी : आपत्ति पर 11 को जवाब दाखिल करेगा मंदिर पक्ष

**वाराणसी।** ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी वाद की अगली सुनवाई अब 11 नवंबर को होगी। बुधवार को जिला जज की अदालत में अन्जुमन इन्तजामिया मसजिद की तरफ से बंद तहखाने को तोड़ने और मलबा हटाने के साथ जो विशेष सर्वे कमिश्नर विशाल सिंह और अजय मिश्र ने दाखिल की थी उस पर आपत्ति दाखिल की। हिंदू पक्ष को आपत्ति दाखिल करने के लिए कोर्ट ने 11 नवंबर की तिथि नियत की है। ज्ञानवापी परिसर में सर्वे की कार्रवाई के दौरान मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग खारिज होने के बाद वादी राखी सिंह सहित सभी पांचों महिलाओं ने एक बार फिर सर्वे की मांग की।

### पीओके को छुड़ाने के लिए सिर्फ आदेश का इंतजार

**एजेंसी**

**जम्मू।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर भारतीय सेना चिनार कॉर्प्स के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एडीएस औजला ने बड़ा बयान दिया है। औजला का कहना है कि पीओके को छुड़ाने के लिए सेना पूरी तरह से तैयार है और हमें सिर्फ सरकार के आदेशों का इंतजार है। बता दें कि, श्रीनगर में 'शौर्य दिवस' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा था, 'हमने अभी उत्तर की ओर चलना शुरू किया है, हमारी यात्रा पूरी होगी जब हम 22 फरवरी, 1994 को संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव को गिलगित-बाल्टिस्तान पहुंचकर लागू करेंगे।'



**सीमा की रक्षा के लिए सेना पूरी तरह से मुस्तैद**

मौजूदा हालात के बारे में बात करते हुए जनरल औजला ने कहा कि, 'स्थिति अभी पूरी तरह से नियंत्रण में है, लेकिन जब भी मौका मिलता है तो घुसपैठ की कोशिशें होती हैं, लेकिन भारतीय सेना हमारी सीमा की रक्षा के लिए पूरी ताकत से तैयार है। युद्धविराम की घोषणा और अनुच्छेद 370 हटाने के बाद स्थिति पर पूछे गए सवाल के जवाब में जनरल औजला ने कहा कि इस साल बीते 32 सालों में सबसे कम घुसपैठ हुई। उन्होंने कहा कि इस साल अक्टूबर महीने तक केवल 8 आतंकियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की, लेकिन हमारे सतर्क जवानों ने तीन को ढेर कर दिया।

### इजराइल : फिर सत्ता में वापसी को तैयार नेतन्याहू!

यरूशलम। इजराइल में हुए आम चुनावों के बाद अब पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सत्ता में वापसी करने को तैयार हैं। 84 फीसदी से ज्यादा मतों की गिनती की जा चुकी है। एग्जिट पोल में 120 सदस्यीय संसद में नेतन्याहू की समर्थक पार्टियों के 65 सीटों पर जीतने का अनुमान है। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के साथ गठबंधन में शासऔर यूनाइटेड टोराह जुडाइज्म पार्टियां हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि केंद्रीय चुनाव समिति ने अब तक 4,081,243 मतों की गिनती की है, जिसमें से 24,201 मत अमान्य हैं। ताजा मतगणना के आधार पर नेतन्याहू का गुट 65 सीटों पर कब्जा करेगा, हालांकि यह संख्या बदल भी सकती है।

### कांग्रेस डूबता जहाज : शाह



**हमीरपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस एक डूबता जहाज है, जिसका राजनीतिक रूप से कोई भविष्य नहीं है और 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस भारतीय राजनीति से बाहर हो जाएगी। शाह हमीरपुर जिले के नादौन कसवा में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों से भाजपा का मिशन रिपीट-2022 सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वह भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें ही थीं जिन्होंने कोरोना में लाखों लोगों के जीवन की रक्षा की।

### कश्मीरी पंडितों को मारने वाला मुख्तार भट समेत दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में पुलवामा के अवंतीपोरा में सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया है। इनमें लश्कर का कमांडर मुख्तार भट भी शामिल है, जो घाटी में कश्मीरी पंडितों और प्रवासियों पर अटैक कर रहा था। उसके साथ पुलवामा का सकलैन मुश्ताक और पाकिस्तानी आतंकी मुश्फिक भी मारा गया है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए हैं। सूत्रों के मुताबिक ये आतंकी सुरक्षाबलों के शिविर में फिदायीन हमले की फिराक में थे।

**लश्कर के द रजिस्टेंट फ्रंट से जुड़ा था मुख्तार**

जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, मुख्तार अहमद भट लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रजिस्टेंस फ्रंट का कमांडर था। 18 अप्रैल को वह अपनी बुआ के घर जाने के नाम पर घर से निकला था। तब से वह लापता था। बाद में जांच में सामने आया कि वह टीआरएफ संगठन से जुड़ गया था और पुलवामा में सक्रिय था। कमांडर बनने से पहले भट कई साल तक टीआरएफ का ओवरग्राउंड वर्कर रहा। वह युवाओं का ब्रेनवॉश करके उन्हें कट्टर बना रहा था। भट ने देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक कई गतिविधियों को अंजाम दिया था।



### बिहार : मोकामा और गोपालगंज में चुनाव प्रचार समाप्त, आज मतदान

**पटना।** बिहार के गोपालगंज और मोकामा विधानसभा सीटों पर उपचुनाव को लेकर मंगलवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। नीतीश कुमार जो अब महागठबंधन में हैं और दो सप्ताह पहले एक दुर्घटना में लगी चोटों के कारण प्रचार करने इन विधानसभा क्षेत्रों में नहीं जा सके थे, ने सोमवार को एक वीडियो संदेश जारी कर मोकामा के लोगों से राजद उम्मीदवार नीलम देवी को वोट देने का आग्रह किया था। नीलम देवी के पति को विधायक पद से अयोग्य ठहराए जाने के कारण उपचुनाव कराना पड़ा है। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार अभियान की कमान संभाल रखी थी और उन्होंने गोपालगंज के साथ-साथ मोकामा में रैलियों को संबोधित किया। गोपालगंज में भाजपा ने लगातार चार बार जीत दर्ज की है और राजद का इरादा इसबार भाजपा से इस सीट को छीनना है।

### अनोखा निकाह : ढाई फीट के अजीम की हुईं 3 फीट की बुशरा



**शामली।** हापुड़ के मोहल्ला मजीदपुरा निवासी 3 फुट 2 इंच फीट कद की बुशरा और जिला शामली के कैराना क्षेत्र के मोहल्ला जोड़वा कुआं निवासी 2 फुट छह इंच कद के अजीम मंसूरी का निकाह हो गया। दोनों परिवार निकाह में धूमधाम से शामिल हुए। अजीम बुधवार को शामली के कैराना से कार में सवार होकर बरात लेकर निकले तो हर कोई उन्हें देखने के लिए बाहर निकल आया। निकाह कराने के लिए अजीम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व मुलायम सिंह से भी गुहार लगाई थी। कुछ समय पहले उसने शामली महिला थाने में पहुंचकर भी निकाह कराने के लिए गुहार लगाई थी। उसने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से भी मदद मांगी थी। आज हापुड़ पहुंचकर ढाई फुट का दूल्हा अजीम और तीन फीट की बुशरा आखिरकार एक दूजे के हो गए। दोनों की शादी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।




## भारत ने पाकिस्तान के ताबूत में ठोकी आखिरी कील!



**एडिलेड।** टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप में तीसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारत ने टूर्नामेंट के एक मुकाबले में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम से 5 रन से हराया। सुपर-12 के ग्रुप-2 की बात करें तो यह भारत की 4 मैचों में तीसरी जीत है। टीम जीत के साथ टेबल में पहले नंबर पर आ गई है। साउथ अफ्रीका के 3 मैच में 5 अंक है और वह पहले से दूसरे नंबर पर आ गई है। यह बांग्लादेश की 4 मैचों में दूसरी हार है। वह तीसरे नंबर बना हुआ है। भारत को अंतिम मुकाबले में 6 नवंबर को जिम्बाब्वे से भिड़ना है।

**पाकिस्तान के पास अब कम मौके**

पाकिस्तान के 3 मैच में 2 अंक हैं। उसे आज दक्षिण अफ्रीका से और 6 नवंबर को अंतिम मुकाबले में बांग्लादेश से भिड़ना है। उसे सेमीफाइनल की रेस में बने रहने के लिए दोनों मैच जीतने हैं। अफ्रीका को अंतिम मुकाबला 6 नवंबर को नीदरलैंड्स से भिड़ना है। यदि टीम पाक से हार जाती तो भी उसके पास 7 अंक तक पहुंचने का मौका है। नीदरलैंड्स का प्रदर्शन खराब है। ऐसे में पाक की टीम दोनों मैच जीतकर भी बाहर हो जाएगी। पिछले वर्ल्ड कप में टीम इंडिया सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी थी।

### विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप में सबसे सफल बल्लेबाज बने



**जयवर्धने के रिकॉर्ड को तोड़ा**

इस मैच में विराट कोहली ने अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज कर लिया। वह टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली ने एडिलेड में बांग्लादेश के खिलाफ 16 रन बनाते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। विराट ने श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में 31 मैचों में 39.07 की औसत और 134.74 के स्ट्राइक रेट से 1016 रन बनाए थे। विराट कोहली ने यह संगमील 23 पारियों में 88.75 की औसत से 1065 रन बनाये हैं।

### नंबर वन टी20 बल्लेबाज बने सूर्यकुमार यादव, पाक के रिजवान को छोड़ा पीछे

भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आइसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान को पीछे छोड़ दिया। ताजा आइसीसी रैंकिंग में सूर्यकुमार के 863 रेटिंग पॉइंट हैं। वहीं, रिजवान के 842 रेटिंग पॉइंट हैं। सूर्यकुमार ने रिजवान पर 21 रेटिंग पॉइंट की बढ़त बनाकर रखी है। सूर्यकुमार टी20 रैंकिंग में नंबर वन वाले ओवरऑल 23वें बल्लेबाज हैं। वहीं, वह यह मुकाम हासिल करने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। इससे पहले विराट कोहली सितंबर 2014 से लेकर दिसंबर 2017 के बीच 1013 दिनों तक नंबर वन टी20 बैटर रह चुके हैं। सूर्यकुमार ने साल 2022 में अब तक 27 मैचों में 41.95 की औसत और 183.80 के स्ट्राइक रेट से 965 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार ने इस साल एक शतक भी लगाया है।




**वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची**

VERMA PRESS

**Verma's® Today®**

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran II | ₹ 100 |
| English Grammar– II | ₹ 100 | English Grammar– II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !